✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 49 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 15 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पौधारोपण कर किया वन महोत्सव का शुभारंभ

संक्षिप्त समाचार

ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत

कोंच(गया)। कोंच थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत अंतर्गत अमवां में बड़ा हादसा हुआ जब खेती देखकर लौट रहे दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है। दोनों युवकों की पहचान अमवां निवासी कुंदन कुमार और गोरा यादव के रूप में हुई है। गोरा की शादी बीते वर्ष ही हुई थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के साथ ही संवेदना व्यक्त की है।

स्पर्शाघात से किसान की मौत

जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)। ओकरी थाना क्षेत्र के बनछीली गांव में बिजली का करंट लगने से किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनु प्रसाद के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुरेश प्रसाद ने बताया कि मनु प्रसाद सुबह नदी किनारे शौच के लिए गए थे। वहां ट्रांसफर्मर से बिजली का तार नीचे लटक रहा था। अचानक वह तार के संपर्क में आ गए और करंट लगने से मौके पर ही गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक मनु प्रसाद की मौत हो चुकी थी।

किसान ने जहर खाकर दी जान

बक्सर(नबिटा ब्यूरो)। राजपुर थाना क्षेत्र के तियारा गांव में खेत और पैसों के विवाद में एक किसान ने अपनी जान गंवा दी। गांव के मुन्ना चौहान ने रविवार देर रात जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राजपुर थाना प्रभारी ज्ञान प्रकाश ने बताया कि अब तक परिजनों की तरफ से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

पारा मेडिकल के छात्र ने दी जान

सुपौल(नबिटा ब्यूरो)। सोमवार को एक पारा मेडिकल के छात्रा ने फंदे से लटक कर जान दे दी। हालांकि अब तक आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची सदर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान सुपौल नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 निवासी दिलीप कुमार सिंह का 21 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार उर्फ किशन के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट का छात्र था। वह इस बार पारा मेडिकल के फाइनल इयर की परीक्षा देने वाला था।

मुठभेड़ में घायल

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पालीगंज अनुमंडल के रानीतालाब थाना इलाके में अपराधियों और पटना पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें पुलिस की गोली से एक अपराधी घायल हो गया है। उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर किया राज्यस्तरीय वन महोत्सव-2025 का शुभारंभ

2028 तक हरित आवरण को बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 1 अणे मार्ग परिसर में आम का पौधारोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय 'वन महोत्सव-2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर इस अभियान में अपना अहम योगदान दें। ज्ञातव्य है कि वर्ष 1950 से हर वर्ष देश में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधोरोपण करना और लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पांच करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस वृक्षारोपण अभियान की पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस अभियान के दौरान आज से अगले तीन माह तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके अन्तर्गत वन विभाग के साथ ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, उद्यान विभाग, विभिन्न संस्थाओं, विभागों, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न सामाजिक क्लबों के द्वारा पौधारोपण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री की अग्रसोच तथा हरित आवरण में वृद्धि के उद्देश्य से वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरूआत कर बड़े पैमाने पर राज्य भर में मिशन मोड में वृक्षारोपण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य का हरित आवरण 15.05 प्रतिशत हो गया। हरित आवरण को वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री के पहल पर वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत पौधारोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक कर उन्हें पौधारोपण में शामिल करने तथा कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों की आमदनी में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जीविका दीदियों एवं जंगल से सटे गांवों में लोगों को फलदार पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पीएम मोदी मोतिहारी से करेंगे सौगातों की बरसात

रेल, रोड, आईटी क्षेत्र में 7196 करोड़ का देंगे तोहफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आगामी 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार दौरे पर आ रहे हैं। मोतिहारी में पीएम नरेन्द्र मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे बिहार को 7196 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की 1173 करोड़ की परियोजनाएं हैं। इसके अलावे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 63 करोड़ की परियोजनाएं हैं। सबसे अधिक रेलवे की 5398 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होना है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 40 हजार लाभार्थियों को 162 करोड़ नकदी खाते में हस्तांतरित होगी। 12 हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा जबकि 61 हजार 500 स्वयं सहायता समूह को 400 करोड़ जारी किया जाएगा। बिहार में इसी साल नवम्बर तक चुनाव होनेवाले हैं। इसे देखतेहुए विभिन्न दलों के बड़े नेताओं का बिहार दोरा तेज हो चुका है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी बार-बार बिहार आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी पीएम बनने के बाद 53 वीं बार बिहार आ रहे हैं। पीएम जब भी बिहार आते हैं, राज्य को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देते हैं। इस बार मोतिहारी में भी वे 7196 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने वाले हैं। पीएम मोदी के बिहार दौरे से एनडीए में काफी उत्साह का माहौल है। खासकर बीजेपी पूरी ताकत से इसकी तैयारी में जुट गई है ताकि इसमें अधिक सेअ धिक लोगों को जुटाया जा सके। जदयू के नेता और कार्यकर्ता भी पसीना बहा रहे हैं। महज 28 दिनों में पीएम फिर से बिहार आ रहे हैं।

विधायकों की खरीद-फरोख्त केस में राजद की बीमा भारती समेत चार को नोटिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बीते साल फरवरी 2024 में नीतीश सरकार के अविश्वास प्रस्ताव के दौरान विधायकों की खरीद फरोख्त की साजिश मामले में आर्थिक अपराध इकाई की जांच जारी है। इकाई ने इस मामले में पूर्व विधायक और राजद नेत्री बीमा भारती समेत चार लोगों को नोटिस देते हुए पूछताछ के लिए 21 जुलाई को कार्यालय बुलाया है। इसमें संजय पटेल, प्रमोद कुमार और सनी कुमार भी शामिल हैं। इन लोगों को अविश्वास प्रस्ताव के दौरान विधानसभा पहुंचने से रोकनेकी कोशिश हुई थी। इस मामले में ईओयू ने सोनपुर के राजद नेता ई सुनील से पूछताछ की है। उनको भी दोबारा पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी है। इस मामले में जदयू विधायक सुधांशु कुमार की शिकायत पर 11 फरवरी 2024 को कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। संवेदनशीलता को देखते हुए बाद में मामले को ईओयू को ट्रांसफर कर दिया गया था। दर्ज एफआईआर में जदयू विधायक ने आरोप लगाया था कि कई एनडीए विधायकों को महागठबंधन के पक्ष में वोट दिलाने के लिए मंत्री पद और 10-10 करोड़ रुपये का प्रलोभन दिया गया था। इस एफआईआर में जदयू विधायक ने इंजीनियर सुनील पर अपने सहयोगियों के माध्यम से विधायक बीमा भारती और दिलीप राय को डरा-धमकाकर अपहरण करने की शिकायत भी दर्ज कराई थी ताकि दोनों महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें। इस मामले में बड़े पैमाने पर पैसे का लेन-देन होने का साक्ष्य मिलने पर राज्य सरकार ने ईडी से भी जांच की अनुशंसा की थी।

आहर में नहाने गए कई बच्चे डूबे, दो का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। शहर के दक्षिण बाइपास पर स्थित बिपार्ड के पीछे आहर में नहाने गये तीन बच्चे डूब गए है। वहीं दो बच्चों की अब तक लाश मिल चुकी है। अन्य बच्चों की तलाश की जा रही है। इस घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार डूब हुए दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अब तक लापता है। डूबे दोनों बच्चे सगे भाई बताए जा रहे हैं। इनकी उम्र करीब 15 साल के करीब थी। मृतकों की पहचान काजीचक गांव के इरशाद और बिरशाद के रूप में हुई है। वहीं, फैयाज नाम का लड़का लापता है। उसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम मौके पर जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चार बच्चे नहाने गए थे। चारों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनमें से एक बच्चा किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल आया। उसने गांव में शोर मचाया। इसके बाद गांव के लालू कुमार ने आहर में गोता लगाकर दो बच्चों के शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही मेडिकल थाना पुलिस, चंदौती बीडीओ राकेश कुमार और सीओ और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। चंदौती बीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम लापता बच्चे की तलाश में जुटी हुई है। जिन बच्चों के शव बरामद हुए हैं उन्हें पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो किशोरियां नदी में डूबी, तलाश जारी

डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)। रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी बराज पर रविवार की देर शाम घूमने के उद्देश्य से गई तिलौथू की दो किशोरियों के पानी में डूब जाने की सूचना मिली है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि अमझोर थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी चंद्रदीप यादव के पुत्र मुन्ना यादव की दो लड़कियां श्वेता कुमारी (13 वर्ष) एवं सुरुचि कुमारी (9 वर्ष) अपनी एक सहेली के साथ सोन नदी के बराज पर घूमने के उद्देश्य से गई थी। वहां किनारे पर पैर फिसल जाने के कारण सुरुचि नदी में डूबने लगी जिसे बचाने के चक्कर में उसकी बहन श्वेता भी नदी में कूद गई। घटना के संदर्भ में स्थानीय प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है तथा कहा कि नाव एवं तैराकों के माध्यम से किशोरियों की खोजबीन की जा रही है।

गोलीबारी में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)। लोहियानगर थाना क्षेत्र के बाघा गुमटी के पास सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस क्रम में बेखौफ बदमाशों ने दो लोगों को गोली मार दी। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि स्टैंड के विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह अपराधियों ने बस स्टैंड के विवाद में दो युवकों को गोलियों से भून दिया गया है। इस घटना में स्टैंड के समीप बैठा 25 साल के अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश का औरंगाबाद में कार्यक्रम इसी सप्ताह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- 500 करोड़ से अधिक की योजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास
- नवीनगर एनटीपीसी परिसर में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय भवन का होगा उद्घाटन
- विशुनपुर कैनाल परियोजना का भी होगा शिलान्यास

औरंगाबाद। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की औरंगाबाद यात्रा इसी सप्ताह में प्रस्तावित है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 19 जुलाई को औरंगाबाद आ सकते हैं। इस दौरे में वे जिले को विकास की कई बड़ी सौगातें देंगे। मुख्यमंत्री अपने इस दौरे के दौरान नवीनगर एनटीपीसी परिसर में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे। लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय की अपनी भवन की मांग पूरी होने जा रही है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विशुनपुर कैनाल परियोजना का भी शिलान्यास करेंगे। यह परियोजना सोन और उत्तर कोयल नहर प्रणालियों से अब तक असिंचित रह गए इलाकों में सिंचाई सुविधा पहुँचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। परियोजना की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इसका कार्य शीघ्र ही आरंभ होने वाला है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तेजी से की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरेन्द्र कुमार सिंह कहा कि मुख्यमंत्री बारून में प्रस्तावित सौर ऊर्जा संयंत्र (सोलर प्लांट) का भी शिलान्यास कर सकते हैं। इससे क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री अमृत योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला मुख्यालय को पेयजल आपूर्ति की योजना का भी बारून में निरीक्षण कर सकते हैं। इस योजना के तहत सोन नदी से नलकूपों के माध्यम से पानी निकाला जाएगा और उसे पाइपलाइन के जरिये औरंगाबाद नगर तक पहुँचाया जाएगा। कुछ माह पहले ही मुख्यमंत्री ने इस योजना का शिलान्यास किया था, जिसका कार्य प्रगति पर है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा औरंगाबाद जिले के लिए विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक साबित हो सकती है। केंद्रीय विद्यालय भवन का उद्घाटन, विशुनपुर कैनाल परियोजना का शिलान्यास, सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला तथा पेयजल योजना का निरीक्षण जिले की विकास गाथा में नई इबारत लिखेंगे। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारियाँ तेज कर दी हैं।

नीतीश ने किया आर. झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कंकड़बाग में आर. झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। जन-निजी भागीदारी के तहत बनने वाले इस अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री के समक्ष 48 साल पुरानी आर. झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल की यात्रा पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी। आर. झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पटना के कंकड़बाग में बनाए जानेवाले अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल भवन के प्रारूप, मरीजों एवं चिकित्सकों के लिए अस्पताल भवन में उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाएं, अस्पताल में मरीजों की जांच हेतु अधिष्ठापित की जानेवाली नई तकनीक पर आधारित मशीनें, अपरेशन थिएटर आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि यह नेत्र अस्पताल दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमलोग प्रारम्भ से ही काम कर रहे हैं ताकि ईलाज कराने के लिए मजबूरी में किसी को बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। इस नेत्र अस्पताल के बन जाने से लोगों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

फंदे से लटका मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतास जिले के काराकाट थाना अंतर्गत किरहीं गांव में रविवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई जब एक 14 वर्षीय किशोर का शव उसके पुराने घर में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान अरुण यादव के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में की गई है। प्रारंभिक रूप से मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार के सदस्यों का कहना है कि इस घटना के पीछे वर्षों पुराना जमीन विवाद जिम्मेदार है। मृतक के परिजन लोकनाथ सिंह ने बताया कि अरुण यादव और उनके पड़ोसी के बीच एक गली के रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस विवाद में पहले भी दो बार प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है और मामला काराकाट अंचलाधिकारी के पास लंबित है। परिजनों का आरोप है कि दो दिन पूर्व ही पड़ोसी ने हिमांशु को रास्ते से गुजरने पर जान से मारने की धमकी दी थी। लोकनाथ सिंह ने बताया कि रविवार की शाम हिमांशु अपने पुराने घर गया था जहां उस समय कोई अन्य परिवारजन मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने हिमांशु की हत्या कर उसके शव को फंदे से लटका दरवाजे को बंद कर दिया ताकि मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह पूरी घटना साजिश के तहत अंजाम दी गई है ताकि जमीन विवाद में दबाव बनाया जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए रोहतास एसपी रोशन कुमार खुद मौके पर पहुंचे। उनके साथ बिक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय और काराकाट थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार भी मौजूद थे। अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर परिजनों से बात की और पूरे मामले की बारीकी से जांच का भरोसा दिलाया। एसपी रोशन कुमार ने बताया कि घटना संवेदनशील है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, स्थानीय लोगों के बयान और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एसपी रोशन कुमार का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच की जा रही है।

सियोल में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने अनुसूचित जातियों के राजनीतिक सशक्तिकरण पर पढ़ा शोध

चुनावी भागीदारी में दलित समुदाय की उल्लेखनीय वृद्धि : शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया/पटना। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर एस.पी. शाही ने दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित 28वीं वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ द इंटरनेशनल पोलिटिकल साइंस एसोसिएशन में बिहार की सामाजिक-राजनीतिक तस्वीर का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने 'बिहार में अनुसूचित जातियों का राजनीतिक सशक्तिकरण' विषय पर अपना शोध पत्र पढ़ते हुए कहा कि यह उभार भारतीय लोकतंत्र की सबसे परिवर्तनकारी, किंतु विरोधाभासी यात्राओं में से एक है। प्रो. शाही ने कहा कि अनुसूचित जातियां अब केवल सत्ता परिवर्तन की दर्शक नहीं रहीं, बल्कि वे इसके दावेदार और वाहक बन चुकी हैं। गया और पश्चिम चंपारण जैसे जिलों में किए गए उनके अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि दलित समुदाय की चुनावी भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि संविधानिक संरक्षण, शिक्षा और राजनीतिक जागरूकता ने इन वर्गों के बीच मतदान व्यवहार और प्रतीकात्मक सहभागिता को बढ़ाया है। लेकिन राजनीतिक सशक्तिकरण की यह प्रक्रिया अब भी बाधाओं से घिरी हुई है। सामाजिक मानदंड, आर्थिक निर्भरता और जातिगत जड़ों की मजबूती दलित समाज की राजनीति में पूरी भागीदारी में अवरोध बनी हुई है। प्रो. शाही ने अपने शोध में



पश्चिम चंपारण और गया के अनुभवों की तुलना करते हुए बताया कि पश्चिम चंपारण में दलितों का जमीनी राजनीतिक उभार अधिक ठोस और परिवर्तनकारी है। वहीं गया में यह प्रक्रिया अपेक्षाकृत संरक्षकात्मक और रूढ़िवादी राजनीति के दायरे में सीमित है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दलित समुदाय की चुनावी दृश्यता तो बढ़ी है लेकिन शिक्षा, नौकरशाही और रोजमर्रा के जीवन में भेदभाव की दीवारें अब भी बरकरार हैं। अनुसूचित जातियों के भीतर उपजातीय भेदभाव और वर्गगत असमानताएं भी नए तरह की चुनौतियां पेश कर रही हैं। प्रो. शाही ने दलित युवाओं और महिलाओं में उभरती राजनीतिक चेतना और डिजिटल मंचों के उपयोग को लोकतंत्र के लिए एक नई आशा बताया। उन्होंने कहा कि यह नई पीढ़ी केवल चुनावी हिस्सेदारी तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि गरिमा, प्रतिनिधित्व और नीतिगत बदलाव की भी मांग कर रही है। अपने निष्कर्ष में प्रो. शाही ने कहा कि बिहार में अनुसूचित जातियों का राजनीतिक सशक्तिकरण अभी अधूरा जरूर है, लेकिन अब यह प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो चुकी है। यह एक ऐसी यात्रा है जो पीड़ा की ऐतिहासिक जड़ों से निकलकर न्याय और समानता के संवैधानिक तथा नैतिक दृष्टिकोण से सशक्त हो रही है। सियोल में प्रस्तुत यह शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बिहार की सामाजिक-राजनीतिक जटिलताओं और संभावनाओं की गूंज बन गया।

बढ़े बजट ने बदली बिहार में शिक्षा की तस्वीर

▶ जहां कभी था ब्लैक बोर्ड, अब हैं स्मार्ट क्लास ▶ 2005 के बाद ही बच्चियों की शिक्षा पर दिया गया ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में शिक्षा की मौजूदा तस्वीर को समझना हो तो इसकी तुलना 2005 के पहले की स्थिति से करना जरूरी है। वह दौर था जब राज्य की बेटियों के लिए शिक्षा की पहुंच सीमित थी और स्कूलों की हालत खस्ताहाल। महिला साक्षरता दर मात्र 33.57 प्रतिशत थी, लेकिन 2005 के बाद जब राज्य की कमान नीतीश कुमार के हाथों में आई, तब सबसे पहले ध्यान गया शिक्षा की ओर उसमें भी खासकर लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी गई। नीतीश सरकार ने यह शुरू से ही माना कि जब तक बेटियां स्कूल नहीं जाएंगी तब तक समाज में बड़े स्तर पर बदलाव संभव नहीं है। इसी सोच के तहत मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, ड्रेस योजना, छात्रवृत्ति और दोपहर का भोजन योजना जैसी योजनाएं लागू की गईं। इसका असर यह हुआ कि राज्य की महिला साक्षरता दर 73.91 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद स्कूलों की संख्या में भी काफी वृद्धि की गई। 2005 के पहले बिहार में सिर्फ 53,993 स्कूल थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 75,812 हो गई है। शिक्षकों की संख्या में भी बड़ा विस्तार हुआ। पहले 2.25 लाख शिक्षक थे, अब यह संख्या 5.97 लाख हो चुकी है। इससे न बच्चों में शैक्षणिक गुणवत्ता का सुधार तो हुआ ही शिक्षा की पहुंच भी व्यापक हुई। विद्यालय भवनों की स्थिति भी सरकार की प्राथमिकताओं में रही। 2005 से पहले राज्य के कई स्कूल जर्जर और असुरक्षित भवनों में चल रहे थे, लेकिन अब 75 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में बेहतर भवन, स्वच्छ शौचालय, जल और बैठने की अच्छी व्यवस्था है।

इतना ही नहीं तकनीकी शिक्षा की अगर बात करें तो 2005 के बाद से ही राज्य में डिजिटल कक्षाओं, स्मार्ट क्लास और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की शुरुआत हुई। इससे पहले पढ़ाई केवल ब्लैकबोर्ड और किताबों तक सीमित थी। अब बच्चों को वीडियो लेक्चर का भी लाभ मिल रहा है। 2005 से पहले बिहार में केवल 2 इंजीनियरिंग कॉलेज, 13 पॉलिटेक्निक और 23 आईटीआई थे। लेकिन अब राज्य में 38 इंजीनियरिंग कॉलेज, 46 पॉलिटेक्निक और 152 आईटीआई संस्थान संचालित हो रहे हैं। इससे राज्य के युवाओं को तकनीकी कौशल प्राप्त करने का अवसर मिला और रोजगार के नए द्वार खुले। उच्च शिक्षा को भी नीतीश सरकार ने नई पहचान दी है। पहले केवल 10 राज्य विश्वविद्यालय थे, वहीं अब इनकी संख्या 21 हो चुकी है। इसके अलावा आईआईटी पटना, आईआईएम बोधगया, नीफ्ट और आईआईआईटी भागलपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना से इसमें पढ़कर निकलने वाले छात्र आज देश-विदेश में बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। इन तमाम प्रयासों की बुनियाद है सरकार की मजबूत वित्तीय प्रतिबद्धता। 2005 से पहले बिहार का शिक्षा बजट मात्र 4,366 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 77,690 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बिहार सरकार ने समय-समय पर ऐसी योजनाएं लागू कीं जिन्होंने बच्चों को स्कूल से जोड़े रखा। छात्रवृत्ति योजनाएं, मिड डे मील, और बालिकाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रमों ने शिक्षा के दरवाजे सबसे पिछड़े वर्गों के लिए भी खोल दिए।

अपराधियों को संरक्षण दे रहा राजद : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की भाषा और आचरण पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिता लालू प्रसाद यादव की तरह ही बिहार को कलंकित किया है। विजय सिन्हा ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं, लेकिन सरकार पूरी सतर्कता और गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग नैतिकता का मुखौटा पहनकर बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। उन्होंने राजद पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अपराध नियंत्रण के लिए बुलडोजर और एनकाउंटर जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को जंगल राज और भ्रष्टाचार के युवराज करार देते हुए विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाया। दरअसल रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने सूत्रों के हवाले से खबर लिखने वाले पत्रकारों को निशाने पर लेते हुए कहा था कि यह सूत्र नहीं मूत्र है। ऐसे में तेजस्वी यादव की भाषा की कड़ी निंदा करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि राजद नेताओं ने अपने संस्कार छोड़ दिए हैं और उनकी भाषा में गुंडई तथा अराजकता की झलक साफ दिखाई देती है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर भी हमला करते हुए कहा कि पिता की तरह ही पुत्र ने भी बिहार को कलंकित किया है। विजय सिन्हा ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता ऐसे लोगों को उचित जवाब देगी। बिहार में बढ़ते अपराधों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में जिन्होंने अपराधियों का मनोबल बढ़ाया, वर्तमान सरकार उनके परिणामों को भुगत रही है। विजय सिन्हा ने स्पष्ट किया कि अपराधियों को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जा रहा है और अगर जरूरत पड़ी तो बुलडोजर और एनकाउंटर जैसी कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस की बैठक बुलाए जाने पर भी विजय सिन्हा ने टिप्पणी की। उन्होंने विपक्ष को परिवारवाद में जकड़ा हुआ बताते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि राहुल गांधी जैसे व्यक्ति भारत के नेता प्रतिपक्ष हैं।

रविशंकर प्रसाद ने की एडीजी कुंदन कृष्णन और पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा से बातचीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी पटना में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर कुंदन कृष्णन और एसएसपी पटना कार्तिकेय शर्मा से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पटना में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की।

प्रसाद ने अधिकारियों से आग्रह किया कि अपराध के रोकथाम के लिए कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। ताकि पटना में भय का माहौल न रहे। उन्होंने कहा कि संगीन मामलों में त्वरित कार्रवाई कर कांड का पर्दाफाश किया जाए और दोषियों को सजा दिलाई जाए। इसके अलावा प्रसाद ने पटना में पुलिस गश्त बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार ने अपराध नियंत्रण में प्रभावी काम किया है और इस छवि को बनाए रखना आवश्यक है। प्रसाद ने पुलिस पदाधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि अगर कुछ तत्व षड्यंत्र के तहत अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अगर निचले स्तर पर किसी पुलिस पदाधिकारी से कोई चूक हुई है तो उसकी समीक्षा कर कार्रवाई की जाए।

बिहार में स्टार्ट-अप को अनोखा मंच देगा बिहार आइडिया फेस्टिवल

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया इससे जुड़े पोर्टल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' के नए पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस ऑनलाइन मंच पर सूबे के छात्र, युवा, उद्यमी और स्टार्ट-अप टीमें अपने नवाचारी विचार अपलोड कर सकेंगे और सरकार की मदद सीधे पा सकेंगे। सूचना भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि हर बिहारी में एक आइडिया छिपा है, जरूरत है बस इसे पहचान और दिशा देने की। इसी दिशा में यह पोर्टल मील का पत्थर साबित होगा। सरकार का लक्ष्य कम से कम 10 हजार

आइडिया इस पोर्टल पर जमा हो। विशेषज्ञ टीम इन प्रस्तावों की जांच करेगी और चुने हुए विचारों को बाजार और निवेशक से जोड़ेगी। पोर्टल मोबाइल फ्रेंडली भी है। इसलिए गांव-कस्बों के युवा भी आसानी से पंजीकरण कर सकेंगे। मंत्री के मुताबिक इस महोत्सव की शुरुआत 24 जुलाई से जिलास्तरीय कार्यशाला के साथ होगी और अगस्त के अंतिम सप्ताह में पटना में दो-दिवसीय मेगा इवेंट के साथ समापन होगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि भारत में लगभग 1.5 लाख स्टार्ट-अप पंजीकृत हैं और बिहार तीसरे पायदान पर है। पिछले एक वर्ष में बिहार के एक हजार नए स्टार्ट-अप्स का चयन किया है। 10 अगस्त तक आइडिया आमंत्रित किए जाएंगे और अगस्त के अंत में विजेताओं की घोषणा होगी। चयनित स्टार्ट-अप को 'स्टार्ट-अप बिहार नीति' के तहत 10 लाख रुपये तक की फंडिंग दी जाएगी। ट्रॉफी सलाहकार सेवाएं और राज्य-स्तरीय पहचान दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 'स्टार्ट-अप दीदी' बनकर जीविका की तरह हजारों महिलाएं भी उद्यमिता के पथ पर आगे बढ़ेंगी। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल शहरी केंद्रित स्टार्ट-अप संस्कृति को तोड़ते हुए ग्रामीण समुदायों, कारीगरों, किसानों और वंचित वर्गों तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में निदेशक (उद्योग) मुकुल गुप्ता, निदेशक (हथकरघा एवं रेशम) निखिल धनराज निप्पणिकर, राज्य-भर के इनक्यूबेशन केंद्रों के प्रतिनिधि और स्टार्ट-अप बनाने वाले उपस्थित रहे।

एआई-171 दुर्घटना महज हादसा नहीं, ब्रह्मांड की चेतावनी : संदीप चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। गिफ्ट सिटी में आयोजित 'ग्लोबल विजन अनवीलिंग' कार्यक्रम में सेव अर्थ मिशन के भारत चैप्टर के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की हालिया दुर्घटना को लेकर चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि यह हादसा मात्र तकनीकी विफलता नहीं बल्कि ब्रह्मांड की ओर से एक संदेश था। कार्यक्रम के मंच से लाइव विश्लेषण करते हुए चौधरी ने संख्या विज्ञान, ब्रह्मांडीय ऊर्जा और संकेतों के माध्यम से यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि यह घटना 'कोडेड ब्रह्मांडीय संवाद' थी। उन्होंने तीन चमत्कारी संकेतों का उल्लेख किया–एक यात्री की बचाव, भगवद गीता की सुरक्षित स्थिति और एक व्यक्ति का उस फ्लाइट से छूट जाना। संदीप चौधरी ने संख्यात्मक क्रम '3-6-9' को ब्रह्मांड की भाषा बताया। उन्होंने कहा कि गंतव्य लंदन (6 अक्षर), प्रस्थान स्थल अहमदाबाद (9 अक्षर) और तीन अद्भुत संयोग–ये सभी मिलकर एक दिव्य संवाद की ओर संकेत करते हैं। उनका यह विश्लेषण सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है और लाखों लोग इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि यह घटना मानवता को आत्मचिंतन, चेतना और प्रकृति के साथ समरसता की ओर बुलाने वाला संदेश है।

रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को मंजूरी का मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया स्वागत

नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से देश में बढ़ेगा रोजगार सृजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने भारत सरकार की रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैं बिहार की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। बिहार ऐसा एकमात्र राज्य है जहां के लोग देश के हर कोने में श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं। उनकी यह योजना उन श्रमिकों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक योजना न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, बल्कि सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। बिहार सहित देश भर के करोड़ों युवाओं को इससे लाभ मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडावीया ने बिहार सरकार के सहयोग और श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की और मंत्री संतोष कुमार सिंह का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें केंद्र से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इससे पहले मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आज इस कार्यक्रम में देशभर के उद्योगपति उपस्थित हैं, यह बिहार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। हमारे राज्य में फूड प्रोसेसिंग और कृषि क्षेत्र में कई कारखाने गांव-गांव में स्थापित किए जा सकते हैं।

धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष डॉ रणबीर नंदन ने सावन की प्रथम सोमवारी पर किया रूद्राभिषेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भगवान भोलेनाथ को प्रिय मास सावन की पहली सोमवारी पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो.रणबीर नंदन, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रुद्राभिषेक कर भगवान शंकर की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर डॉ नंदन गर्दनीबाग ठाकुड़बाडी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को गंगा जल, दूध, बेल पत्र, फल फल के साथ अन्य पूजन सामग्री से भगवान का अभिषेक किया। इस मौके पर डॉ नंदन ने कहा कि सावन महीने में भगवान भोले शंकर की पूजा से मनोकामना पूर्ण होती है और इसका सुखद फल मिलता है। इस मौके पर उन्होंने बिहार वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

राहुल गांधी ने अपराध पर बिहार की एनडीए सरकार को घेरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना/दिल्ली। बिहार में गिरते कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध पर कांग्रेस लगातार सूबे की एनडीए सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में आज कानून व्यवस्था पर फिर से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीतीश भाजपा की सरकार को घेरते हुए ट्वीट कर सवाल किया है कि आखिर कब तक बिहार के युवाओं को बेरोजगारी के दंश में डालकर अपराधी बनाती रहेगी बिहार की जदयू भाजपा सरकार और कब तक हत्याओं का दौर जारी रहेगा। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार को क्राइम कैपिटल बताते हुए एनडीए सरकार पर बेरोजगार युवाओं को हत्यारे में बदलने का आरोप अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लगाया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री कुर्सी बचाने और भाजपा के मंत्री कमीशन खाने में व्यस्त हैं। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है। बिहार में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ अब सरकार के बिहार और केंद्र की सरकार में एनडीए के घटक दल भी राज्य की सरकार को अपराध पर घेरने लगे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा है कि बिहार भारत का क्राइम कैपिटल बन गया है, हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! एनडीए सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि राज्य में गुंडाराज (एनडीए सरकार) बेरोजगार युवाओं को हत्यारों में बदल रहा है। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा मैं फिर दोहरा रहा हूं कि इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि बिहार को बचाने के लिए है। यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने बिहार को भारत का क्राइम कैपिटल कहा हो।

जीवेश मिश्रा किसी भी दवाई बनाने वाली कंपनी के मालिक नहीं : भाजपा विधि प्रकोष्ठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश मिश्रा पर लगे आरोप को भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने निराधार बताते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रीया श्रीनेत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने कोर्ट का अपमान करने का काम किया है। इसके साथ भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने सुप्रिया श्रीनेत, सांसद पप्पू यादव, रोहिणी आचार्य, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य लोगों को नोटिस जारी किया है।

विधि प्रकोष्ठ के नरेश दीक्षित ने साफ तौर पर कहा कि जीवेश मिश्रा किसी भी दवाई बनाने वाली कंपनी के न तो मालिक हैं, न ही किसी दवा कंपनी से जुड़े हैं। ऐसे में उनका नकली दवाई बनानेवाली कंपनी से जुड़े होने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जीवेश मिश्रा भाजपा से जुड़े हैं, इसलिए कोर्ट ने उन्हें तीन साल की सजा नहीं सुनाई। यह पूरी तरह के कोर्ट के अपमान का मामला है। कांग्रेस ने जीवेश मिश्रा की छवि को धूमिल करने की कोशिश की है। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल ने कहा कि कांग्रेस ने जीवेश मिश्रा पर झूठा आरोप लगाया है। कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने बेबुनियाद बात की है जिसमें रोहिणी आचार्य, पप्पू यादव, ऋषि मिश्रा, कांग्रेस पार्टी सहित 5 लोगों को नोटिस भेजा गया और 15 दिन में जवाब मांगा है, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाबा गरीबनाथ की भूमि पर सामयिक परिवेश के कलाकारों ने कांवरियों को झुमाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुजफ्फरपुर शहर के राम दयालु सिंह महाविद्यालय में पर्यटन विभाग की ओर से टेंट सिटी लगाया गया है। बाबा गरीबनाथ की पावन धरती पर श्रावणी मेला 2025 में कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में सामयिक परिवेश की विशेष प्रस्तुति ने समां बांध दिया। शिव भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रद्धालु कांवरिया झूमने लगे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना 'आहो गणनायक देवता, सुमिरन में होई न सहाय...' से हुई। तत्पश्चात शिव भजनों की प्रस्तुति शुरू हुई भोलेनाथ और माता पार्वती पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने दी। भक्ति जगाके मन में पेंह ल केसरिया चल हो सखियां, बाबा गरीबनाथ के नगरिया चल हो सखियां...। भोले नाथ के नचारी गीत 'का ले के शिव के मनाइब हो, शिव मानत नाही...' को भक्तों ने बेहद पसंद किया। नीतू नवगीत ने माता पार्वती पर आधारित भी गीत भी गाये। छोटी सी मेरी पार्वती शंकर जी की पूजा करती थीं...। गौरा करीके सिंगार अंगना में पीसेली हरदिया...। बाबा बैजनाथ हम आयल छी भिखरिया, भोला के देखेल बेकल भईले जियारा..., डिम डिम डमरू बजाबे ला हमार जोगिया..., खोली नाहीं मातल हो नयनवां शिव शंकर दानी..., कोहबर गीत एवं अन्य गीतों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया। सामयिक परिवेश की ओर से सविता राज ने भी भजनों और गजलों की अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने दर्शकों की फरमाइश पर संस्था की अध्यक्षा एवं वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा के गजलों का भी पाठ किया। वादक कलाकारों ने भी बखूबी संगत दिया। ढोलक पर धनंजय कुमार, पैड पर प्रिंस कुमार और कीबोर्ड पर मनीष कुमार ने गायिका नीतू नवगीत एवं सविता राज का साथ दिया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स कॉन्स ऑफ पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लि. एण्ड सम्मान फाउंडेशन अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति पिन्टू कुमार निराला जो बेगूसराय में एम्बुलेंस ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी संगीता कुमारी, पुत्री- स्नेहा कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पिन्टू कुमार निराला की मृत्यु 27-01-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 307 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (9210/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 271695 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

आवारा श्वानों और पशुओं की देखभाल करें, समाज का सहयोग जरुरी : डॉ विकास

खुद की सुरक्षा के लिए एंटी रेबिज का टीका लेकर ही काम करें पशु प्रेमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी पटना में आवारा श्वानों एवं लावारिस पशुओं के संरक्षण के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ताओं जिन्हें हम सोसाइटी वॉरियर की संज्ञा देते हैं। वो प्रतिदिन अनेक समस्याओं का सामना करते हैं। सामाजिक स्तर पर उन्हें अनेकों वैचारिक मतभेदों व चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके ये सभी कार्यकर्ता विभिन्न इलाकों में आवारा श्वानों व लावारिस पशुओं को संरक्षित करते हैं। ऐसे वॉरियर समाज में पशु प्रेम की अनोखी मिसाल पेश कर रहे हैं। मगर उसी क्रम में उनकी सुरक्षा व जागरुकता बेहद जरुरी है। ऐसे में प्रदेश के चर्चित पशु चिकित्सक डॉ विकास शर्मा के पटना स्थित एनिमो पेट केयर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में दर्जनों अनसंग वॉरियर शरीक हुए और अपनी समस्याओं को साझा किया। पशु चिकित्सक व एनिमो पेट केयर के निदेशक डॉ विकास शर्मा ने बताया कि आवारा श्वानों के काटने से रेबिज जैसी जानलेवा गंभीर बीमारी होती है जिससे बचाव के लिए जागरुकता जरुरी है। समाज के लोगों को जागरुक होना पड़ेगा और उन्हें एंटी रेबिज की मुहिम में समर्थन देना चाहिए। पटना विभिन्न मुहल्लों में खासकर फुलवारी शरीफ, पटना सिटी, कंकड़बाग, गर्दनीबाग, पुनाईचक, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, बोरिंग रोड, बुद्धा कॉलनी, अशोक राजपथ समेत अन्य इलाकों में जो भी वॉरियर अवारा श्वानों व लावारिस पशुओं की देखभाल में निःस्वार्थ भाव से लगे हैं।

इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने पेश की सेवा, स्वास्थ्य और सशक्तीकरण की मिसाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने सेवा, स्वास्थ्य और आत्मविकास को समर्पित कई प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाजहित में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इन प्रयासों के माध्यम से क्लब ने न केवल जरूरतमंदों की मदद की, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता भी बढ़ाई। क्लब द्वारा आयोजित प्राणिक हीलिंग कैम्प में प्रतिभागियों को सिखाया गया कि किस प्रकार प्राणिक ऊर्जा के अभ्यास से वे अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर सकते हैं। भावनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं और आत्मा को जागृत करते हुए एक शांत और स्थिर जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। यह आयोजन ऐक्यम लाइटवर्कर्स प्राणिक हीलिंग सेंटर एसपी वर्मा रोड पटना में संपन्न हुआ।

एचडीएफसी बैंक 'परिवर्तन' के तहत 7.2 लाख युवाओं को मिला कौशल प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत अब तक 7.2 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बैंक ने इस उपलब्धि को रेखांकित किया। बैंक वर्तमान में देशभर में 70 से अधिक सक्रिय परियोजनाओं के माध्यम से आईटी, खुदरा, स्वास्थ्य, कृषि व विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों की अवधि 3 से 6 महीने की होती है और इनसे 60-70 प्रतिशत तक प्लेसमेंट दर प्राप्त हुई है। जयपुर स्थित परिवर्तन कौशल अकादमी जैसे केंद्रों के माध्यम से बैंक का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अतिरिक्त 2 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का है। इसके अलावा परिवर्तन की आजीविका संवर्धन पहलों से 6 लाख से अधिक ग्रामीण व समुदाय-आधारित उद्यमी लाभान्वित हुए हैं। एचडीएफसी बैंक की यह पहल समावेशी आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है जिसमें अब तक 4,300 से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैंक का यह प्रयास संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है और युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को भी बढ़ावा देता है।

लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को दी चेतावनी

समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के कार्यों की प्रगति समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण समयबद्ध कार्यक्रम है जिसे निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिया जाना है। विधानसभावार गणना प्रपत्रों के संग्रहण एवं अपलोडिंग की समीक्षा की गई जिसमें सासाराम विधानसभा में प्रपत्रों के संग्रहण एवं अपलोडिंग की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा 15 जुलाई तक सुधार करने का निदेश दिया गया। साथ हीं उदासीनता एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मियों, पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए समय पर गुणवत्ता पूर्ण निष्पादन का निदेश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि यह राष्ट्रीय महत्व का विषय है तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक योग्य व्यक्ति का निर्वाचक सूची में पंजीकरण आवश्यक है। साथ ही पंजीकरण के पश्चात मतदान में भाग लिया जाना भी अतिमहत्वपूर्ण है। मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिकतम सहभागिता आवश्यक है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभा के मतदान केन्द्रवार कार्यों की समीक्षा की गई कुछ मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों का कार्य बहुत अच्छा है तथा कुछ मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्य में शिथिलता की जा रही है। उनके द्वारा बताया गया कि गणना प्रपत्र को मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों के पास जमा करने के अलावे ऑनलाइन भी जमा किया जा सकता है। अभी तक रोहतास जिला में लगभग 11 हजार निर्वाचकों ने अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन जमा किया है। बीएलओ द्वारा एच 2 एच सर्वे कर 66 प्रतिशत मतदाताओं का गणना प्रपत्र बीएलओ एप के माध्यम से अपलोड किया जा चुका है। बीएलओएस द्वारा अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र में मृत व्यक्तियों, दोहरी प्रविष्टि, अनुपस्थित निर्वाचकों की पहचान की जा रही है। 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप निर्वाचक सूची में मृत व्यक्तियों, दोहरी प्रविष्टि, अनुपस्थित निर्वाचकों का नाम विलोपित कर दिया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में संलग्न सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के मूल विचार (कोई योग्य छूटे नहीं, अयोग्य बचे नहीं) के अनुरूप निर्धारित अवधि में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण कर लिया जाना है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में इवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक रोहतास एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस भण्डारित इवीएम एवं वीवी पैट के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा वेयरहाउस में लगाये गये सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्रों के बारे में उप निर्वाचन पदाधिकारी से उनकी सक्रियता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा निदेशित किया गया कि सीसीटीवी के रिकार्डिंग तथा अग्निशमन यंत्रों को एक्सपायर होने से पहले रिफिल करा लिया जाय। पुलिस अधीक्षक द्वारा इवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्डों के बारे में जानकारी ली गई।

सोन का जलस्तर घटा, बाणसागर ने 109826 क्यूसेक पानी छोड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से पानी का आवक सोमवार शाम को घटा है। ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से इंद्रपुरी बराज पर 79 हजार 978 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है जिसमें से 65 हजार 199 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। नहरों, शाखा नहरों व वितरणियों के अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति जारी है। जल संसाधन विभाग के अनुसार इंद्रपुरी बराज के 20 गेट खोलकर 65 हजार 199 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। उत्तरप्रदेश के रिंहद जलाशय से आज 6576 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मध्य प्रदेश के बाणसागर से एक लाख 26 हजार 86 क्यूसेक पानी आज छोड़ा गया जिसे इंद्रपुरी बराज पर पहुंचने में एक सप्ताह का समय लगेगा। बराज से पश्चिमी संयोजक नहर में 11237 व पूर्वी संयोजक नहर में 4262 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

क्या कहते हैं अधिकारी

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार इंद्रपुरी बराज पर पानी का आज जलस्तर घटने का सिलसिला जारी है। बाणसागर से एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी आज छोड़ा गया है जिसे यहां पहुंचने में एक सप्ताह लगेगा।

दो किशोरियां नदी में डूबी, तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रविवार की देर शाम रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी बराज पर घूमने के उद्देश्य से गई तिलौथू की दो किशोरियों के पानी में डूब जाने की सूचना मिली है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि अमझोर थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी चंद्रदीप यादव के पुत्र मुन्ना यादव की दो लड़कियां श्वेता कुमारी 13 वर्ष एवं सुरुचि कुमारी 9 वर्ष अपनी एक सहेली के साथ सोन नदी के बराज पर घूमने के उद्देश्य गई थी जहां किनारे पर पैर फिसल जाने के कारण सुरुचि नदी में डूबने लगी जिसे बचाने के चक्कर में उसकी बहन श्वेता भी नदी में कूद गई तथा दोनों बहन पानी में डूब गई है। घटना के संदर्भ में स्थानीय प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है तथा कहा कि नाव एवं तैराकों के माध्यम से किशोरियों की खोजबीन की जा रही है। इधर नदी में डूबी किशोरियों के घर इंद्रपुरी में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने भी घटना की पुष्टि की है तथा परिवार वाले घटना की खबर सुनते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों किशोरियों की खोजबीन कर रही है।

14 वर्षीय बालक का शव फंदे से लटका मिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कराकाट (रोहतास)। रोहतास जिले के कराकाट थाना क्षेत्र के किरही गांव में एक 14 वर्षीय बालक का शव फंदे से लटका हुआ बरामद होने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अरुण यादव के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने पड़ोसियों पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार अरुण यादव का अपने पड़ोसी से गली के रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। इस मामले में पहले भी दो बार प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है और अंचलाधिकारी के स्तर पर भी विवाद की सुनवाई चल रही थी। मृतक के परिजन लोकनाथ सिंह ने बताया कि शनिवार को हिमांशु ने घरवालों को बताया था कि पड़ोसी लोग उसे धमका रहे हैं और गली से गुजरने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि रविवार की शाम हिमांशु अपने पुराने मकान पर गया था जहां कोई और नहीं था।

सरकार से भारतीय नर्स की यमन में होने वाली फांसी को रोकने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। यमन में भारतीय मूल की नर्स निमिषा प्रिया को 16 जुलाई 2025 को दी जाने वाली फांसी की सजा पर गहरा क्षोभ और चिंता व्यक्त की जाती है। यह जानकारी देते हुए मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने बताया कि यह मामला न केवल एक भारतीय नागरिक की जिंदगी से जुड़ा है। बल्कि यह उस व्यापक वैश्विक बहस का भी हिस्सा है जिसमें फांसी जैसी अमानवीय सजा को समाप्त करने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयास हो रहे हैं। निमिषा प्रिया एक नर्स हैं जिन्होंने केरल से बाहर जाकर कठिन परिस्थितियों में काम किया और जिन परिस्थितियों में यह अपराध घटित हुआ, उन पर भी न्यायिक सहानुभूति और पुनःपरीक्षण की आवश्यकता है। भारत सरकार से कूटनीतिक, मानवाधिकार आधारित और न्यायिक हस्तक्षेप की अपेक्षा की जाती है ताकि यमन सरकार से संपर्क कर इस फांसी पर तत्काल रोक लगाई जाए। यह भारत के संविधान और वैश्विक मानवाधिकार मूल्यों -जैसे जीवन के अधिकार, निष्पक्ष सुनवाई और सुधार की संभावनाओं की भी रक्षा का सवाल है। इस प्रकार के मामलों में भारत सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए हरसंभव उपाय करे। विदेश मंत्रालय, भारतीय उच्चायोग और यमन में भारत के राजनयिक मिशन से अपील की जाती है कि इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें। दुनियाभर में फांसी की सजा को खत्म करने की दिशा में आंदोलन तेज हो चुका है। भारत को भी इस दिशा में नैतिक नेतृत्व देना चाहिए और निमिषा प्रिया का मामला उसके लिए एक निर्णायक अवसर हो सकता है।

सभी नागरिकों, संगठनों और संस्थाओं से अपील है कि वे इस मानवीय मुद्दे पर आवाज उठाएं और भारत सरकार पर नैतिक और संवैधानिक दबाव बनाएं ताकि एक निर्दोष जीवन को बचाया जा सके।

रामपुर एवं चैनपुर में विशेष आर्बिट्रेटर कैंप कोर्ट का आयोजन

आर्बिट्रेटर सह आयुक्त, पटना प्रमंडल द्वारा पांच सौ से अधिक मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसानों के भूमि विवादों और मुआवजा संबंधी समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु पटना प्रमंडल के आयुक्त सह आर्बिट्रेटर द्वारा सोमवार को कैमूर जिले के रामपुर एवं चैनपुर प्रखंडों में विशेष कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस विशेष अदालत में एक साथ 500 से अधिक मामलों की सुनवाई की गई। आयोजन का उद्देश्य था कि किसानों को न्यायिक प्रक्रिया हेतु पटना की यात्रा न करनी पड़े तथा उन्हें स्थानीय स्तर पर ही शीघ्र समाधान प्राप्त हो।

चैनपुर प्रखंड में आयोजित कैंप कोर्ट में चैनपुर, भभुआ एवं चांद अंचल के किसान शामिल हुए जबकि रामपुर प्रखंड में रामपुर एवं भगवानपुर अंचल के किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यवाही के आरंभ में संबंधित अंचल अधिकारियों द्वारा किसानों से प्राप्त सभी आवेदनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत अब तक की कार्रवाई तथा विशेष कैंप कोर्ट की पृष्ठभूमि पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने जानकारी दी कि मई माह में भभुआ में आयोजित प्रथम कैंप कोर्ट में 52 मौजों की सुनवाई की गई थी जिसके तहत 30 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए आर्बिट्रेटर के आदेश की प्रति भी जिला भू-अर्जन कार्यालय से निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कैंप कोर्ट के दौरान आर्बिट्रेटर सह आयुक्त ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुना एवं उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आर्बिट्रेशन न्यायालय में वाद दाखिल करने हेतु किसी अधिवक्ता या फीस की आवश्यकता नहीं है और यह व्यवस्था किसानों की सहूलियत को देखते हुए ही बनाई गई है।

अजय कुमार सिंह को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बुद्धिजीवी चेतना मंच डिहरी ऑन-सोन के तत्वावधान में संस्था के संस्थापक सचिव केदारनाथ सिंह पूर्व रिटायर प्राचार्य के मार्गदर्शन में संस्था के अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय कुमार सिंह को प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा बिहार बनाए जाने पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया जिसमें अजय कुमार सिंह ने बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल को रोहतास जिले के तरफ से कोटि कोटि धन्यवाद दिया। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पूरे बिहार में भारतीय जनता पार्टी काफी मजबूत हुई है एवं कार्यकर्ताओं में जोश एवं उमंग भरा हुआ है। इनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी 2025 में बिहार विधानसभा ऐतिहासिक रूप से विजय हासिल करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की तरफ देख रहा है। मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में भारत विश्व में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी उत्तरी नगर अध्यक्ष सुनीता यादव संस्था के प्रवक्ता एवं प्राचार्य उमेश सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह, शिक्षक संतोष चौबे, बसंत प्रसाद, भोला दास, युवा भाजपा नेता अक्षय कुमार, मुस्कान देवी, शत्रुंजय सिंह एवं अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

नेत्र रोग चिकित्सकों का सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। नेत्र रोग चिकित्सकों के सम्मेलन का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर है जिसमें नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम विकास और प्रगति पर चर्चा की जाएगी। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने जमुहार स्थित बगीचा रिसॉर्ट में बिहार ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी के 19वें मध्यावधि सम्मेलन का उद्घाटन करते उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में नेत्र रोग चिकित्सकों को अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा करने का अवसर मिलेगा जिससे वे अपने रोगियों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन के चेयरमैन डॉ जीके चौधरी ने कहा कि सम्मेलन में नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम विकास और प्रगति पर चर्चा की जाएगी जिससे चिकित्सकों को अपने ज्ञान को अद्यतन करने में मदद मिलेगी। आगत चिकित्सकों का स्वागत सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ जे जी अग्रवाल ने किया। विशिष्ठ अतिथि एल वी प्रसाद आई इंस्टीट्यूव हैदराबाद के डॉ प्रवीण कृष्णन कॉर्नेल ट्रांसप्लांट पर डॉ एचआरपी सिन्हा व्याख्यान दिया।

उन्होंने चिकित्सकों को अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार करना है जिससे लोगों को बेहतर नेत्र सेवाएं प्रदान की जा सके। कमिटी के सचिव डॉ सत्यजीत सिन्हा ने कहा कि सम्मेलन में चिकित्सकों को नवीनतम जानकारी और तकनीकों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार करना है जिससे लोगों को बेहतर नेत्र सेवाएं प्रदान की जा सके। अतिथियों का स्वागत डॉ रवि रंजन ने किया। आयोजक समिति में डॉ रवि रंजन, डॉ अमिताभ सिंह, डॉ अमरेश कुमार आदि शामिल थे। डॉ ज्ञान भास्कर, डॉ रंजना कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय सम्मेलन रविवार देर शाम संपन्न हुआ। सम्मेलन में डॉ सुभाष प्रसाद, डॉ सुनील सिंह, डॉ सुधीर कुमार, डॉ नीलेश मोहन, डॉ. बिभूति प्रसन्न सिंह, डॉ शलभ सिंह समेत राज्य व अन्य प्रदेशों से करीब 150 नेत्र रोग विशेषज्ञ आए और एक दिन लंबे परिचर्चा में अपने विचार प्रकट किया।

सावन की पहली सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

70 हजार श्रद्धालुओं ने किया पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी (रोहतास)। सावन की पहली सोमवारी को ऐतिहासिक गुप्ताधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कैमूर की पहाड़ियों में स्थित इस पवित्र स्थल पर लगभग 70 हजार कांवरियों और शिव भक्तों ने गुफा में पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर समुचित व्यवस्था की गई थी। सुबह दो बजे से ही कांवरियों की टोलियां गुप्ताधाम की ओर बढ़ने लगी थीं और सूर्योदय होते-होते पूरा क्षेत्र हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु हाथों में जल, फूल बेलपत्र और प्रसाद लेकर शिवभक्ति में लीन नजर आए। सावन की इस पहली सोमवारी पर बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश और नेपाल से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। कई श्रद्धालु वाहन से आए तो कई पैदल कठिन पहाड़ी रास्तों को पार करते हुए धाम पहुंचे। सीता कुंड में स्नान के बाद सभी श्रद्धालु गुफा में प्रवेश कर जलाभिषेक कर रहे थे। गुप्ताधाम विकास समिति और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से दर्शन की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही। पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर गुफा के भीतर प्रवेश कराया गया। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच भक्ति की अनुभूति गुप्ताधाम की यात्रा न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक रही, बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह एक आकर्षक अवसर बना। कैमूर की सुरम्य वादियों के बीच गूंजते शिव नाम और भक्तों की श्रद्धा ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया।

गुप्ताधाम विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल खरवार ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऑक्सीजन, पेयजल, रोशनी और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी। साथ ही श्रद्धालुओं की सहायता के लिए खोया-पाया केंद्र भी स्थापित किया गया था जिससे खोए हुए सामान या बच्चों को उनके स्वजनों तक पहुंचाने में सहायता मिल रही थी। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। श्रद्धालु उगहनी पहाड़ पनियारी घाट होते हुए गुप्ता धाम जला अभिषेक करने के लिए गए मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण और भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।

बसपा के कद्दावर नेता बालेश्वर भारती का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। बसपा के वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता बालेश्वर भारती का शनिवार को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। वे कुछ समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। शनिवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल लाया जहां पर 3 बजे संध्या बेला में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव भभुआ प्रखंड के सिकठी गांव लाया गया जहां रविवार को हजारों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की उपस्थिति में उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। बता दें कि दिवंगत बालेश्वर भारती ने 1989 व 2014 में दो बार बसपा के टिकट पर सासाराम संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ा था ,लेकिन वह चुनाव हार गए थे। पार्टी ने इनकी कर्मठता को देखते हुए 2000 में चेनारी विधानसभा से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन इस बार भी किस्मत ने इन्हें मात दे दिया और वह चुनाव हार बैठे। इस दौरान बसपा नेता सतीश यादव पिंटू, बसपा के जिला अध्यक्ष छोटेलाल भभुआ विधानसभा अध्यक्ष पीतांबर कुमार, बसपा नेता अरुण कुमार, बसपा नेता वकील यादव, बृजेश कुमार, संतलाल राम, संतोष कुमार, सुरेश कुमार, विष्णु, साजिद हुसैन समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

आयुक्त ने विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत पटना प्रमंडल के आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक ने भभुआ विधानसभा क्षेत्र के पसाई गांव का दौरा कर मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गांव के मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर यह जानकारी प्राप्त की कि उन्हें गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) प्राप्त हुआ है या नहीं, क्या वे उसे भरकर बीएलओ को जमा कर चुके हैं तथा इस प्रक्रिया में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी या असुविधा तो नहीं हो रही है। उन्होंने मतदाताओं से यह भी पूछा कि दस्तावेजों के संलग्न करने में कोई कठिनाई तो नहीं आ रही है। मौके पर उपस्थित बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर से आयुक्त ने गहन पूछताछ की तथा विशेष रूप से मृत व्यक्तियों के नामों को मतदाता सूची से यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जो मतदाता स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं अथवा डुप्लीकेट प्रविष्टियों के रूप में चिन्हित हैं, उनके मामलों में अविलंब निर्णय लेकर सूची को अद्यतन किया जाए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी को निर्देशित किया कि यह पूरी प्रक्रिया इस

प्रपत्र VI 'क' समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 751/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–झाखरा उर्फ बैला झाखरा, थाना नं0–387, थाना–डंडई, अंचल–डंडई, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (**MDR-149**) चौडीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–झाखरा उर्फ बैला झाखरा, थाना नं0–387, थाना–डंडई, अंचल–डंडई, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.498 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

क्र.	खाता संख्या	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	02	114	गै0मा0	–	0.386	उमांशकर प्रसाद पिता चमन साव वो सुदामा प्रसाद पिता लक्ष्मी साव वो राजेन्द्र प्रसाद वो सुरेन्द्र प्रसाद पिता स्व0 रामप्रसाद गुप्ता वो अमीत कुमार वो सुमीत कुमार पिता शंम्भु प्रसाद	उ0–124 द0–141 पु0–डंडई प0–127
2	15	127	रैयती	–	0.056	गुप्तेश्वर प्रसाद पिता रामबृक्ष साव वो सुदामा प्रसाद पिता लक्ष्मी साव वो संजय कुमार वगैरह वो भगवान दास वगैरह पिता सुर्यनाथ प्रसाद वो उमाशंकर प्रसाद पिता चमन साव	उ0–126 द0–114 पु0–114 प0–128
3	02	128	गै0मा0	–	0.79	गुप्तेश्वर प्रसाद पिता रामबृक्ष साव वो राजेन्द्र प्रसाद पिता स्व0 रामाप्रसाद गुप्ता वो रामसागर साव पिता स्व0 चमन साव वो गुप्तेश्वर प्रसाद पिता रामवृक्ष साव वो संजय कुमार वगैरह पिता सुर्यनाथ प्रसाद वो भुलु चौधरी उर्फ छोटु चौधरी वो कुदरत अंसारी वो मुख्तार अंसारी वो मुश्लिम अंसारी वो तसलीम अंसारी पिता नेजामुदीन अंसारी वो राज कुमार साव पिता वासदेव साव वो गुप्तेश्वर प्रसाद पिता रामवृक्ष साव	उ0–113 द0–130 पु0–127 प0–गड़ुआ
4	15	141	रैयती	–	0.038	गुप्तेश्वर प्रसाद पिता रामवृक्ष साव वो कमलकान्त वगैरह पिता प्रहलाद प्रसाद वो संजय कुमार वगैरह पिता सुर्यनाथ प्रसाद	उ0–114 द0–140 पु0–114 प0–128
5	15	164	रैयती	–	0.228	विजय ठाकुर पिता हरि ठाकुर वो रामसागर साव पिता चमन साव वो संजय प्रसाद वो ओमप्रकाश वगैरह पिता सुर्यनाथ प्रसाद	उ0–128 द0–163 पु0–128 प0–128
				कुल :–	1.498		

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 357277 Land Reforms(25-26)D

सिपाही भर्ती परीक्षा संचालन की कड़ी तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार पुलिस में सिपाही के 19,838 रिक्त पदों पर चयन हेतु आगामी 16 जुलाई से शुरू हो रही लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, स्वच्छ और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) अनिवार्य होगी। रिपोर्टिंग का समय सुबह 9:30 बजे तय किया गया है और 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड और वैध फोटो पहचान पत्र ही साथ रखें। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पेन, कागज, ब्लूटूथ, मोबाइल, कैलकुलेटर, पीडीए आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

नवादा जिले में परीक्षा के लिए कुल 23 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर सशस्त्र लाठी बल के साथ 46 स्टैटिक दंडाधिकारी और 23 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल एवं सतत गश्ती दल भी तैनात रहेंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर, वीडियोग्राफी और पर्याप्त बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फ्रिस्किंग के लिए प्रशिक्षित महिला और पुरुष कर्मियों की तैनाती की गई है। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी पृथक घेरे में ली जाएगी। कदाचार में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित परीक्षार्थी पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा के दिन शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश यातायात डीएसपी को दिए गए हैं। साथ ही, सभी होटल, लॉज, फोटो स्टेट दुकानें, साइबर कैफ़े, इंटरनेट केंद्र आदि सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। परीक्षा संचालन में विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी और डीएसपी (मुख्यालय) मोहम्मद इमरान परवेज निभाएंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीईओ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पढ़ने गई किशोरी लापता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। हरनौत थाना क्षेत्र में इन दिनों लड़का लड़की भागने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते एक हफ्ता में हरनौत थाना परिसर में आधे दर्जन से अधिक किशोरी की लापता होने का मामला उनके परिवार वालों के द्वारा थाना में दर्ज कराया गया है। ताजा मामला हरनौत थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां एक 15 वर्षीय किशोरी पिछले छह दिनों से लापता है। लापता किशोरी के पिता ने सोमवार को बताया कि 8 जुलाई की सुबह में अपने गांव से ट्यूशन पढ़ने के लिए हरनौत बाजार निकली थी। जो अभी तक वापस घर नहीं लौटी है। काफी जगह खोजबीन किया गया। उसके बाद किशोरी का पता नहीं चल पा रहा है। लापता किशोरी के पिता के कहना है कि गांव के ही एक युवक मेरी बेटी को गलत नियत से बहला फुसलाकर लेकर भाग गया है। किशोरी के पिता के द्वारा गांव के ही एक युवक के खिलाफ हरनौत थाना में लिखित आवेदन देकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

स्वास्थ्य व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही हो प्राथमिकता : सिविल सर्जन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु समाहरणालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने की। बैठक में गैर संचारी रोग, टीबी उन्मूलन, टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, डायरिया नियंत्रण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि नवादा जिले की 19 पंचायतों को अब तक टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है।

एफपीएलएमआइएस पोर्टल के माध्यम से रिपोर्टिंग और लॉजिस्टिक प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। अप्रैल से जून 2025 के बीच केवल 67% स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा समय पर रिपोर्टिंग की गई है, जबकि आशा कार्यकर्ताओं की रिपोर्टिंग दर 66.5% रही। सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि सभी संस्थाएं समय पर इंडेंट करें और वितरण की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत विशेष शिविर

बैठक में बताया गया कि 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जिले में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके अंतर्गत 1,180 महिला नसबंदी और 90 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविरों में गुणवत्तापूर्ण एफडीएस सेवा, पेयजल, पंखा, बेड जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सभी गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता और ऑपरेशन प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण अनिवार्य होगा।

गर्भवती महिलाओं की निगरानी पर विशेष जोर

सिविल सर्जन ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, पंजीकरण और सतत निगरानी की जाए। आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से इस कार्य में समन्वय स्थापित करने को कहा गया। बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डीपीएम, डीपीसी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, सामुदायिक उत्प्रेरक और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जलजमाव की समस्या से मिलेगी राहत, डाइट परिसर के समीप नाले का निर्माण कार्य शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

केसरी मोहल्ला सहित शहर के दैनिक अपशिष्ट जल एवं वर्षा जल की निकासी हेतु दीर्घकालिक समाधान की दिशा में उठे कदम

नवादा। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार नगर परिषद, नवादा द्वारा डाइट, नवादा परिसर के समीप एक नए नाले के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। यह नाला केसरी मोहल्ला एवं आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाले दैनिक अपशिष्ट जल (वेस्ट वॉटर) और वर्षा जल, दोनों का संवहन एवं सुरक्षित निकास सुनिश्चित करेगा, जिससे वर्षों पुरानी जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा द्वारा बताया गया कि पूर्व में केसरी मोहल्ला एवं आस-पास के इलाकों से निकलने वाला जल, चाहे वह वर्षा जनित हो या दैनिक उपयोग का अपशिष्ट जल-डाइट परिसर स्थित पुराने नाले के माध्यम से आरसीडी द्वारा सड़क किनारे निर्मित मुख्य नाले में प्रवाहित होना था। परंतु तकनीकी अक्षमताओं एवं निकास अवरोधों के कारण यह व्यवस्था प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही थी, जिससे क्षेत्र में बार-बार जलजमाव और गंदगी की समस्या उत्पन्न हो रही थी। नवीन नाले का यह निर्माण कार्य, केवल वर्षा जल ही नहीं, बल्कि घरों एवं दुकानों से निकलने वाले दैनिक अपशिष्ट जल के निरंतर प्रवाह को भी ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह नाला अब जल को प्रत्यक्ष रूप से बरगैनिया पैन तक पहुंचाएगा, जिससे जलजमाव की स्थिति समाप्त होगी, स्थानीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता परिस्थितियों में सुधार होगा एवं स्थायी शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। नगर परिषद, नवादा द्वारा शुरू किया गया यह नया निर्माण कार्य न सिर्फ जल निकासी को नया मार्ग प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को साफ-सुथरा, स्वस्थ एवं सुरक्षित आवासीय माहौल भी उपलब्ध कराएगा। इस कार्य को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं पूर्व निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

नूतन उदया फाउंडेशन ने आयोजित किया सावन मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। रविवार को नूतन उदया फाउंडेशन के महिलाओं के द्वार प्रयाग भवन, नवादा में सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सावन के गीत और साथ ही नृत्य और खेल का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा कार्यक्रम की शुरुआत शिव स्तुति से की गई। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्ष राखी बरनवाल व संध्या सिंह की देखरेख में किया गया। इसमें नूतन बिहारी, राखी गुप्ता का विशेष योगदान रहा। रेशमा सिन्हा, सरिता (बंटी), अनिता, पुनिता, भारती, ममता, तरूणा, संगीता कुमारी, हेमलता, बबीता,टीना, मंजू, भवानी, समता, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, सुषमा, अर्पणा, रंजना, वीणा, आराधना, बबीता, डॉ. आशा, माधुरी बरनवाल के साथ शहर की जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुई। बबली कुमारी, सोनी कुमारी ,पुनम गुप्ता, सविता आर्या, डॉ नीति श्री की भूमिका सराहनीय रही। प्रगति श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में जज की भूमिका सुधा कुमारी श्रीकृष्ण अकादमी तैयार नवादा, कनक सिन्हा सौंदर्य विशेषज्ञ प्रसाद बिगहा, बिन्नी प्रसाद प्रोफ़ेसर, एसकेएम कॉलेज, नवादा ने निभाई।

समाजसेवी की माता की मनाई गई 16वीं पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। प्रखण्ड के रानीबाजार गांव में समाजसेवी व कौआकोल के सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य की माता स्वर्गीय ध्रुवपति देवी की 16 वीं पुण्यतिथि उनके आवास में मनाई गई। इस अवसर पर मौजूद परिवार के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय ध्रुवपति देवी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया एवं उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर सरपंच मुन्नी देवी, पत्रकार नवीन कुमार, कुमार सानू, रौशन कुमार सोनु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कर्पूरी संकल्प यात्रा लेकर नवादा पहुंचे सांसद डॉ भीम सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। रविवार संध्या 7 बजे कर्पूरी संकल्प यात्रा के दौरान राज्य सभा सांसद डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी नवादा जिला अतिथि गृह पहुंचे। जहां इनका स्वागत अतिपिछड़ा चेतना मंच के कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद कार्यकर्ताओं से रुवरु हुए एवम विकाश कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नवादा जिले के 18 अतिपिछड़ा गांव में सामुदायिक चौपाल का निर्माण किया जाएगा। इस क्रम में कार्यकर्ताओं ने नवादा जिला में एक विधानसभा सीट अतिपिछड़ा को देने की मांग किया। इस पर सांसद महोदय ने आश्वासन देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की बातों को शीर्ष नेतृत्व के पास रखा जाएगा। सांसद ने कहा कि अतिपिछड़ा के सच्चा हितैशी भाजपा ही है, उन्होंने सभी अतिपिछड़ा समाज को एकजुट होकर मोदी और नीतीश के हाथों को मजबूत करने का आवाहन किया। इस अवसर पर उपस्थित, अतिपिछड़ा चेतना मंच के कार्यकर्ता रामजन्म कानू, चंदन चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, सूर्यदेव विश्वकर्मा, सुमित कुमार, राजेश कुमार, विकाश कुमार, गौतम कुमार, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

84 लाख की योजनाओं का ग्रामीण विकास मंत्री ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य के गांव अब केवल विकसित नहीं, बल्कि शहरों से भी सुंदर बन रहे हैं। गाँवों को शहरों जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मंत्री श्रवण कुमार रविवार को नूरसराय प्रखंड अंतर्गत बघार, अतरामचक व थाना परिसर में करीब 84 लाख रुपए की लागत से निर्मित आधा दर्जन विकास योजनाओं के उद्घाटन अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 34 लाख रुपए की लागत से नूरसराय थाना परिसर में पीसीसी ढलाई व सौंदर्यीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया। वहीं, मनरेगा योजना के तहत अतरामचक व बघार गांव में निर्मित सड़क व अन्य कार्यों का लोकार्पण करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गांव तक पक्की सड़क, पेयजल, आवास, रोजगार व पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वृद्धजन पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये कर दिया है, जो सम्मानजनक पहल है। वृद्धजन समाज की धरोहर हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने यह भी कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार में विकास की गति दोगुनी हुई है और आज बिहार के विकास मॉडल को अन्य राज्यों द्वारा अनुकरण किया जा रहा है।

इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में न्याय के साथ विकास का सिद्धांत पूरी मजबूती से लागू हो रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। कार्यक्रम में मनरेगा पदाधिकारी आशुतोष कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सोनी लाल, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, सुमित कुमार सुमन, पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह, सोनू कुमार, उपेन्द्र सिंह, मंटू महतो, अभिमन्यु यादव, विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व जदयू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीसीओ अजित कुमार को कौआकोल बीइओ का अतिरिक्त प्रभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। कौआकोल प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) अजित कुमार को कौआकोल प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नवादा के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में बीसीओ अजित कुमार ने सोमवार को बीआरसी भवन पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान बीइओ सुशील कुमार ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया तथा सम्पूर्ण प्रभार सौंपा। गौरतलब है कि कौआकोल के प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार के 30 जून को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो जाने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। जिसके बाद डीइओ के द्वारा बीसीओ को अगले आदेश तक अपने कार्यों के अतिरिक्त प्रभारी बीइओ नियुक्त किया गया। इधर प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार ने कहा कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्याहन भोजन एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यों को बेहतर ढंग से निष्पादन किया जायेगा। मौके पर एमडीएम प्रभारी संजय पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

अनियंत्रित कार की चपेट में आया बुजुर्ग, हालत नाजुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा (नालंदा)। सोमवार को हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत यारपुर गांव के समीप एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बैठे बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। घायल की पहचान यारपुर गांव निवासी स्व. तनु पासवान के 70 वर्षीय पुत्र कृपाल पासवान के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति चिंताजनक बताते हुए उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया।

सड़क दुर्घटना में नमक व्यवसायी जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। जिले के हिसुआ बोधगया राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 82 पर पावर ग्रिड के समीप सोमवार को एक मोटरसाइकिल में टाटा 407 की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें नवादा के प्रसिद्ध नमक व्यवसायी सन गोल्ड महाराजा कंपनी के मालिक वजीर प्रसाद के भतीजा व्यवसायी आयुष कुमार तथा भांजा रोहित कुमार बुरी तरह घायल हो गए। आयुष को गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया में भर्ती कराया गया है। नवादा के प्रसिद्ध व्यवसायी वजीर प्रसाद ने बताया कि उनके भांजे रोहित का कुरकुरे लदे ट्रक गाड़ी मंझवे के पास पलट गई थी, जिसे देखने वजीरगंज से दोनों साथ में 11:30 बजे रात्रि में घटनास्थल पर पहुंचे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही टाटा 407 ने मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मार दी। घटना इतना जबरदस्त था की मोटरसाइकिल टाटा 407 के नीचे घुस गया। मोटरसाइकिल चला रहे आयुष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें मस्तिष्क में गंभीर चोटे आई है। जिसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया में भर्ती कराया गया है वही रोहित की स्थिति सामान्य बताई जाती है। हिसुआ पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिक की आत्मा की शांति के लिए रजौली में रुद्राभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से रजौली नगर पंचायत अंतर्गत नीचे बाजार स्थित ऐतिहासिक राज शिव मंदिर में सावन माह की प्रथम सोमवारी पर महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। यह रुद्राभिषेक पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष व्यक्ति की आत्मा की शांति और भारतीय सैनिकों की दीर्घायु के लिए किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के सुरक्षा प्रमुख राजा सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन ऑपरेशन सिंदूर के तहत किया गया है, जिसमें भगवान शिव से विश्व कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और शांति की प्रार्थना की गई। पूरे मंदिर को रोशनी और मरकरी लाइट से भव्य रूप से सजाया गया था। दिन भर मंदिर में शिव भक्ति से ओतप्रोत वातावरण बना रहा और पूरे बाजार क्षेत्र में भक्तिमय ध्वनि गूंजती रही।

श्री सूर्य नारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को महा रुद्राभिषेक, संध्या में भजन-कीर्तन और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं, धर्माचार्य श्याम सुंदर पांडेय ने रुद्राभिषेक की महत्ता बताते हुए कहा कि रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से साधक के समस्त पातक व महापातक कर्म नष्ट हो जाते हैं और उसमें शिवत्व का जागरण होता है। सदाशिव की पूजा से सभी देवताओं की पूजा स्वतः संपन्न मानी जाती है। कार्यक्रम में जितेंद्र पांडेय, शिव बालक पांडेय, सुनील तांती, मोहन पांडेय, ज्योति पांडेय, शुभम पांडेय, काव्या सिंह, अचल सिंह, किट्टू सिंह, और अमन कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जिले में 21 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 13 जुलाई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, आर्म्स एक्ट में दो, मद्य निषेध में चार एवं अन्य गिरफ्तारी 15 कुल 21 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 239.3 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 580 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि एक लाख 31 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत तीन देशी कट्टा एवं तीन अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के

डुमरावां कांड के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को ले प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावा गांव में पिछले 9 जुलाई की रात दो बच्चों की गोली मार कर हत्या किए जाने का मामला राजनीति मोड़ ले लिया है। कई दलों के नेता गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार का आंसू पोंछ न्याय दिलाने की बात कह रहे है। मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज दलित समुदाय के लोगों ने सोमवार को दलित पासवान न्याय मार्च निकल कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों को मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की। यह मार्च देवीसराय साठोपुर से निकलकर बिहारशरीफ स्थित जिला समाहरणालय तक पहुंचा। इस हत्याकांड में 16 वर्षीय हिमांशु कुमार और 20 वर्षीय अन्नू कुमारी की मौत हो गई थी। घटना के वक्त दोनों घर के समीप खड़े थे। इसी दौरान बदमाशों में अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने कहा कि यदि जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो यह आंदोलन जिला स्तर से बढ़कर राज्यव्यापी होगा। प्रदर्शनकारियों ने समाहरणालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और मृतकों को न्याय दिलाने तथा दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की।

सनकी प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबा की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार थाना क्षेत्र के पक्की तालाब मोहल्ले में एक सनकी प्रेमी ने प्रेमिका को घर से बुलाकर हत्या करने के बाद शव को घर के बगल में दफना दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर करते हुए उसके निशानदेही पर शव को जमीन से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतका की पहचान मखदूमबाग निवासी फजल खान की 20 वर्षीया पत्नी सोनम है। पति ने बताया कि वह पिछले 10 जुलाई से घर से गायब थी। पूछताछ में पुत्र ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले मो जिशान ने उसे घर से बुलाकर ले गया था। उसके बाद से वह वापस नहीं लौटी। परिवार वालों ने थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पिछले एक साल से दोनों के बीच प्रेमप्रसंग था। एक ही मकान में दोनों किराए पर रहता है। पति से चोरी छिपे दोनों अक्सर मिला करते थे। बुधवार को वह घर के पीछे मिलने के लिए बुलाई इसी बीच महिला पैसा की मांग करने लगी। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। महिला ने पास रखे डंडे से उसकी पिटाई करने लगी। इसी गुस्से में आकर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है।

शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर नालंदा जिले भर के शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु जल लेकर बम-बम भोले के जयघोष के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचने लगे। शहर के बाबा धनेश्वर धाम, हिरणेश्वर धाम, जंगलिया बाबा मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, तथा राजगीर के वैभारगिरि पर्वत पर स्थित प्राचीन बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही लगी रही। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग हर वर्ग के लोगों में शिवभक्ति का अद्भुत उत्साह दिखा। पुजारी ने बताया कि भक्तों ने पूजा में बिल्वपत्र (बेलपत्र), धतूरा, भांग, शिवलिंगी फूल, सफेद आंकड़ा, गंगाजल, नीलकंठ फूल, शहद, दूध, दही, घी, गुड़, और सिंदूर समेत विविध पूजन सामग्री चढ़ाई। कई जगहों पर भक्तों ने 108 बेलपत्र चढ़ाकर विशेष रुद्राभिषेक कराया। श्रावण मास में सोमवार को विधिवत पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, विवाह बाधा दूर होती है, नौकरी-व्यापार में सफलता मिलती है और संतान सुख की प्राप्ति होती है। सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने शिवालयों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की थी।

करंट लगने से युवक की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना गांव के विजय तिवारी के 27 वर्षीय पुत्र लकी तिवारी उर्फ अभिषेक कुमार की मौत करंट लगने से हो गई। मृतक पटना में रहकर कम्पटीशन की तैयारी कर रहा था जिसमें बिहार पुलिस के एसआई पद पर नियुक्ति पत्र भी आ गया था। चार दिन में योगदान देना था। ग्रामीणों ने बताया कि घर में समरसेबल करवा ने के लिए पटना से दो दिन पहले आया था।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा।** **ई-निविदा सं.: 102_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधीन बैण्डेल-कटवा बीबी लूप (किमी-2/00-46/00) के बीच एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन एसएसई/पी.वे/त्रिवेणी के तहत पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,59,50,598.05, **बयाना राशि:** रु.2,29,800/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 04.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-188/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-10-2025-26, दिनांक: 10.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-10-2025-26-, कार्य का नाम:** "(i) सियालदह मंडल- टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)-3 सेट, (ii) सियालदह मंडल - सीटीआर (पी)- 20.909 टीकेएम और टीआरआर (पी) 4.404 टीकेएम, (iii) सियालदह मंडल-टीआरआर(पी)-27.395 टीकेएम, (iv) सियालदह मंडल-डायमंड क्रॉसिंग-27 सेट, (v) सोनारपुर जंक्शन-कैनिंग (डाउन)-टीआरआर (पी)-15.564 टीकेएम, (vi) दमदम जंक्शन-पेट्रापोल-सीटीआर (पी)-9.607 टीकेएम, (vii) सियालदह मंडल-सीटीआर(पी)-4.123 टीकेएम के लिए ट्रैक रिन्यूअल के प्रावधान" के संबंध में 25 केवी एवं संबद्ध ओएचई कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 87,74,765/-, **बयाना राशि:** रु. 1,75,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 04.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-120/2025

मगध विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर संवादात्मक प्रश्नोत्तरी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के मन्नुलाल पुस्तकालय सभागार में 14 जुलाई 2025 को 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' पर आधारित एक संवादात्मक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के सौ से अधिक विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के मुख्य बिंदुओं और मूल्यों से रोचक ढंग से परिचित कराना था। प्रतिभागियों को भारत की प्राचीन विद्वत परंपरा से जोड़ते हुए



अजातशत्रु, चाणक्य, चरक, गार्गी, सुश्रुत, वाग्भट और मैत्रेयी के नाम पर टीमों में बांटा गया। प्रश्नोत्तरी को छह चरणों में विभाजित किया गया था जिसमें शिक्षा नीति के उद्देश्य, मातृभाषा में शिक्षा, नवाचार, विविध विषयों की पढ़ाई, कार्यान्वयन की कठिनाइयां और अनुसंधान से जुड़ी जानकारियां शामिल थीं। प्रतियोगिता के अंत में सुलभ समूह के चंदन कुमार, मनोज कुमार, प्रिंस अमन और अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीवक समूह के रवि रंजन, सोनाली, गुड़िया कुमारी और ऋतुराज को द्वितीय स्थान तथा आर्यभट समूह के ईशान, अर्चना कुमारी, आशीष शंकर और छोटू प्रसाद यादव को तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका सिंह ने नई शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. एकता वर्मा ने इसे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। वहीं प्रोफेसर मुकेश कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा से इसे जोड़ते हुए प्रेरक वक्तव्य दिया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. वंदना कुमारी के बौद्धिक निर्देशन में तैयार की गई थी जिसे डॉ. प्रियंका सिंह ने संवादात्मक स्वरूप दिया और डॉ. एकता वर्मा ने प्रशासनिक समन्वय से साकार किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पूनम सिंह, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. कविता कुमारी, डॉ. तरन्नुम जहां और डॉ. दीपशिखा पांडे के साथ-साथ राज, सौम्या और प्रवीण का विशेष योगदान रहा। इसी अवसर पर 28 अप्रैल 2025 को आयोजित निबंध प्रतियोगिता 'भारतीय भाषाओं और संस्कृति को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका' के परिणामों की भी घोषणा की गई। इसमें अर्चना कुमारी (राजनीति विज्ञान विभाग) ने प्रथम, सुमित कुमार (अंग्रेजी विभाग) ने द्वितीय और छोटू प्रसाद यादव (राजनीति विज्ञान विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा। बल्कि नई शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श को संवाद के माध्यम से जीवंत बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी सिद्ध हुआ।

उच्च जातियों के लिए गठित आयोग करेगा प्रमंडलवार समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उच्च जातियों के विकास के लिए गठित राज्य आयोग उच्च जातियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा एवं भविष्य में उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बना रहा है। इस क्रम में समाज का मंतव्य जानने तथा उच्च जातियों की शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से पिछले लोगों की समस्याओं को समझने एवं सुझाव प्राप्त करने के लिए प्रमंडलवार समीक्षा बैठकर आयोजित की जा रही है। इस क्रम में 18 जुलाई को कोशी प्रमंडल (सहरसा), 19 जुलाई को पूर्णिया प्रमंडल (पूर्णिया), 25 जुलाई को पटना प्रमंडल (पटना), 1 अगस्त को मगध प्रमंडल (गया), 7 अगस्त को सारण प्रमंडल (छपरा), 8 अगस्त को तिरुहित प्रमंडल (मुजफ्फरपुर), 22 अगस्त को भागलपुर प्रमंडल (भागलपुर) तथा 23 अगस्त को मुंगेर प्रमंडल (मुजफ्फरपुर) में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उच्च जातियों के विकास के लिए राज्य आयोग के अवर सचिव हिमेश्वर सिंह ने एक पत्र जारी कर दी।

30 किलो डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। एसएसबी डी कंपनी सलैया कैंप के जवानों ने रविवार को सर्च अभियान चलाकर 30 किलो डोडा के साथ दो तस्करों को धर दबोचा। यह कार्रवाई इमामगंज प्रखंड अंतर्गत सुहैल सलैया थाना क्षेत्र के विराज पंचायत स्थित भोक्ताडीह गांव में की गई। पकड़े गए तस्करों की पहचान सुहैल गांव निवासी गौतम कुमार और विनोद कुमार के रूप में हुई है। एसएसबी डी कंपनी के इंस्पेक्टर अनुज कुमार पाठक ने

बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में दोनों तस्कर दो बोरे में डोडा बंद कर बाइक से इमामगंज होते हुए कहीं और भेजने की फिराक में थे। सर्च अभियान के दौरान उन्हें डोडा और बाइक सहित पकड़ा गया और आगे की कार्रवाई के लिए सुहैल सलैया थाने को सौंप दिया गया। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है। हालांकि वे लगातार बयान बदल रहे हैं और यह स्पष्ट नहीं कर रहे कि डोडा की खेप कहां भेजी जा रही थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दैनिक जनता दरबार में डीएम ने 60 आवेदकों की समस्याओं को सुना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें सोमवार को आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है। जनता दरबार में आज 60 से अधिक लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनता दरबार में कुछ आवेदक भूमि कब्जा मुक्त करवाने का अनरोध किया है। डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार मे सुनवाई करवाने का निर्देश दिए। जनता दरबार में कुछ आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें जिला लोक शिकायत निवारण में मामलों को हस्तांतरण किया है। ताकि पूरी टाइम लाइन में सही से मामलों का निराकरण एवं समाधान हो सके। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जीविका द्वारा सिलाई उत्पादक समूह का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। जिले के बाराचट्टी में सत्यम जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की अध्यक्ष शोभा देवी ने सहकारी समिति अंतर्गत उज्ज्वल जीविका सिलाई उत्पादक समूह का सोमवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय जीविका दीदियों में उत्साह का माहौल गया। उपस्थिति महिलाओं ने कार्यक्रम को एक उत्सव का रूप दे दिया। शोभा देवी ने अपने इस अवसर पर कहा कि बाराचट्टी में सिलाई उत्पादक समूह का खुलना समूह की महिलाओं को जीविकोपार्जन गतिविधियों से जोड़ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। सिलाई जैसे कौशल उपयोग से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उज्ज्वल जीविका सिलाई उत्पादक समूह का उद्देश्य महिलाओं को उनके सिलाई के हुनर का उपयोग कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

चिंटू भइया ने पहली सोमवारी पर शिवलिंग पर किया जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। सावन माह शुरू होते ही वजीरगंज प्रखण्ड क? विभिन्न शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ के साथ पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक का दौर शुरू हो गया है। यूं तो शिव मंदिरों में छिटपुट सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है लेकिन सावन माह का दिन भगवान भोले के जलाभिषेक के लिए शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ लगी रहती है। बम-बम भोले के जयकारे से वजीरगंज के सभी शिव मंदिरों का वातावरण भक्तिमय हो गया है। वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी चित्तरंजन कुमार उर्फ चिंटू भइया ने अहले सुबह पहली सोमवारी को लेकर लाइनेश्वर महादेव मंदिर में जाकर जलाभिषेक किया और मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिये कई घोषणाएं भी की। सुबह से लेकर शाम तक महिला पुरूष श्रद्धालुओं की भीड़ बेलपत्र के साथ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी।

चुनाव को देखते हुए कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। शहर के राजेन्द्र आश्रम, कांग्रेस कार्यालय के सभागार में सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों की बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष शाहाब उद्दीन रहमानी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से गया विधानसभा के प्रभारी दीपक मिश्रा ने बारी-बारी से गया विधानसभा से संभावित कांग्रेस प्रत्याशियों से भेंट कर वार्ता की और कांग्रेस को पुनः स्थापित करने की रणनीति पर प्रकाश डाला। बैठक में चंद्रिका प्रसाद यादव, गगन मिश्रा, अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, महापौर, गणेश पासवान, विजय कुमार मिट्ठू, प्रदीप शर्मा, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, सुनील पासवान, मदीना खातुन, डॉ देविका सरयार, गीता पासवान, रजनीश कुमार झून्ना, बाबुलाल प्रसाद सिंह, नबाब अलि, दामोदर गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार निराला, राजीव कुमार उर्फ लबी सिंह, बब्लू कुमार, संजय चंन्द्रवंशी, नंदु चंन्द्रवंशी, रंजीत सिंह सिंह, अमीत चंद्रवंशी, प्रिय रंजन उर्फ डिंपल, कुमार कुंदन, विशाल कुमार, कुमार ओंकार शक्ति, सैफूल इस्लाम, अमरजीत कुमार, भुवन राम, समी अख्तर, विकास यादव, धीरेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, रामजी ठाकुर, जगदीश मांझी, एस के बब्लू, मुन्ना कुमार मांझी, मो अहसाब अंसारी, शिवशंकर प्रसाद, शाहिद ईमाम, मो इकबाल, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीश प्रसाद यादव, अशोक प्रसाद भारती उपस्थित हुए।

पैसा लेन देन का वीडियो वायरल, शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। सोमवार को प्राप्त वीडियो के आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मानपुर के द्वारा सूचित किया गया है कि गौरीशंकर, सहायक शिक्षक, मध्य विद्यालय नौरंगा हिंदी को मतदान केन्द्र संख्या-119 का 234-वजीरगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी बनाया गया था। उनके द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 में पैसा लेन देन का समाचार एवं वीडियो प्राप्त हुआ जो एक सरकारी कर्मी के आचरण के विरूद्ध पाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने गौरीशंकर (सहायक शिक्षक) को तत्काल प्रभाव से मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है एवं गौरीशकर के विरूद्ध मुफसिल थाना में प्राथमिकी संख्या-681/25 दर्ज की गई है साथ ही उनके निलंबन हेतु अनुशंसा किया गया है।

विदेशी फर्जी मतदाता लोकतंत्र के लिए घातक : डॉ. विवेकानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। स्थानीय विवेकानंद पथ स्थित गोलबगीचा में कौटिल्य मंच के तत्वावधान में आयोजित एक विचारगोष्ठी में बिहार में जारी मतदाता सूची सत्यापन अभियान के दौरान उजागर खामियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने इसे भारतीय लोकतंत्र की सुचिता और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए घातक बताते हुए व्यापक जन-जागरूकता और कठोर दंडनीति की आवश्यकता बताई। परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विवेकानंद मिश्र ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक और आश्चर्य का विषय है कि मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार जैसे देशों के नागरिकों के नाम दर्ज पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मात्र प्रशासनिक भूल नहीं बल्कि लोकतंत्र की आत्मा के साथ गहरा छल है। यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए भी एक गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान राष्ट्रहित में एक अत्यावश्यक और स्वागतयोग्य कदम है। इस कार्य में आयोग को पूरे साहस और कठोरता के साथ डटे रहना चाहिए। ताकि एक भी फर्जी नाम सूची में न रह जाए और किसी भी सही मतदाता का नाम न छूटे। डॉ. विवेकानंद मिश्र ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य है कि जिन राजनीतिक दलों को आयोग के इस निर्णय का समर्थन करना चाहिए था, वे इसके विरोध में उतरकर स्वयं को संदेह के घेरे में ला रहे हैं। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वे संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रनीति को प्राथमिकता दें। कौटिल्य मंच के प्रदेश महासचिव डॉ. रवींद्र कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में विदेशी नागरिकों के नाम दर्ज होना चुनाव आयोग की घोर लापरवाही ही नहीं बल्कि राष्ट्र के साथ विश्वासघात भी है। उन्होंने कहा कि यह केवल अवैध नाम हटाने का प्रश्न नहीं है, बल्कि ऐसे फर्जी नाम जुड़वाने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों को भी चिन्हित कर राष्ट्रीय अपराध की श्रेणी में लाया जाना चाहिए।

तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं ने किया केसपा भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। मां तारा नगरी केसपा ग्राम आध्यात्मिक आस्था का केन्द्र बन गया है। आज उदय भंते और ज्ञानसागर भंते के नेतृत्व में तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं का एक दल गांव पहुंचा और मां तारा देवी मंदिर , लोकेश्वर बुद्ध उर्फ सोरवाहिया जी, कमल का फूल एवं भगवान बुद्ध की आदमकद प्रतिमा का दर्शन एवं विधिवत पूजन किया। भिक्षुओं के आगमन से स्थानीय ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। बौद्ध भिक्षुओं ने मंदिर प्रांगण में शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रो. अरुण शर्मा एवं हिमांशु शेखर ने भिक्षुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया, एवं उन्हें इस गांव के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। तिब्बती भिक्षुओं ने कहा कि मां तारा देवी बौद्ध और हिन्दू दोनों परंपराओं में पूजनीय हैं, और इस स्थान की आध्यात्मिक ऊर्जा विशेष रूप से आकर्षित करती है। बौद्ध भिक्षुओं ने खुले आकाश में भगवान बुद्ध की दुर्लभ प्रतिमा को उपेक्षित देखकर आश्चर्य प्रकट किया। हिमांशु शेखर ने कहा कि,ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केसपा गांव को पर्यटन मानचित्र से जोड़ना चाहिए। बौद्ध भिक्षुओं ने केसपा ग्राम की धार्मिक विरासत की सराहना करते हुए भविष्य में पुनः आगमन की इच्छा भी जताई।

चाकंद थाना का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। जिले के एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद के द्वारा चाकंद थाना का सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ग्रामीण ने ओ.डी. पदाधिकारी एवं गश्ती दल की सजगता और सतर्कता की जांच की। तत्पश्चात उन्होंने थानों में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं को अद्यतन रखने, वारंट, इश्तिहार, कुर्की एवं लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों और असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, आसूचना संकलन करने और प्रभावी पेट्रोलिंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रपत्र VI 'क'

समाहरणालय, गढ़वा

(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा– 11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 757/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–गोंदा, थाना नं0–196, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गोंदा, थाना नं0–196, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–3.241 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

क्र.	खाता संख्या	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	-	239	–	–	0.092	अजय ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 कुबुल ठाकुर	उ0–240 द0–बाना, पू0–बाना, प0–246
2	-	239	–	–	0.092	उमेश्वर यादव वो मुन्द्रीका यादव वगै0	उ0–240 द0–बाना, पू0–बाना प0–246
3	219	241	गै0मा0	–	0.185	उमेश्वर यादव वो मुन्द्रीका यादव वगै0 वो कन्हैया यादव	उ0–293 द0–बाना पू0–बाना प0–239
4	212	242	रैयती	–	0.115	माधव प्रजापति वगै0 पिता–स्व0 रामवृक्ष प्रजापति	उ0–241 द0–बाना पू0–241 प0–243
5	149	243	रैयती	–	0.028	विजय ठाकुर वगै0	उ0–242 द0–बाना पू0–242 प0–244
6	-	244	–	–	0.086	अजय प्रजापति पिता–स्व0 कुबुल ठाकुर वो नकुल ठाकुर पिता–स्व0 रघुवीर ठाकुर	उ0–245 द0–243 पू0–242 प0–1268
7	-	244	–	–	0.086	अजय ठाकुर पिता–स्व0 कुबुल ठाकुर वो नकुल ठाकुर पिता–स्व0 रघुवीर ठाकुर	उ0–245 द0–243, पू0–242 प0–1268
8	145	1268	–	–	0.082	नकुल ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 रघुवीर ठाकुर वो लक्ष्मण साह पिता–स्व0 मथुरा साह	उ0–245 द0–243 पू0–242 प0–1268
9	145	1268	रैयती	–	0.082	रामलाल साह पिता–स्व0 बिरन साह वो गोपाल साह पिता–स्व0 रामपृत साह	उ0–245 द0–243 पू0–242, प0–1268
10	145	298	रैयती	–	0.1000	उमेश्वर यादव वगै0 पिता–स्व0 संतु यादव	उ0–245 द0–243 पू0–242 प0–316
11	145	298	रैयती	–	0.0500	नथन यादव वगै0 पिता–स्व0 रामदास यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
12	145	298	रैयती	–	0.01200	रामनाथ यादव पिता–स्व0 मुनेश्वर यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
13	145	298	रैयती	–	0.0400	राजकुमार यादव वगै0 पिता–स्व0 जुगेश्वर यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
14	145	298	रैयती	–	0.0600	मुन्द्रिका प्रसाद यादव पिता–स्व0 जलधारी यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
15	145	298	रैयती	–	0.0400	रामनाथ यादव वगै0 पिता–स्व0 भुनेश्वर यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
16	145	298	रैयती	–	0.0100	बिनोद यादव वगै0 पिता–स्व0 परमेश्वर यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
17	145	298	रैयती	–	0.05600	रामप्यारी यादव वगै0 पिता–स्व0 जानकी यादव	उ0–297 द0–लखेया पू0–245 प0–316
18	97	316	रैयती	–	0.009	रामपति कुवंर पति–स्व0 रामधवल यादव	उ0–319 द0–लखेया पू0–298 प0–317
19	97	316	रैयती	–	0.012	अमर साह पिता–स्व0 ससीचन्द्र साह	उ0–319 द0–लखेया पू0–298 प0–317
20	97	316	रैयती	–	0.006	उर्मिला देवी पति–संतोष साह	उ0–319 द0–लखेया पू0–298 प0–317
21	97	316	रैयती	–	0.049	हरिदर्शन साह वगै0 पिता–स्व0 रामवृक्ष साह	उ0–319 द0–लखेया पू0–298 प0–317
22	29	317	बकास्त	–	0.016	उर्मिला देव पति–स्व0 बिनोद यादव	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
23	29	317	बकास्त	–	0.012	गिता कुवंर पति–स्व0 शिवनाथ गोस्वामी	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
24	29	317	बकास्त	–	0.014	नारायण यादव पिता–स्व0 तपेश्वर यादव	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
25	29	317	बकास्त	–	0.024	गिता कुवंर पति–स्व0 शिवनाथ गोस्वामी	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
26	29	317	बकास्त	–	0.014	नारायण यादव पिता–स्व0 तपेश्वर यादव	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
27	29	317	बकास्त	–	0.016	उर्मिला देवी पति–बिनोद यादव	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
28	29	317	बकास्त	–	0.062	राजपति कुवंर पिता–स्व0 रामधवल यादव	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
29	219	1153	गै0मा0	–	0.714	श्रीमति पुनम देवी पति–रविन्द्रनाथ गोस्वामी वो शिवशंकर भुईयॉ, बच्चु भुईयॉ वो लोचन भुईयॉ वो धकड़ी चौधरी पिता–स्व0 निहार चौधरी वो भोला विश्वकर्मा वो आदेश विश्वकर्मा, शिवकुमार महतो किरण देवी पति–श्यामलाल सोनी वो दशरथ कुशवाहा, राजकुमार वो शिवकुमार वो बिनोद यादव वगै0 व सोनवा देवी पति मोति लाल बैठा	उ0–318 द0–लखेया पू0–316 प0–मिलान शीट
30	21	1158	रैयती	–	0.025	शिवनाथ राम पिता–स्व0 बालकेश्वर राम	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
31	21	1158	रैयती	–	0.015	विजय साव वगै0 पिता–स्व0 रामलखन साह वो सुपी कुवंर पति–स्व0 कमलेश कुमार	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
32	21	1158	रैयती	–	0.008	विजय मेहता पिता–नारायण महतो	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
33	21	1158	रैयती	–	0.005	सुरेन्द्र चन्द्रवंशी पिता–स्व0 चन्द्रीका चन्द्रवंशी	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
34	21	1158	रैयती	–	0.006	नन्दलाल साह	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
35	21	1158	रैयती	–	0.01	अर्जुन राम पिता–स्व0 बेलास राम	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
36	21	1158	रैयती	–	0.004	कमलेश राम पिता–स्व0 गणेश राम	उ0–1159 द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–1164
37	111	1164	रैयती	–	0.008	राधेश्याम पिता–स्व0 बालकेश्वर राम	उ0–1163 द0–रास्ता पू0–1158 प0–1165
38	111	1164	रैयती	–	0.015	रामप्यारी राम पिता–स्व0 बालकेश्वर राम	उ0–1163 द0–रास्ता पू0–1158 प0–1165
39	111	1164	रैयती	–	0.016	जगदीश राम पिता–स्व0 बालकेश्वर राम	उ0–1163 द0–रास्ता पू0–1158 प0–1165
40	82	1165	रैयती	–	0.018	मानदेव चौधरी पिता–स्व0 मुनारिक चौधरी	उ0–1163 द0–लखेया पू0–1164 प0–1167
41	82	1165	रैयती	–	0.018	राजदेव चौधरी पिता–स्व0 मुनारिक चौधरी	उ0–1163 द0–लखेया पू0–1164 प0–1167
42	82	1165	रैयती	–	0.016	सूर्यदेव चौधरी पिता–स्व0 मुनारिक चौधरी	उ0–1163 द0–लखेया पू0–1164 प0–1167
43	47	1167	रैयती	–	0.047	राजेश्वर राम वो कामेश्वर राम पिता–स्व0 रामवृक्ष राम	उ0–1166 द0–लखेया पू0–1165 प0–1168
44	15	1168	रैयती	–	0.016	शिवसागर साह	उ0–1163 द0–लखेया पू0–1167 प0–1171
45	15	1168	रैयती	–	0.0190	मनोज राम पिता–स्व0 रामनाथ राम	उ0–1163 द0–लखेया पू0–1167 प0–1171
46	15	1168	रैयती	–	0.0290	मानीक राम पिता–स्व0 वैद्यराज राम	उ0–1163 द0–लखेया पू0–1167 प0–1171
47	44	1169	रैयती	–	0.028	भोला साह वगै0 पिता–स्व0 अर्जुन साह	उ0–1172 द0–1171 पू0–1168 प0–1170
48	79	1170	रैयती	–	0.007	विन्धयाचल राम पिता–स्व0 विरजू राम वगै0	उ0–1172 द0–1171 पू0–1169 प0–1171
49	219	1171	गै0मा0	–	0.3185	विन्धयाचल वो मुनेश्वर पिता–स्व0 बिरझू वगै0	उ0–1225 द0–लखेया पू0–1170 प0–1225
50	219	1171	गै0मा0	–	0.3185	मानीक राम पिता–स्व0 वैद्यनाथ राम वो लावन राम पिता–स्व0 राजेश्वर राम वगै0	उ0–1125 द0–लखेया पू0–1170 प0–1225
51	160	1225	रैयती	–	0.005	चनरपति राम पिता–स्व0 रामा राम वो राजमुनी कुवंर पिता–स्व0 चन्द्रदेव राम शिवनाथ राम, वो अर्जुन राम वो कमलेश राम इत्यादि	उ0–1222 द0–1171 पू0–1173 प0–1226
52	160	1225	रैयती	–	0.01	संजय राम पिता–स्व0 विश्वनाथ राम	उ0–1222 द0–1171 पू0–1173 प0–1226
53	160	1225	रैयती	–	0.025	ब्रहम्देव राम पिता–स्व0 वासुदेव राम	उ0–1222 द0–1171 पू0–1173 प0–1226
54	160	1225	रैयती	–	0.010	सुमन देवी पति सूर्यदेव गोस्वामी	उ0–1222 द0–1171 पू0–1173 प0–1226
55	160	1225	रैयती	–	0.003	गोल्डन साह पिता–रामनाथ साह	उ0–1222 द0–1171 पू0–1173 प0–1226
56	160	1225	रैयती	–	0.010	मानीक राम पिता–स्व0 वंशराज राम	उ0–1222 द0–1171 पू0–1173 प0–1226
57	182	1229	रैयती	–	0.018	सिताराम वगै0	उ0–1227 द0–1171 पू0–1171 प0–मेराल
58	182	1229	रैयती	–	0.014	जोखु प्रजापति	उ0–1227 द0–1171 पू0–1171 प0–मेराल
59	182	1229	रैयती	–	0.035	डिगर प्रजापति वगै0	उ0–1227 द0–1171 पू0–1171 प0–मेराल
				कुल :–	3.241		

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (

संपादकीय

खुशी देने के बजाय डराने ज्यादा लगा एआई

हम मनुष्यों के भीतर जो भी विशेषता होती है, उसका मूल हमारे डीएनए में होता है. इसी में हमारी सारी आनुवंशिक जानकारी छिपी होती है. इसे कृत्रिम तौर पर किसी प्रयोगशाला में बनाना अभी तक लगभग असंभव माना जाता था, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब इसकी भी कोशिश शुरू कर दी है. दुनिया की सबसे बड़ी मेडिकल चैरिटी संस्था 'वेलकम ट्रस्ट' ने इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए शुरुआती तौर पर एक करोड़ पाउंड (करीब 115 करोड़ रुपए) दिए हैं. ट्रस्ट का कहना है कि इस तरह के प्रयोग से कई गंभीर बीमारियों के इलाज में तेजी आ सकती है, लोग स्वस्थ जीवन जी सकेंगे और उम्र बढ़ने के साथ शरीर में बीमारियां भी कम होंगी. हालांकि परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट का काम टेस्ट ट्यूब तक ही सीमित रहेगा और कृत्रिम तौर पर किसी को जन्म देने की कोशिश नहीं की जाएगी. लेकिन एक बार कृत्रिम डीएनए बनाने में कामयाबी मिल जाने के बाद, गलत लोग अगर इस तकनीक से जैविक हथियार, उन्नत मानव और यहां तक कि इंसानी डीएनए वाले अन्य जीव बनाने की कोशिश करेंगे तो उन्हें कौन रोक पाएगा? जिन्न को बोतल से बाहर निकालना जितना आसान है, उसे वापस उसमें बंद करना भी क्या उतना ही सरल है? पूर्व और पश्चिम की सभ्यता में कदाचित एक बुनियादी भेद रहा है. ऐसा नहीं है कि पूर्वी सभ्यता के हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों को प्रकृति के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान नहीं था, लेकिन इसे पश्चिम के आविष्कारों की तरह उन्होंने सर्वसुलभ नहीं बनाया था. जो भी इन्हें जानने की आकांक्षा रखता, उसे यम-नियमों का पालन कर पहले एक बेहतर इंसान बनना पड़ता था. हालांकि रावण जैसे अपवाद भी इसमें हुए हैं, जिन्होंने अपने प्रकांड ज्ञान का प्रयोग मानवता के खिलाफ किया, लेकिन बहुमत ऐसे मनुष्यों का ही था, जो अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की भलाई के लिए करते थे. पूर्व की अंतर्मुखी सभ्यता के उलट, पश्चिम की सभ्यता बहिर्मुखी रही है. वहां किए जाने वाले आविष्कार पूरे समाज के लिए फायदेमंद साबित होते रहे हैं. इसलिए पश्चिमी सभ्यता का पूरी दुनिया में छा जाना अकारण नहीं है. आज हमारे पास ऐशो-आराम के जितने भी संसाधन हैं, सब उसी की देन हैं. पश्चिम ने तो अपनी परम्परा को जीवंत रखा है, लेकिन दुर्भाग्य से हम पूरब के लोग अपनी महान परम्पराओं का ढिंढोरा पीटते हुए भी, उस पर अमल करना भूलते जा रहे हैं. हममें से आखिर कितने लोग आज यम-नियम का पालन करते हैं? ब्रह्ममुहूर्त में जागना तो दूर, उगते सूरज को भी हममें से कितने लोग देख पाते हैं? यह जानते हुए भी कि दिन ढलने से पहले रात का भोजन कर लेना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, हममें से कितने लोगों का खाना आधी रात के पहले भी हो पाता है? डॉक्टरी का पेशा अगर आज सबसे ज्यादा फल-फूल रहा है तो यह अकारण नहीं है. दुनिया में आज तक जितने भी आविष्कार हुए हैं, अगर हम एक बेहतर मनुष्य होते तो वे हमारे लिए वरदान साबित हो सकते थे और यह दुनिया स्वर्ग से भी सुंदर हो सकती थी. लेकिन आज हम बिजली बना सकने वाली परमाणु ऊर्जा से परमाणु बम बना रहे हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खुशी देने के बजाय डराने ज्यादा लगा है और पृथ्वी के संसाधनों का प्रयोग दुनिया से गरीबी मिटाने की जगह दुश्मन देशों का अस्तित्व मिटाने में किया जा रहा है! दुनिया को शायद अब नये आविष्कारों की नहीं, बेहतर मनुष्यों के निर्माण की जरूरत है. बीमारी के कारणों को मिटाकर स्वस्थ बनने की बजाय अगर हम उच्छृंखल जीवन जीकर भी, कृत्रिम डीएनए बनाकर स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन हासिल करने की कोशिश करेंगे तो कितनी भयानक प्रजाति के जीव बनकर रह जाएंगे, क्या इसकी कल्पना कर पाने में भी आज हम सक्षम हैं? कृत्रिम डीएनए बनाने की कल्पना हमें रोमांचित करती है लेकिन प्रकृति ने अरबों वर्षों की मेहनत से हमारा जो डीएनए बनाया, उसकी हमें क्या कोई कद्र नहीं है!

बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

ललित गर्ग

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि महिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं? सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा?

उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा-उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा। इसलिये इसे केवल घरेलू हितों को साधने वाला प्रत्यक्ष प्रचार माना जा रहा है, जिसमें गैर-स्थायी निवासियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है। विपक्ष इस कदम को डोमिसाइल नीति के अनुरूप बताते हुए सवाल उठा रहा है कि क्या इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना नहीं बिगड़ जाएगी?

बिहार में बेरोजगारी चुनावी चर्चा का मुख्य मुद्दा है। युवा खासकर उच्चशिक्षित वर्ग नौकरी की तलाश में है। 35 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ सरकार ने वेकेंसी क्रिएशन, युवा आयोग गठन, कृषि व सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च जैसे उपाय किए है। 2025 के बिहार चुनाव बहुआयामी लड़ाई से परिपूर्ण है, जातिगत समीकरण, युवा और ग्रामीण विकास, मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों ने चुनावी माहौल को गहराई दी है। सरकार ने पिछले बजट में 'महिला हाट', 'पिंक बस', 'पिंक टॉयलेट', स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजनाएं, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए संबल वित्तीय सहायता जैसी महिलाओं को लुभाने वाली योजनाओं के प्रावधान किये हैं। नीतीश सरकार ने चुनावों को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 400 रुपए की बजाय 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। इस घोषणा के बाद पूरे बिहार में पेंशन के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार लाभार्थियों में हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है।

यह कहना उचित होगा कि बिहार की राजनीति इस बार स्थानीयता, जातिगत समीकरण और सामाजिक कल्याण के मिश्रित आरोपणों के बीच गंभीर मुठभेड़ के दौर से गुजर रही है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि क्या यह रणनीतियाँ सचमुच सतत परिवर्तन की ठोस बुनियाद रखेंगी, या चुनावी भाषण के बाद हवा में खो जाएँगी। नवीनतम ओपिनियन पोल बताते हैं कि एनडीए फिर सत्ता में लौट सकता है, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच मजबूत समर्थन के चलते। वहीं, महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, अन्य) जातीय समीकरण (ईबीसी-ओबीसी) का आधार लेकर मुकाबले में है।

अध्यात्म

विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें

महाकवि कालिदास रास्ते में थे। प्यास लगी। वहां एक पनिहारिन पानी भर रही थी। कालिदास बोलेः माते! पानी पिला दीजिए बड़ा पुण्य होगा। पनिहारिन बोलीः बेटा मैं तुम्हें जानती नहीं। अपना परिचय दो। मैं पानी पिला दूंगी। कालिदास ने कहाः मैं मेहमान हूँ, कृपया पानी पिला दें। पनिहारिन बोलीः तुम मेहमान कैसे हो सकते हो ? संसार में दो ही मेहमान हैं। पहला धन और दूसरा यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। सत्य बताओ कौन हो तुम ? तर्क से पराजित कालीदास अवाक् रह गए। कालिदास बोलेः मैं सहनशील हूं। अब आप पानी पिला दें। पनिहारिन ने कहाः नहीं, सहनशील तो दो ही हैं। पहली, धरती जो पापी-पुण्यात्मा सबका बोझ सहती है। उसकी छाती चीरकर बीज बो देने से भी अनाज के भंडार देती है, दूसरे पेड़ जिनको पत्थर मारो फिर भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं। सच बताओ तुम कौन हो? कालिदास मूर्च्छा की स्थिति में आ गए और तर्क-वितर्क से झल्ला उठे! कालिदास बोलेः मैं हठी हूँ। पनिहारिन बोलीः फिर असत्य। हठी तो दो ही हैं। पहला नख और दूसरे केश, कितना भी काटो बार-बार निकल आते हैं। सत्य कहें कौन हैं आप ? कालिदास अपमानित और पराजित हो चुके थे कालिदास ने कहाः फिर तो मैं मूर्ख ही हूँ। पनिहारिन ने कहाः नहीं तुम मूर्ख कैसे हो सकते हो। मूर्ख दो ही हैं। पहला राजा जो बिना योग्यता के भी सब पर शासन करता है, और दूसरा दरबारी पंडित जो राजा को प्रसन्न करने के लिए ग़लत बात पर भी तर्क करके उसको सही सिद्ध करने की चेष्टा करता है। कुछ बोल न सकने की स्थिति में कालिदास वृद्धा पनिहारिन के पैर पर गिर पड़े और पानी की याचना में गिड़गिड़ाने लगे! वृद्धा ने कहाः उठो वत्स! आवाज़ सुनकर कालिदास ने ऊपर देखा तो साक्षात माता सरस्वती वहां खड़ी थी, कालिदास पुनः नतमस्तक हो गए माँ ने कहाः शिक्षा से ज्ञान आता है न कि अहंकार से। तूने शिक्षा के बल पर प्राप्त मान और प्रतिष्ठा को ही अपनी उपलब्धि मान लिया और अहंकार कर बैठे इसलिए मुझे तुम्हारे चक्षु खोलने के लिए ये स्वांग करना पड़ा। कालिदास को अपनी गलती समझ में आ गई और भरपेट पानी पीकर वे आगे चल पड़े। विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें। घमंड विद्वत्ता को नष्ट कर देता है। दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। अन्न के कण को और आनंद के क्षण।

आज अगर हम अपने जीवन में कोई सकारात्मक कदम उठाएंगे, तो उसकी सफलता पाने का पैमाना कल नहीं है। कल कभी आज के बारे में सटीक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। आज सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। हम आज प्रयास करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता के पथ पर बढ़ते जाएंगे। सिर्फ मन को मजबूती से आदेश देने की जरूरत है। मन हमारे निर्देश पर ही चलता है, इसलिए गुलाम है, उसे हम स्वामी न बनाए। अगर हम आज मजबूती से डटे रहे, आज अपनी नई आदतों का सुचारु रूप से पालन करते रहे तो मन झट से आत्मसर्मपण कर देगा। इसलिए बस आज का ध्यान रखना चाहिए। बदलने के लिए सिर्फ आज ही महत्त्वपूर्ण है, आज हम बदले, तो हमारी दुनिया का बदलना निश्चित है।

बदलाव का दृढ़ संकल्प रखने के साथ शुरूआत की जरूरत...

शरद उपाध्याय

सुबह होते ही सूरज निकलने के साथ सारी चिड़िया चहचहाने लगती है और जिंदगी अपने सफर के लिए निकल पड़ती है। रात्रि में भी रोजी-रोटी के लिए काम करने वालों को छोड़ दें, तो शायद हममें से ज्यादातर लोग सुबह उठ जाते होंगे और उठने के कुछ पल बाद ही हाथ में फिर मोबाइल आ जाता होगा। अंगुलियां मशीनी ढंग से मोबाइल पर चलने लगती होंगी। साथ ही रील पर रील निकलती जाती होगी। कभी हास्य, कभी नृत्य, कभी अधकचरा ज्ञान हमारे समय के कांटे को आगे खींचता जाता है। सुस्ताने में मग्न मन बीते कल की आदतों की पुनरावृत्ति कर रहा होता है, दूसरी ओर आने वाले कल के अवसाद और घबराहट की स्थिति अचानक मुंह उठाए सामने खड़ी हो जाती है। रात को दोहराए हुए प्रेरणास्पद और उत्साह जगाने वाले संकल्प न जाने कहां गुम हो जाते हैं। रोजमर्रा की समस्याओं का अंबार सामने चुनौती की तरह नजर आने लगता है। लगने लगता है कि बीता हुआ कल ही सत्य है। जो आज है, वह असत्य है।

इसके बाद फिर हमारे बीते हुए कल से भी केवल नकारात्कता का संदेश ही मिल पाता है। उधर लोग भी पुरानी स्मृतियों के कारण हमें गंभीरता से नहीं लेते हैं तो हम और कुंठित हो जाते हैं। हम बार-बार कभी गुस्से में, कभी उत्साह जगाने वाली बातों से ओतप्रोत जीवन बदलने का दृढ़ संकल्प लेते हैं, लेकिन हमेशा से मन का नकारात्मक प्रतिरूप फिर से हमें अंधकार में धकेल देता है। फिर मन आसान और पलायन वाला रास्ता चुनकर, सारी चुनौतियों को आने वाले कल पर छोड़कर निश्चिंत हो जाता है, जो हमारे जीवन में न तो कभी आया है और न ही कभी आ पाएगा। मन भी क्या करे? उसका काम ही यह है कि वह हमारे विचारों के आधार पर ही जीवन को दिशा देता है।

दरअसल, कल का इस दुनिया के वर्तमान में कोई अस्तित्व नहीं होता है। जो भी होता है, आज ही होता है। गलत आदतों और आलस्य में रचे-बचे होने के कारण व्यक्ति का बदलना बहुत मुश्किल हो जाता है, श्रम करने में परेशानी होती है। आदत कैसी भी हो, अच्छी या बुरी, वह हमारे अंदर एक ढांचा या तौर-तरीका पैदा करती है। जैसे ही समान स्वरूप वाली समस्याएं सामने आती हैं, शरीर पुराने ढांचे में बने होने के कारण उसी तरह व्यवहार करता है। आलस्य से भरा है तो वह आलस्य के ही निर्देश जारी करता है। क्रोध से भरा है तो क्रोध का ही व्यवहार करने लग जाता है।

इसलिए यहां एक तथ्य समझने की जरूरत है कि आज बीता हुआ कल नहीं है। कल जो आदतें यंत्रवत होने के कारण बार-बार दोहराने में आ रही थी, जीवन बार-बार नकारात्मक पैमाने पर चल रहा था, लेकिन आज हमने एक

बदलाव के दृढ़ संकल्प रखने के साथ शुरूआत की है, कुछ नई सकारात्मक आदतों का प्रारंभ करने का निश्चय किया है, तो उन्हें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ शुरू करना चाहिए। प्रारंभ में बहुत तकलीफ हो सकती है। मन बार-बार वहां से भागने को कह सकता है। आदत होने के कारण शरीर बार-बार नकारात्मक दिशा में भागेगा भी। पर हम एक मजबूत इरादे के साथ खड़े होंगे और साथ ही यह दोहराएंगे कि आज, सबसे अलग है, आज बीता हुआ कल नहीं है। जो हम कल नकारात्मक आदतों के साए में जी रहे थे, वह एक आदतवश जिए जा रहे थे। आज, आज है। आज सबसे अलग है। बहती हुई गंगा का जल भी कल जैसा नहीं है। वह आगे निकल गया है। प्रवाह में नए जल ने उसकी जगह ले ली है। सच यह है कि आज हम भी कल जैसे नहीं है। हमारे साथ एक दृढ़ संकल्प की चेतना का प्रादुर्भाव हुआ है। हमारे विचारों ने एक नई दिशा पकड़ी है। हम सकारात्मकता के रथ पर सवार हैं। सिर्फ हम अपने आज को छोटी-छोटी बेहतर आदतों का दामन पकड़ कर चलते रहें। कल की नकारात्मक स्मृतियों से थोड़ी परेशानी आएगी। पुरानी आदत के खिलाफ जाते ही मन बहुत विरोध करेगा। बार-बार लगेगा कि बीता हुआ कल ही सबसे बड़ा सच है। लेकिन जैसे ही आज हम एक संकल्प के साथ नई आदतों की शुरूआत करेंगे! कई बार हम अपने आपको न बदलने के कारण मन को बहुत मजबूत समझते हैं, हमें प्रतीत होता है कि हमसे नहीं हो पाएगा। हमारी नकारात्मक आदतें बहुत मजबूत है। हम बहुत कमजोर है। कल की पुरानी स्मृतियां हमेशा हमारे मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी स्मृतियां बार-बार यह संदेश देगी कि पहले भी बहुत बार किया पर हम असफल रहे, लेकिन हम भूल जाते हैं कि आज, आज ही है।

आज अगर हम अपने जीवन में कोई सकारात्मक कदम उठाएंगे, तो उसकी सफलता पाने का पैमाना कल नहीं है। कल कभी आज के बारे में सटीक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। आज सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। हम आज प्रयास करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता के पथ पर बढ़ते जाएंगे। सिर्फ मन को मजबूती से आदेश देने की जरूरत है। मन हमारे निर्देश पर ही चलता है, इसलिए गुलाम है, उसे हम स्वामी न बनाए। अगर हम आज मजबूती से डटे रहे, आज अपनी नई आदतों का सुचारु रूप से पालन करते रहे तो मन झट से आत्मसर्मपण कर देगा। इसलिए बस आज का ध्यान रखना चाहिए। बदलने के लिए सिर्फ आज ही महत्त्वपूर्ण है, आज हम बदले, तो हमारी दुनिया का बदलना निश्चित है।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष

कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने के लिये कड़े कदम उठा सकते हैं। सामाजिक संस्थाओं में दान और सेवा कार्य करने का विचार मन में आ सकता है।

वृषभ

जीवनसाथी के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। स्वयं को ऊर्जावान और सकारात्मक बनाये रखने के लिये व्यायाम और ध्यान अवश्य करें।

मिथुन

कारोबार में आय बढ़ने के स्पष्ट योग हैं। लेकिन आय के साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। पेट में एसीडिटी जैसी परेशानी बढ़ सकती है।

कर्क

आप जिन कार्यों को कठिन मान रहे थे वो आप सरलता से पूर्ण कर लेंगे। लोग फोन पर लम्बी चर्चा कर सकते हैं। आपकी सूझबूझ और समझदारी की प्रशंसा होगी।

सिंह

इस समय भावुक होने के बजाय व्यवहारिक निर्णय लेना उत्तम होगा। जोखिम भरे निवेशों से स्वयं को दूर रखें। प्रेमी जन से सम्बन्ध मधुर रखें।

कन्या

सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। अपनी राय को दूसरों के ऊपर थोपने से बचें। आलस्य के कारण किसी काम को टाल सकते हैं।

तुला

ऑनलाइन शॉपिंग में आप काफी रुचि लेंगे। बड़े बुजुर्गों से आपको आशीर्वाद और उत्तम सलाह प्राप्त होगी। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

वृश्चिक

नकारात्मकता आपके ऊपर हावी रहेगी। आपको कड़ी मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। रुके हुये कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

धनु

आज आप धैर्य और संयम के साथ काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम प्राप्त होगा। सम्पत्ति की खरीद-बिक्री से लाभ होगा। युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

मकर

भाग्य आपका साथ नहीं देगा। दूसरों के भरोसे न रहें वरना आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। आवश्यक कार्यों को टालने के बजाय समय से निपटाने का प्रयास करें।

कुंभ

परिवार के सदस्यों से काफी सन्तुष्ट रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा का पर्याप्त आनन्द लेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं।

मीन

पुराने मित्र आपके काम आ सकते हैं। बॉस के साथ वेतनवृद्धि को लेकर चर्चा करेंगे। आत्मविश्वास और मनोबल आपकी सबसे बड़ी शक्ति है इसे कभी कम न होने दें।

दिनदहाड़े गोलीबारी में एक की मौत, दो जख्मी

दो नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाधा रेलवे गुमती दुर्गा मंदिर के सामने सोमवार को सुबह 11:30 बजे दिन में बैरियर वसूली कर रहे युवको पर नकाबपोश अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। जिसमे एक युवक की मौत हो गई एवं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थल पर भगदड़ मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस स्थल पर पहुंची। जहां से तीनो को लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोगो के अनुसार तीन बाइकों पर सवार होकर छह की संख्या में नकावपोश हथियारबंद अपराधी पहुंचे। छोटी वाहनों से बैरियर की वसूली कर रहे नगर निगम के ठेकेदार समेत तीन लोगों पर गोलियों की बौछार कर दिया। इस गोलीबारी की घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का

माहौल कायम है। जहां सदर अस्पताल पहुंचते ही नगर निगम बेगूसराय क्षेत्र संख्या 24 के बाधा गांव निवासी स्व छोटे महतो के 35 वर्षीय पुत्र अमित कुमार ने दम तोड़ दिया। दूसरा बाधी वार्ड नंबर 11 गाँव निवासी 24 वर्ष प्रिंस कुमार उर्फ नींबू और तीसरा युवक मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी गांव निवासी शुभम कुमार 26 वर्ष का अभी इलाज चल रहा है। इस गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलते ही जिले के एसपी मनीष, सदर डीएसपी बेगूसराय 1 सुबोध कुमार और साइबर डीएसपी इमरान अहमद के साथ कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां घटना स्थल पर इस पूरी वारदात की सघन जांच स्वयं एसपी मनीष ने किया। घटनास्थल पर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखकर बदमाशों की पहचान पुलिस कर रही है। मृतक अमित कुमार का अपना भाई अमन कुमार ने बताया कि पूरी प्लानिंग करके मेरे भाई की हत्या अपराधियों ने की है। मेरा भाई बाधा रेलवे गुमती के पास बैरियर की वसूली करने के लिए कभी नहीं जाता था। हमेशा उसका स्टाफ ही रहकर बैरियर की बसूली करता था। उसे घर से बुलाकर लाया गया। वह थोड़ी देर पहले ही बाघा रेलवे गुमती पर अपने घर से पहुंचा ही था तभी अचानक तीन बाइकों पर सवार होकर 6 की संख्या में नकाबपोश आए बदमाशों ने गोलियां उसके ऊपर बरसाने लगे और गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब उसे सदर अस्पताल लाया गया जहाँ उसने दम तोड़ दिया। बैरियर का ठेका नगर निगम से मेरा भाई का ही था। इसी बैरियर लेने के विवाद में उसे गोली मारी गई। मेरे पिता की हत्या बदमाशों ने 09 जून 2016 को, यानी 9 साल पहले मेरे पिता छोटे महतो की भी हत्या गोली मारकर कर दी थी।

सेवानिवृत प्रधानाध्यापक की बाइक दरवाजे से चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सिकरहना (पूर्वी चंपारण)। ढाका थाना क्षेत्र के नगर परिषद् ढाका अंतर्गत मोहब्बतपुर वार्ड नंबर 15 से बीते रविवार की देर रात अज्ञात चोर ने दरवाजे पर खड़ी एक बाइक की चोरी कर ली है। घटना बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाने को दिए आवेदन में पीड़ित व महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी से सेवानिवृत हुए पूर्व प्रधानाध्यापक मो. कमरूल होदा ने बताया कि बीते 13 जुलाई रविवार की देर रात को अज्ञात चोरों ने मेरे दरवाजे पर खड़ी हीरो ग्लैम्बर बाइक बीआर 054 एफ 5396 की चोरी कर ली। काफी खोजबीन बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह 4 बजे अज़ान के बाद नमाज़ पढ़ने के लिए जब मैं उठा तो देखा कि मेरे घर के दरवाजे की कुंडी आगे से लगी है। जब पीछे के गेट से मुख्य दरवाजे पर आया तो देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ है और बरामदे पर खड़ी मेरी बाइक वहां से गायब है। जबकि बाइक को मैने जंजीर से बांधकर उसमें ताला लगा दिया था। उसके बावजूद दो - दो ताले तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है।

बंध्याकरण शिविर का आयोजन

12 का ऑपरेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। परिवार कल्याण पखवाड़ा के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में सोमवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ अनिल प्रसाद ने 12 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलॉजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर फर्मासिस्ट नवीन कुमार, काउंसलर राजकुमार सिंहा, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

मतदाता सूची की निगरानी करेंगे इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। भाकपा जिला कार्यालय कार्यानंद भवन में महागठबंधन की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। सभी ने एक स्वर में भाजपा द्वारा लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले की आलोचना की।बैठक में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि भाजपा फर्जीवाड़ा और धांधली के जरिए लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश में जुटी है। ऐसे समय में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे हर नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करें। रविवार को इंडिया गठबंधन की जूम बैठक को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में अचानक चलाए गए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका है। इसलिए कार्यकर्ता हर बूथ पर सतर्क रहें और घर-घर जाकर लोगों को सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करें। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीएलओ से संपर्क कर उचित पहचान पत्र के साथ फार्म भरें और समय रहते जमा करें ताकि कोई भी योग्य नागरिक वोट देने से वंचित न हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरें और भाजपा की साजिशों को नाकाम कर अगले चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए तैयारी करें। बैठक में भाकपा जिला मंत्री एवं पूर्व विधायक अवधेश राय, राजद जिलाध्यक्ष सह महागठबंधन जिला संयोजक मोहित यादव, माकपा जिला मंत्री रत्नेश झा थे।

चार लाख के विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलायी जा रही है। सोमवार को बक्सर पटना फोरलेन के दौलतपुर के समीप 192 लीटर विदेशी शराब और बियर समेत एक चालक को पकड़ा है। जिसकी बाजार में किमत 4 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार चालक पटना जिला के नौबतपुर थाना क्षेत्र के करजा गांव निवासी हंस राज है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की हरियाणा कि ओर से कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर के रास्ते पटना की ओर जा रही है। सहायक आयुक्त द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर-पटना फोरलेन पर आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर ओवर ब्रिज के पास एक उजले की रंग के हुंडई कंपनी की क्रेटा कार की जांच करने पर कार के अंदर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। जप्त शराब को हरियाणा से पटना ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा एवं सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

गणेश मेला आयोजन को लेकर कमिटी का गठन

दिलीप केसरी बने मेला संयोजक वहीं सोनू व अमित पोद्दार को मिली सह संयोजन की जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। रविवार को अनुमंडल के सबसे ऊंचे शिखर वाले महादेव मंदिर बाबा गरीबनाथ मंदिर कमेटी के तत्वाधान में बैठक आयोजित ी गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष विजय निमानी ने की। बैठक का संचालन करते हुए कमेटी के सचिव सुरेन्द्र केशरी ने कहा कि आगामी श्रावणी मेला के चारो सोमवारी के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सचिव ने कहा बीते वर्ष बखरी मे बाबा गरीबनाथ के

कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

तत्वाधान मे गणेश मेला के आयोजन ऐतिहासिक रहा था। इस वर्ष भी बीते वर्ष से भी बेहतर व ऐतिहासिक कार्यक्रम होना सुनिश्चित है। इस दौरान अध्यक्ष विजय नेमानी, उपाध्यक्ष चन्द्रदेव शर्मा, सचिव सुरेन्द्र केशरी, कोषाध्यक्ष पंकज केशरी, प्रतिनिधि प्रेम किसन मन्नू की अगुआई मे गणेश मेला आयोजन को लेकर कमिटी का गठन किया गया। जहाँ पुनः सपा नेता व समाजसेवी दिलीप केशरी को मेला संयोजक तो सोनू गुप्ता व अमित पोद्दार को मेला सहसंयोजक, वही सन्नी गुप्ता को मेला कोष प्रभारी सर्वसम्मति से चुना गया। कमिटी ने बखरी के प्रतिभावान बच्चों को पुनः मौका देने का निर्णय लिया है इसके लिए सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम, बिहार के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भक्तिमय जागरण, व झांकी, महाकाल शिवतांडव, झूला मीणा बाजारा समेत भव्य मेला का आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। वही कमिटी मे 12 अन्य सदस्यो को रखा गया जिसमे रवि राजन केशरी, संजीत साह, रामप्रताप साहू, विनोद चौधरी, नवीन स्वर्णकार, सुनील पोद्दार, मनोज साव, रामचंद्र सहनी, श्री राम बजाज कमिटी मे चुना गया। मौके पर रामदयाल केशरी, हरेराम महतो, मोहन ठाकुर, कौशल किशोर क्रांति, रविंद्र सहनी, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

राइजिंग स्टार क्लब ने बखरी को हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। शहर के गांधी स्टेडियम में रविवार को 7 साइड फुटबल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें राइजिंग स्टार क्लब बेगूसराय बनाम बखरी के बीच मैच खेला गया। इस टूनामेंट में राइजिंग स्टार क्लब बेगूसराय ने 2-0 से विजय प्राप्त किया। मैच के उद्घाटनकर्ता बालेश्वर साह, इमरान, आजाद, अंशु, राहुल थे। प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन के मुख्य अतिथि समीर शेखर ने विजेता टीम को कप प्रदान किया जबकि उपविजेता टीम बखरी को आशुतोष कुमार भूतपूर्व खिलाड़ी द्वारा ट्रफी दिया गया। मैच के मुख्य निर्णायक रामानंदन पासवान थे। मैन अफ द मैच बखरी टीम के खिलाड़ी शंकर कुमार को एवं बेस्ट 14 का पुरस्कार राइजिंग स्टार क्लब के खिलाड़ी हर्षित कुमार को दिया गया।

'दिव्यांग अधिकार बचाओ' सम्मलेन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)। प्रखंड क्षेत्र के बसवारिया गांव स्थित रामयोध्या प्रसाद चौक पर दिव्यांग अधिकार बचाओ सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता दिव्यांग संघ के संस्थापक अध्यक्ष उदय जायसवाल ने की। दिव्यांगों के अधिकार दिलाने वाले संगठन, एसोसियेशन ऑफ डिसेबिलिटीज कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष हरदेव प्रसाद, बिहार दिव्यांग संघ के संयोजक चितरंजन सिंह, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंजू कुमारी, आरटीआई अध्यक्ष मुकेश महतो, प्रोग्राम मैनेजर यशपाल, राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव उदय जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, जिलाध्यक्ष पोषण सिंह समेत कई दिव्यांग संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एक मंच पर आ कर एकता का परिचय दिया। सम्मेलन को संबोधित करते कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगों के मान सम्मान के लिए सरकार से दिव्यांग आयोग, दिव्यांग मंत्रालय, सरकारी नौकरी समेत दिव्यांग छात्रावास की मांग किया। श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार 11 सौ पेंशन दे रही है लेकिन दिव्यांगो को कम से कम तीन हजार प्रति माह देने समेत पंचायत, जिला परिषद, समेत अन्य पदों के चुनाव में दिव्यांगो को आरक्षण देने की मांग की। इस दौरान सभी संगठन से आए वरिष्ठ दियांगो को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। अवसर पर सुबोध सिंह, अवधेश यादव, उमेर आलम, राजू दास, संतोष यादव समेत सैकड़ों दिव्यांग उपस्थित रहें।

पीएम की मोतिहारी में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर मंत्री एवं नेताओं ने किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोतिहारी में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर लगातार बिहार सरकार के मंत्रियों और नेताओं की बैठक और भ्रमण कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा धर्मशीला गुप्ता ने गांधी नगर, रमना में सुबह 8 बजे तैयारी बैठक में भाग लिया। फिर दिन में गांधी कॉम्प्लेक्स में महिला मोर्चा की बैठक में भाग लिया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांसद राज्यसभा श्रीमती गुप्ता ने कहा कि यह हमारा सौभग्य है कि हमारे प्रधानमंत्री छठी बार मोतिहारी आ रहे हैं। महिलाएं किसी भी काम और किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा में महिलाएं कदम से कदम मिला कर चल रही हैं। 18 जुलाई को महिलाओं की संख्या अपने आप में एक बड़ा उदाहरण बनेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। मौके पर चिरैया विधायक लालबाबू गुप्ता, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा संगीता चित्रांश, जिला उपाध्यक्ष भाजपा मीना मिश्रा, जिला मंत्री महिला मोर्चा माला सिंह, चंद्रलता वर्मा, पुतुल प्रिया, प्रियंका नागवंशी, रूही सिंह, पूजा सिंह, रंजना श्रीवास्तव, मधुलिका राय, डॉली गुप्ता, सुनीता, सलोनी श्रीवास्तव, रूही शर्मा, पुटू सिंह, सिमरन श्रीवास्तव, आरती कुमारी, विमा गुप्ता, प्रतिमा देवी, पुतुल रानी सहित अन्य महिलाएं शामिल थी।

हत्या मामले में आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत के न्यायालय ने हत्या से जुड़े मामले में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 492/23 की सुनवाई करते हुए इस मामले के आरोपित सिंघौल थाना के कैलाशपुर निवासी आरोपित पिता चंद्रदेव यादव आरोपित मां बबीता देवी एवं आरोपित बेटा अंकेश कुमार और रुपेश कुमार को हत्या में दोषी घोषित किया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने चारों आरोपित को भारतीय दंड विधान की धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा दी एवं 10,000 का आर्थिक दंड दिया। आर्थिक दंड नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास धारा 307 में 10 साल की सजा एव 5,000 अर्थदंड एवं 27 शस्त्र अधिनियम में 5 साल की सजा एवं 3000 रुपया का अर्थदंड, अर्थदंड नही देने पर एक माह का अतिरिक्त सजा। सभी चारों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संतोष कुमार ने कुल 9 गवाहों की गवाही कराई। आरोपित पर आरोप है कि 19 अगस्त 2023 को 7:30 बजे शाम ग्रामीण सूचक रविंद्र यादव का चचेरा भाई संजीव यादव ने अपना पिकअप वैन चंद्रदेव यादव के घर के सामने लगा दिया। इस पर सभी आरोपित ने कहा कि गाड़ी यहां से हटा दो इस पर संजीव यादव ने कहा आगे कीचड़ है और हम सरकारी सड़क पर गाड़ी लगाए हुए हैं। इतने में चंद्रदेव यादव ने कहा कि साले को गोली मार दो और चंद्र देव यादव की पत्नी बबीता देवी ने छत पर से तीन पिस्टल लाकर अपने बेटे अंकेश कुमार रुपेश कुमार मिथिलेश कुमार को दिया।

मोतिहारी में 15 जुलाई से मनाया जायेगा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। मोतिहारी जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा 15 जुलाई से 14 सितंबर 25 तक मनाया जायेगा। इस सम्बन्ध में डीसीएम ने बताया की पखवाड़ा को मनाने का मुख्य उद्देश्य जिले में दस्त के कारण होने वाली शिशु मुत्यु के शून्य स्तर को प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि 13 प्रतिशत तक मौत डायरिया के कारण होती है तथा इनमें से अधिकांश मौतें ग्रीष्म और मानसून के मौसम में होती हैं। डायरिया से होने वाली मुत्यु का मुख्य कारण निर्जलीकरण के साथ इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होना है। ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग से डायरिया से होने वाली मुत्यु को टाला जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव ने बताया की ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग, दस्त के दौरान होने वाले दिक्क्तो में काफ़ी असरदार है। उन्होंने बताया की आवश्यकतानुसार जिंक एवं ओआरएस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को उपलब्ध कराया जा रहा है। पखवाड़े के आयोजन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बच्चों को जिंक और ओआरएस उपलब्ध करायी जा सके।

सिविल सर्जन ने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। जिसके कारण जहां सर्दी-खांसी, जुकाम समेत अन्य मौसमी बीमारी आम हो गई है। वहीं, इसके साथ डायरिया की भी संभावना बढ़ गई है। ऐसे में हमें विशेष सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। डायरिया से बचाव को लिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। दरअसल, बदलते मौसम में डायरिया के प्रकोप में आने का प्रबल संभावना हो जाती है। जिसके दायरे में कोई भी यानी सभी आयु वर्ग के लोग आ सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वच्छता की शिक्षा देना काफ़ी जरूरी है इससे बच्चे कई प्रकार के रोगों से सुरक्षित हो सकते है। इसलिए अभिभावक, व शिक्षक इसपे ध्यान रखते हुए भोजन के पूर्व एवं शौचालय के बाद हाथ धोना जरूर सिखाए। उन्होंने कहा की डायरिया के कारण अत्यधिक निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने से समस्याएं बढ़ जाती है और उचित प्रबंधन के अभाव में यह जानलेवा भी हो जाता है। इसके लिए डायरिया के लक्षणों के प्रति सतर्कता एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर बच्चों को डायरिया जैसे गंभीर रोग से आसानी से सुरक्षित किया जा सकता है। डीआईओ डॉ एससी शर्मा ने कहा की नवजात बच्चों को दस्त के दौरान और दस्त के बाद भी आयु के अनुसार स्तनपान, ऊपरी आहार और भोजन जारी रखा जाना चाहिए. पीने के लिए साफ और सुरक्षित पेयजल का उपयोग करें. खाना बनाने और खाना खाने से पूर्व और बच्चे का मल साफ करने के उपरांत साबुन से हाथ धोना जरूरी है. दस्त को रोकने के लिए शौचालय का उपयोग करें.खुले में शौच नहीं जायें। बच्चे के मल का सुरक्षित एवं त्वरित निपटान स्तनपान जारी रखें, जिसमें उन बच्चों को स्तनपान कराना भी शामिल है जिन्हें स्तनपान कराया जा रहा है तथा बीमारी के दौरान और बाद में अतिरिक्त आहार दें.सुरक्षित संचालन के बाद स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें। माँ को भोजन तैयार करने से पहले, बच्चे को खिलाने से पहले तथा बच्चे का मल साफ करने के बाद अपने हाथ साबुन से धोने चाहिए।

एक नजर

श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक बरैपुरा बसहा धाम में सावन माह का पहला सोमवारी को लेकर हजारों श्रधालुओं का अहले सुबह से ही बोल बम के जयकारा के साथ आना जाना लगा रहा। लोग अपनी अपनी मन्नतों को लेकर प्रखंड के विभिन्न गांव के शिवालयों में जलाभिषेक किया। बरैपुरा बसहा धाम स्थित बाबा बसहा का मूर्ति पाल कालीन व शेन कालीन है। जिसकी विशेषता को लेकर मंदिर परिसर में सूचना पट लगाई गई है।

कैनाल में मिला बच्चा का शव

रक्सौल (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। रक्सौल के चिकनी चौक के पास घोड़ासहन केनाल नहर मे सोमवार को एक अज्ञात बच्चे का शव पानी मे उपलाते हुए मिला। पहली नजर में देखने से बच्चे की उम्र करीब तेरह, चौदह साल की लग रही है। शव मिलने की खबर फैलते ही वहां लोगों की भारी भीड़ के साथ डायल 112 की पुलिस टीम भी पहुँच गयी और शव को निकालने के अपने प्रयास मे लग गयी। ऐसा लग रहा था कि लाश आगे सिकटा या भेलाही से बह कर रक्सौल पहुंचा था। लाश मिलने वाली जगह किस थाने के क्षेत्रधिकार मे आता है इसको लेकर हरैया थाने और रक्सौल नगर थाने के बीच शुरुआत में कुछ उलझन देखने को मिली पर जल्दी ही दोनों थानों ने इसे आपसी सहमति से सुलझा लिया और लाश को पोस्टमार्टम मे भेजने की अपनी प्रक्रिया मे लग गयी।

बोल बम से गुंजायमान रहा शिवालय

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। श्रावण मास के प्रथम सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र का शिवालय हरहर महादेव, बोल बम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।महेशवाड़ा, पहसारा, गम्हरिया, टेकनपुरा, वृंदावन, छतौना, नावकोठी, हसनपुर बागर, रजाकपुर, चकमुजफ्फर, सैदपुर,समसा आदि शिवालय में श्रद्धालुओं ने अहले सुबह पवित्र सरोवर में स्नान कर हरहर महादेव, बोल बम का जयघोष करते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा बेलपत्र, धतूरा आदि चढाया। पंडित मनोज झा ने बताया कि सावन महीने में भगवान विष्णु के शयन में जाने के बाद विश्व के पालनहार देवाधिदेव महादेव पालन कर्ता हो जाते हैं। इस महीने में खासकर सोमवार को शिवलिंग पर श्रद्धा भक्ति से जलाभिषेक करने पर भगवान शिव प्रसन्न होते हैं तथा भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। खासकर महिलाओं ने उपवास रखकर जलाभिषेक किया। शिव परिवार के सदस्यों ने भजन कीर्तन व प्रवचन किया । इससे वातावरण शिवमय हो गया। नागपंचमी की पूर्व संध्या भगवती जागरण तथा सोमवारी एक ही साथ होने से इसका महत्व बढ गया और अधिक फलदायी हो गया।

श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पहली सोमवारी के पावन अवसर पर शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मंदिरों में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा-भाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रमुख रूप से बंधार सिलोस स्थित ओंकारेश्वर नाथ महादेव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिलीं। श्रद्धालु बेगूसराय जिले के पवित्र सिमरिया घाट से गंगा जल भरकर 'बोल बम' के जयकारों के साथ पैदल यात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। यहाँ उन्होंने पारंपरिक विधि-विधान से शिवलिंग पर जल चढ़ाकर भोलेनाथ से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।इधर बंधार, बल्लीपुर रामभद्रपुर, डुमरा, मोहन, करियन, दसौत, भटौरा, बेला और चित्तौरा समेत विभिन्न गांवों के स्थानीय शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने सुबह से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना किया। सभी मंदिरों में महिलाएं, पुरुष और युवा श्रद्धा और भक्ति में डूबे नजर आए। श्रावण माह की सोमवारी के मद्देनज़र मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी।

बाल तस्करी की रोकथाम को लेकर किया गया जागरूक

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था दिशा-एक प्रयास भोजपुर के द्वारा प्रखंड उदवंतनगर के प्राथमिक विद्यालय जयनगर में बाल विवाह मुक्त भारत, बाल श्रम एवं बाल तस्करी के रोकथाम के लिए विद्यालय में जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिशा के प्रयास से उपस्थित कम्यूनिटी सोशल वर्कर संजीत कुमार द्वारा बताया गया की बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल श्रम को किस प्रकार से रोका जा सकता है। इस को रोकने के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ यह भी बताया गया की इस तरह की कुप्रथा को समाज से खतम करने के लिए शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है और शिक्षा पर हर एक बच्चे का समान अधिकार है। जो बच्चे शिक्षा से वंचित है उनको भी शिक्षा की मुख्यधार से जोड़ने की कोशिश समुदाय के द्वारा की जाए। साथ साथ यह भी बताया गया की इस तरह के मामले की जानकारी देने वाले का नाम हमेशा गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और शिक्षकगण द्वारा शपथ ग्रहण किया गया की समाज में होने वाले इन कुप्रथा से मिलकर लड़ेंगे।

नाबालिग के अपहरण के आरोपित को छह साल कारावास

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार श्रीवास्तव ने अपहरण से जुड़े मामले मंसूरचक थाना कांड संख्या 57 /2007 की सुनवाई करते हुए मंसूरचक थाना के आगापुर निवासी आरोपित परवेज आलम को भारतीय दंड विधान की धारा 363 में दोषी घोषित किया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपित को भारतीय दंड विधान की धारा 363 में दोषी पाकर 6 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई एवं 5 हजार अर्थदण्ड की भी सजा सुनाई। आपको बता दे कि न्यायालय ने आरोपित को दोषी घोषित करते ही आरोपित का बंध पत्र खंडित कर हुए आरोपित को न्यायिक हिरासत में ले लिया था और उसे बेगूसराय जेल भेज दिया था। आज आरोपित को बेगूसराय जेल से न्यायालय में उपस्थित कराया गया जहां उसे न्यायालय ने सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक विभूति चंद्र झा ने कुल नौ गवाहों की गवाही कराई। आरोपित परवेज आलम पर आरोप है कि 28 जून 2007 को गांव में हो रही शादी में सम्मिलित होने आई 14 वर्षीय नाबालिक लड़की को अपहरण करके लेकर भाग गया रात्रि 1 बजे तक जब नाबालिक लड़की अपने घर नहीं लौटी तब नाबालिक के पिता ने खोज भी शुरू किया तब पता चला कि आरोपित ने नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अपहरण करके लेकर भाग गया।

संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। गोह थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में सोमवार को संदिग्ध अवस्था में नवविवाहिता की मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान उसी गांव निवासी दुर्गा बिंद की 20 वर्षीय पत्नी अंशु कुमारी के रूप में हुई है। इस सबंध में थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। वहीं इसे लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

अनुज को बैरिया की कमान, अंजेश लाइन हाजिर

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक डा शौर्य सुमन ने बैरिया में नए थानाध्यक्ष तैनात किया है। पुलिस निरीक्षक अनुज कुमार सिंह को बैरिया का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। अनुज कुमार सिंह इसके पूर्व शिकारपुर पुलिस अंचल में पर्यवेक्षी पदाधिकारी के रूप में तैनात थे। वहीं एसपी ने बैरिया थानाध्यक्ष अंजेश कुमार को पुलिस केंद्र में वापस बुला लिया है।बताया गया है कि अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से बेहतर उपयोगिता के आधार पर यह फेरबदल किया गया है।

मोतिहारी से चोरी गया जेसीबी बैरिया से बरामद

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मोतिहारी के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र से चोरी गयी जेसीबी को बैरिया थाना क्षेत्र के डुमरिया से बरामद किया गया है। साथ हीं पुलिस ने एक बोलेरो भी बरामद किया है। जो चोरी का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। हालाकि जिसके घर से जेसीबी एवं बोलेरो बरामद किया गया वे सभी पुलिस की भनक मिलते हीं घर से फरार हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रघुनाथपुर थाना के सपही निवासी दिलीप साह का जेसीबी रविवार की रात्रि उसके घर से चोरी हो गयी। जांच करते हुए रघुनाथपुर की थानाध्यक्ष अल्का कुमारी द्वारा सूचना दिया गया कि बैरिया के डुमरिया में चोरी का जेसीबी रखा हुआ है। इस पर बैरिया थाना के दरोगा दीपक कुमार दुबे पुलिस बल के साथ डुमरिया में बिंदा यादव के दरवाजे पर छापेमारी की तो वहा दरवाजे पर एक जेसीबी एवं एक बोलेरो को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि गृहस्वामी घर छोड़कर फरार है। मामले में छानबीन की जा रही है।

विद्युत ऊर्जा चोरी में छह लोग पर प्राथमिकी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विद्युत सहायक अभियंता, जेई एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से भसुरारी एवं मनवा परसी पंचायत में जांच अभियान चलाया। इस दौरान भसुरारी पंचायत के सात एवं मनवा परसी पंचायत के आधा लोगों को मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में पकड़ा हैं। सभी लोगों के विरुद्ध जेई पंकज कुमार यादव द्वारा शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। इधर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा छापेमारी करने से विद्युत चोरी करने वाले लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ था। सहायक विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि दो पंचायतों में छापेमारी कर 13 उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया व जुमार्ना की राशि लगभग तीन लाख रुपए वसूल करनी है। आगे भी अभियान चलाया जाएगा। सभी पर शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। साथ हीं इन पर कुल 3,02884 की बकाया और जुमार्ना किया गया है। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता चंदन कुमार, जेई पंकज कुमार यादव समेत विद्युत कर्मी संतोष कुमार, ज्योतिश्वर कुमार शामिल रहे।

पंडई नदी के कटाव से ग्रामीण भयभीत

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के डीके शिकारपुर गांव में पंडई नदी के कटाव से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। सोमवार को दर्जनाधिक किसानों ने पंडई नदी के कटाव से खेती किसानी बर्बाद होने से बचाने को लेकर प्रशासन से नदी में बांध बनाने की गुहार लगाई। पंचायत के मुखिया राहुल जायसवाल, ग्रामीण शेख सब्बार, बीजधर यादव, शेख गोलू, सीताराम पटेल, दुखी पटेल,कमलेश पाल, भिखारी पाल, कन्हैया पटेल, मनू मियां, मुस्लिम मियां,आदि ने कहा कि पंडई नदी के कटाव से दर्जनाधिक एकड़ खेत नदी से प्रभावित हो चुकी है। ऐसे में इस बार अगर पंडई नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाया तो गांव भी कटाव के निशाने पर आ जाएगा। ग्रामीण ने बताया कि कुछ साल पहले तक यह नदी गांव से काफी दूर बहती थी। लेकिन हर साल कटाव करते करते नदी गांव के नजदीक पहुच गई है। लगातार हर साल पंडई नदी के कटाव से ग्रामीण भयभीत है। मुखिया समेत ग्रामीणों ने प्रशासन से पंडई नदी पर बांध निर्माण कराने की मांग उठाई है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि गांव का स्थलीय जांच कराया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार बाढ़ पूर्व तैयारी के मद्देनजर इसका रिपोर्ट वरीय अधिकारियों एवं संबंधित विभाग को भेजा जाएगा।

नामांकन के अंतिम दिन एक अध्यक्ष और पांच सदस्य पद पर नामांकन

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड परिसर में पैक्स चुनाव में नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन अभ्यर्थियों ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। जिसमें मरहिया पकड़ी पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष सह उप मुख्य पार्षद किशोरी देवी ने नामजदगी दाखिल किया तो वहीं दूसरी तरफ निभा देवी ने सदस्य पद हेतु पर्चा दाखिल किया। इसी कड़ी में लौरिया पैक्स से पिछड़ा वर्ग से 02 पिंकी देवी, प्रमोद कुमार, अति पिछड़ा वर्ग से 02 सरोज देवी ,गामा साह ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए पर्चा दाखिल किया। इस प्रकार समाचार भेजे जाने तक अध्यक्ष पद हेतु कुल 07, सदस्य पद हेतु सामान्य वर्ग से 13, पिछड़ा वर्ग से 05, अति पिछड़ा वर्ग से 07, अनुसूचित जाति जन जाति वर्ग से 05 सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया। विदित हो कि नामांकन की स्कूटनी 15 एवं 16 जुलाई को, प्रतीक चिन्ह आवंटन कार्य 18 जुलाई को और मतदान एवं मतगणना 25 जुलाई को कराई जाएगी। जिसके लिए प्रखंड प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरो पर है ।

चरस के साथ एक तस्कर धराया

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एसएसबी 44 वी बटालियन ने गस्ती के दौरान भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के पिलर संख्या 435 के समीप से एक तस्कर को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक रंजन डेका की टीम गस्ती कर रही थी। इसी दौरान उक्त तस्कर एसएसबी के जवानों को देख भागने लगा। जिसे खदेड़कर जवानों ने पकड़ लिया। जांच के दौरान उसके पास से दो प्लास्टिक के पैकेट में रखे 1.05 किलोग्राम चरस बरामद किया है।जिसके बाद एसएसबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सहोदरा थाना के साउथ तेलुआ निवासी टहल पासवान के रूप में हुई है। जिसे स्थानीय थाना को अग्रेतर करवाई के लिए सौप दिया गया है।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तिहार

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय थाना क्षेत्र के रतनमाला वार्ड संख्या 12 में एक फरार अभियुक्त के घर पर शिकारपुर पुलिस द्वारा इश्तिहार चस्पाया गया।आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट एवं अपहरण का मामला दर्ज है। शिकारपुर थाना कांड संख्या 358/25 के तहत दर्ज इस मामले में फरार अभियुक्त विशाल राज, पिता गोपी राम, उम्र 25 वर्ष, पर आरोप है कि वह शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी नानी के घर रह रही एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। न्यायालय के आदेश के आलोक में रविवार को शिकारपुर थाना में पदस्थापित एसआई प्रीती कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी विशाल राज के घर पर इश्तिहार चस्पाया।

एकमा में दो आरोपित गिरफ्तार

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के तिलकार गांव से एसआई सुरेश कुमार राम के द्वारा छापेमारी कर एक वारंटी दर्शन राय को गिरफ्तार किया है। वहीं एकड़ीपुर गांव से एक पियक्कड़ रामप्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपितों पुलिस द्वारा जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन 16 जुलाई को, मुख्य अतिथि होंगे मंत्री मंगल पांडेय

सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी, जिला सिवान के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन का आयोजन बुधवार, 16 जुलाई 2025 को किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से टाउन हॉल, सिवान में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन संत रविदास जी के विचारों एवं संदेशों को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समानता, भाईचारा और सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की थी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। भाजपा सिवान जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी नागरिकों, संत रविदास जी के अनुयायियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं बुद्धिजीवियों से सम्मेलन में ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



विक्रमपुर में आयोजित जन सुराज की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

अब मढ़ौरा में जनता का राज लाना होगाः डॉ. नूतन कुमारी

मढ़ौरा/छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के नौतन पंचायत अंतर्गत विक्रमपुर गांव के वार्ड संख्या 3 में रविवार की देर शाम जन सुराज की बिहार बदलाव यात्रा के तहत एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। इस 'बिहार बदलाव संवाद' जनसभा की अगुवाई मढ़ौरा विस की नेत्री डॉ. नूतन कुमारी ने की, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीणों व समर्थकों की भागीदारी देखी गई। जन सभा में शामिल जनसमूह ने डॉ. नूतन कुमारी के प्रति जबरदस्त उत्साह व समर्थन प्रकट किया। ग्रामीणों ने न केवल भावी प्रत्याशी के लिए नारे लगाए, बल्कि जन सुराज की विचारधारा को भी सराहा।

जनता के साथ लिया बदलाव का संकल्प

जन सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नूतन कुमारी ने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की आवश्यकता है। यहां की बदहाली को दूर करने के लिए अब जनता को जागरूक होना होगा। अगर हम आज नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी भी पिछड़ती जाएगी। मढ़ौरा को सुंदर व सशक्त बनाने के लिए हमें अब जनता का राज स्थापित करना होगा। उन्होंने जनता के साथ मिलकर बदलाव व विकास का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जन सुराज के प्रदेश व जिला स्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच से राहुल सिंह (सह संयोजक, चुनाव अभियान समिति), उर्मिला सिंह (संयोजक, चुनाव अभियान समिति), रामपुकार मेहता (प्रदेश कोर कमेटी सदस्य), सुरेश सिंह, बाबर खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजनंदन राय, प्रीति रानी, नवनीत राय, उषा देवी, कुमार शिवम, विकास गौतम, प्रभात गिरी, राजीव रंजन सिंह, सीपी शर्मा, अभय कुमार शर्मा, भरतेश्वर सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने जन सुराज की विचारधारा को विस्तार से जनता के समक्ष रखा। सभा का संचालन जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने किया। सभा के दौरान डॉ. नूतन कुमारी के समर्थकों की विशिष्ट उपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। पुरुष कार्यकर्ता जहां पीली टीशर्ट में सुसज्जित थे, वहीं महिला कार्यकर्ता बैच लगाए नजर आईं। लोगों ने बताया कि मढ़ौरा में किसी भी राजनीतिक दल के साथ इतनी संगठित टीम पहले कभी नहीं देखी गई।

लोकप्रियता में लगातार वृद्धिः

जनसभा में उमड़ी भीड़ और डॉ. नूतन कुमारी के समर्थन में दिखा जनसैलाब इस बात की ओर संकेत करता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में जन सुराज को मढ़ौरा क्षेत्र में मजबूत जनाधार मिल सकता है। स्थानीय स्तर पर उनके प्रति जनता की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर जन सुराज कार्यकर्ता बेहद उत्साहित दिखे।

सावन की पहली सोमवारी पर एकमा व मांझी के शिवालयों में जलाभिषेक हेतु उमड़े श्रद्धालु

शिव शक्ति धाम मंदिर गोबरही परिसर में आयोजित हुआ अखंड अष्टयाम

एकमा/ मांझी (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवान शिव को प्रिय सावन माह के पहले सोमवार के विशेष अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में अभिषेक हेतु श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। इस दौरान मांझी प्रखंड के गोबरही गांव स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में जलाभिषेक हेतु शिव भक्तों की काफी भीड़ रही। यहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजा-अर्चना किया। शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में अखंड अष्टयाम के दौरान लोक गायक कलाकारों के द्वारा सुमधुर स्वर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया. वहीं पत्रकार मनोज कुमार सिंह के द्वारा विभिन्न लोक गीतों के धुनों पर आधारित अखंड अष्टयाम की प्रस्तुति की गई। उधर पहली सोमवारी पर जिले भर के शिवालयों में गंगा जल, दूध, अक्षत, रोली, चंदन, विल्वपत्र, भांग, धतूरा व नैवैद्य अर्पित किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के अलावा श्रद्धालु भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मोहब्बत नाथ के मठिया, मौज बाबा के मठिया, आमडाढ़ी-कर्णपुरा, रसूलपुर, भरहोपुर मठिया, खानपुर, गौसपुर, नचाप, मुबारकपुर, पचुआ, विशुनपुरा कला, भरहोपुर, परसागढ़, फुचटी कला, टेघरा, नरवन, महम्मदपुर आदि स्थानों पर स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं सभी जगहों पर महिलाओं व कन्याओं ने सावन के पहले सोमवार के अवसर पर व्रत रख कर शिव-पार्वती की उपासना किया।

मतदाता सूची में त्रुटि बर्दाश्त नहीं, 100% सत्यापन हर हाल में हो : डीएम

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम डॉ आदित्य प्रकाश ने सभी बीएलओ और पदाधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही अब नहीं चलेगी। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने सोमवार को जिले भर के निवार्ची व सहायक निवार्ची पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदाता सूची के सत्यापन और अद्यतन कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में शत-प्रतिशत पूरा किया जाए।

हर बीएलओ को बनाया गया जवाबदेह, पर्यवेक्षकों को क्षेत्रीय निगरानी की जिम्मेदारी

बैठक में जिला के सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं नगर परिषद के अंतर्गत कार्यरत संबंधित कर्मी शामिल रहे। डीएम ने मतदाता सूची की शुद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मृत मतदाता, दोहराए गए नाम, और अनुपस्थित लोगों के नामों को सूची से हटाया जाए। साथ ही, नए योग्य मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

डिजिटलीकरण और ऑनलाइन प्रक्रिया पर भी हुई चर्चा

बैठक में मतदाता सूची के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया और तकनीकी सहायता जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए सभी कार्य तय समय में पूरे किए जाएं।

वीसी में सभी निवार्ची पदाधिकारी और टीमें रहीं मौजूद

एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में जिले के सभी निवार्ची पदाधिकारी मौजूद रहे, जबकि सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी पूरी टीम के साथ जुड़े। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य जिले में पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि आगामी चुनावों में किसी तरह की तकनीकी बाधा न आए।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी का डीएम ने वेतन रोका, मांगा जबाब

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में पदाधिकारियों एवं अभियंताओं ने विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहे विभिन्न व्यवधानों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया। जिला पदाधिकारी ने व्यवधानों का समुचित निराकरण किया। कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान डीएम ने जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं ससमय मुहैया कराने का निर्देश दिया। मरीजों की सुविधा हेतु तैनात एंबुलेंस हर समय तैयार रहे और इसका लाभ मरीजों को सुलभता के साथ मिले, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि टीबी मुक्त भारत अभियान, दस्त की रोकथाम अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेतु भूमि की उपलब्धता आदि को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर तेजी के साथ कार्य करें और लक्ष्य की प्राप्ति करें। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित आवेदनों को अविलंब निष्पादित कराने की दिशा में कार्रवाई करें। एलडीएम को निर्देश दिया गया कि बैंकर्स के साथ एक बैठक निर्धारित करें। इस बैठक में जिन भी विभागों कार्यालयों का बैंकर्स के साथ कोई इश्यू हो, वे इस बैठक में भाग लेंगे। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित विद्युत विपत्र का भुगतान करने हेतु विभाग से आवंटन की मांग करें और विपत्र का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलास्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर आवेदकों का पता सहित मोबाईल नंबर भी अंकित हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने लैंड रेवेन्यू का अंचल वाइज, एलआरडीसी वाइज डाटाबेस तैयार करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने जिला कोषागार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि लंबित विपत्रों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विभिन्न योजनाओं हेतु पात्र लाभुकों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करें। जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर सरकारी भूमि का म्यूटेशन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि एचआरएमएस अंतर्गत शत-प्रतिशत कर्मियों का कैडर मैपिंग अविलंब कराना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने कार्य में लापरवाही को लेकर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी का वेतन भुगतान पर रोक लगाते हुए शोकॉज करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम, लक्ष्मण तिवारी सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, अभियंता उपस्थित थे।

मनरेगा में अनियमितता पर सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई : डीएम

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने आज मनरेगा योजना की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीएम ने कहा कि खेल मैदान मनरेगा की सबसे प्राथमिक योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा में खेल के मैदान को पूर्ण करना था। किंतु समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मैनाटांड़, बगहा-1, बगहा-2,भीतहां, पिपरासी में खेल मैदान की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस पर असंतोष प्रकट की गई एवं इन सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों क वेतन स्थगित करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। साथ ही इनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्य पूर्णता की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि 2022-23 से पूर्व की भी कई योजनाएं हैं जिन्हें पूर्ण नहीं किया गया है इसके अलावा 23 -24, 24-25 की भी कई योजनाएं को पूर्ण नहीं किया गया है जिससे स्पष्ट है कि कार्य की पूर्णता पर कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जॉब कार्ड सत्यापन की समीक्षा क्रम में पाया गया कि जॉब कार्ड धारी के जॉब कार्ड का सत्यापन में संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है। साथ ही साथ उनके जॉब कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने में प्रगति नहीं लाई जा रही है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत रोजगार सेवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वृक्षारोपण के कार्य की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पंचायत में वृक्षारोपण का कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि जिन पंचायत में अभी तक प्लांटेशन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उन सभी पंचायत के पंचायत रोजगार सेवकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मनरेगा के कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता लाएं और विभागीय दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। जिला पदाधिकारी द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई कि मनरेगा योजना में किसी भी प्रकार की शिथिलता और आकर्मण्यता तथा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं से भी किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होगी तो सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए डीडीसी को प्रशस्ति पत्र

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान कर्तव्यपरायणता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने चनपटिया के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह डीडीसी सुमीत कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि इनके द्वारा मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढ़ंग से निष्पादित किया गया है, जो सराहनीय है। इसके साथ हीं जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के पांच बीएलओ एवं एक एक सुपरवाईजर को भी प्रशस्ति पत्र देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गणना प्रपत्र अपलोडिंग में जिले के नौ मेंसे चनपटिया विधानसभा क्षेत्र से सबसे अव्वल है। इसके साथ हीं डीएम ने सभी निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी को मंगलवार तक हर हाल में 80 फिसदी गणना प्रपत्र अपलोडिंग का लक्ष्य दिया है।

कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होने पर पत्रकारों व बुद्धिजीवियों ने जितेंद्र बच्चन को दी बधाई

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसकेएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन को भारतीय कबीर मठ, राजस्थान द्वारा 'कबीर कोहिनूर अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किए जाने पर छपरा समेत प्रदेशभर के पत्रकारों, समाजसेवियों, चित्रांश संगठनों और बुद्धिजीवियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। सभी ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र और समुदाय के लिए गर्व की बात बताया। सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव ने जितेंद्र बच्चन को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी पत्रकारिता में दीर्घकालिक निष्पक्षता, उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए मिला है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के नागौर में अखिल भारतीय कबीर मठ और सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य समारोह में देश की 100 विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए 'कोहिनूर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया, जिनमें बच्चन जी का नाम भी शामिल है। उन्हें यह सम्मान पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री सत्य नारायण जाटिया, स्वामी संपूर्णानंद महाराज, श्री महंत भारत भूषण एवं डॉ. नामक दास के कर-कमलों से प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर दिया गया। कायस्थ परिवार, छपरा के अभिजीत कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू, कमल किशोर सहाय और अजित कुमार सहाय ने बच्चन जी की इस उपलब्धि को चित्रांश समाज के लिए गौरवपूर्ण बताया।

आयुर्वेद पेशा नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है : जेपी विवि कुलपति

दयानंद आयुर्वेदिक कॉलेज में 7 दिवसीय व्यक्तित्व विकास वर्ग का समापन, 6 कॉलेजों के 61 प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

सिवान। विश्व आयुर्वेद परिषद बिहार इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय व्यक्तित्व विकास वर्ग का समापन शनिवार को दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, सिवान के प्रांगण में भव्य समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर जेपी विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. प्रमेन्द्र कुमार बाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कॉलेज पहुंचने पर उनका पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

भगवान धन्वंतरि की पूजा से हुआ शुभारंभ

समापन समारोह का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैद्य शिवादित्य ठाकुर, प्रांत संरक्षक डॉ प्रजापति त्रिपाठी, प्रांत महासचिव व कॉलेज प्राचार्य डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी और कॉलेज सचिव डॉ रामानन्द पांडेय समेत कई विशिष्ट अतिथि मंच पर उपस्थित रहे।

डॉ डी.एन. मिश्रा ने संस्कार आधारित विकास पर दिया व्याख्यान

व्यक्तित्व विकास वर्ग के प्रथम सत्र में लखनऊ आयुर्वेदिक कॉलेज के बाल रोग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ डी एन मिश्रा ने "संस्कार और व्यक्तित्व" विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित संस्कारों से किस प्रकार एक बालक के व्यक्तित्व को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

कुलपति ने दिया सुझाव- आयुर्वेद को अनिवार्य विषय बनाया जाए

मुख्य अतिथि प्रो. प्रमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद कोई व्यवसाय नहीं, बल्कि यह संपूर्ण जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालयों में अन्य विषयों की भांति आयुर्वेद को भी अनिवार्य रूप से पढ़ाए जाने की योजना बनाई जानी चाहिए।

6 कॉलेजों के 61 विद्यार्थियों को मिला प्रमाण पत्र

इस कार्यक्रम में बिहार के छह आयुर्वेदिक महाविद्यालयों से आए 61 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में कुलपति समेत मंचासीन अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पूर्व प्राचार्य व प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं

पूर्व प्राचार्य डॉ प्रजापति त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने कहा कि यह वर्ग केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला अवसर है। उन्होंने सभी सहयोगी कर्मियों और छात्रों को सम्मानित भी किया।

कई आयुर्वेदिक विशेषज्ञ और चिकित्सक रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ राजा प्रसाद, डॉ उपेंद्र पर्वत, वैद्य अंकेश मिश्रा, डॉ पुष्कर राय, डॉ राजीव रंजन, डॉ सुजीत, डॉ जितेंद्र कुमार यादव, डॉ प्रकाश सिंह समेत अन्य आयुर्वेदिक विशेषज्ञ एवं सभी प्रतिभागी छात्र उपस्थित रहे।

स्व. टीएन सिन्हा के योगदान को अक्षुण्ण रखने के लिए गठित होगा मेमोरियल फाउंडेशन : प्रशांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। स्व. प्रो टीएन सिन्हा के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रो सिन्हा के शैक्षणिक एवं सामाजिक बोध से अनुराग रखने वाले लोग बड़ी संख्या जमा हुए थे। बैठक के सूत्रधार प्रो सिन्हा के सुपुत्र प्रशांत कुमार ने बताया कि उनके स्वर्गीय पिता साठ के दशक में औरंगाबाद स्थानीय सिन्हा कॉलेज में बहैसियत प्रोफ़ेसर अपना कैरियर आरम्भ किए एवं सेवानिवृति तक इसी पावन धरा से संबद्ध रहकर यहां के लोक जीवन में घुलमिल गए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पिताजी के स्मृतियों को अक्षुण्ण रखने एवं उनके मूल्यों को जीवंत रखने के लिए समान विचार वालों को जोड़कर एक मेमोरियल फाउंडेशन इसी सप्ताह गठित कर दी जाएगी। फाउंडेशन को गठित करने में प्रो मनोज कुमार सिंह, मित्र पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह, अभिषेक ऑटो के प्रमुख अभिषेक रंजन आदि का सहयोग ली जाएगी। साथ ही वे सभी सम्मानित सदस्य भी होंगे। प्रोफेसर टी. ऐन. सिन्हा के पुत्र प्रशांत कुमार ने यह भी बताया कि शीघ्र ही प्रोफ़ेसर टी. ऐन. सिन्हा फाउंडेशन का गठन कर सामाजिक क्षेत्र एवं स्थानीय संस्थानों में सार्थक भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। फाउंडेशन के माध्यम से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। प्रोफ़ेसर टी. ऐन. सिन्हा का पूरा जीवन शिक्षा और समाज सेवा से जुड़ा रहा है इसलिए उनकी याद में प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

सेवानिवृत शिक्षिका के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। 84 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षिका सुशीला सिन्हा की आकस्मिक निधन हो गई। वे औरंगाबाद शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में शिक्षिका के तौर पर सेवा दे चुकी है। उन्होंने लंबे समय तक विद्यालय में योगदान दी।
निधन की सूचना प्राप्त होते ही विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने स्वर्गीय सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित कर बताया कि वह 2004 में सेवा निवृत हो गई थी और स्कूल के बगल में ही किराए के मकान में रहा करती थी। विद्यालय आते रहती थीं और बच्चों से मिलती जुलती रहती थी। वर्तमान में स्वर्गीय सिन्हा की बड़ी सुपुत्री करुणा सिन्हा भी अनुग्रह स्कूल में अध्यापन कार्य कर रही है।

बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में 60 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। श्रावण मास की प्रथम सोमवारी के अवसर पर देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भारी आस्था और उत्साह के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर हर हर महादेव और जय बाबा दूधेश्वरनाथ के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। सोमवार की सुबह से ही मंदिर में जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। प्रशासन और मंदिर समिति के अनुसार, करीब 60 हजार श्रद्धालुओं ने दिनभर में बाबा पर जल अर्पित किया। दोपहर बाद पुरुषों की कतार में थोड़ी कमी आई, लेकिन महिला श्रद्धालुओं की लंबी लाइन शाम तक लगी रही। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। आम श्रद्धालुओं के लिए सामान्य कतार तो थी ही, साथ ही वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए शुल्क जमा कर अलग गेट से सीधे प्रवेश की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल, समाजसेवी संस्थाएं और स्वयंसेवक लगातार सेवा में जुटे रहे। रविवार संध्या को मंदिर प्रांगण की विशेष साफ-सफाई कर बाबा का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, कुंड घाट स्थित श्रद्धालु विश्राम स्थल पर भोला जागरण समिति की ओर से रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने आध्यात्मिक भजनों का आनंद लेते हुए पूरी रात जागरण में भाग लिया। श्रावण मास की शुरुआत पर उमड़ी यह श्रद्धा की भीड़ बाबा दूधेश्वरनाथ के प्रति लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक बनी।

नारी के सुहाग, श्रृंगार और प्रकृति के सौंदर्य का प्रतीक है सावन

डॉ रंजीत कुमार भारतीय

श्रावण मास जिसे अपभ्रंश भाषा में सावन कहा जाता है। इस माह की महता सनातन धर्म के साथ- साथ भारतीय संस्कृति में भी काफी अधिक देखने को मिलती है। सावन का महीना हरियाली के रूप में प्रकृति का सौंदर्य, नारी के सुहाग और सुहागिनों के श्रृंगार के लिए जाना जाता है। गीत, गजलों से लेकर कविता के भाव तक सब में सावन महीने के प्राकृतिक श्रृंगार और सौंदर्य का चित्रण देखने - सुनने को मिलता है। सावन माह की विशिष्टता स्त्री के सुहाग से भी जुड़ा हुआ है। सावन महीने में स्त्री के मायके से सुहाग की वस्तुएं सावन पुरिया के तौर पर आती है जिसका इंतजार महिलाएं पूरे वर्ष बड़ी तन्मयता से करती है। सावन महीने में प्रकृति के श्रृंगार के साथ-साथ महिलाएं भी विशेष तौर पर अपना साज- श्रृंगार करती हैं। सावन महीने में महिलाओं के लिए हरे रंग का विशेष महत्व होता है। इस माह में महिलाएं साड़ी, बिंदी, चूड़ी, नेल पॉलिश सभी हरे रंग का धारण करना पसंद करती हैं। सावन का महीना प्रकृति के सौंदर्य का महीना होता है, शास्त्रों में महिलाओं को भी प्रकृति का रूप माना गया है। इस मौसम में बरसात की बूंदों की प्रकृति से पूरा सृष्टि खिल उठता है। हर तरफ हरियाली छाई रहती है। सावन महीना शुरू होते ही सुहागिन महिलाओं पर सावन का रंग चढ़ना शुरू हो गया है। सावन महीना आते ही बाजार में हरे रंग की साड़ी, चूड़ी, बिंदी और नेल पॉलिश आदि की मांग बढ़ गई है। हरी चूड़ियों को महिला के सुहाग के प्रतीक के रूप में माना जाता है। वहीं सावन महीने में भगवान शिव की महिलाएं विशेष पूजन करती है इसलिए महिलाएं हरे रंग की चूड़ियां पहनती है जिससे उन्हें भगवान शिव का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो। भगवान शिव को भी प्रकृति का पर्याय माना जाता है। वर्षा ऋतु आते ही चारों ओर हरियाली नजर आती है इससे प्रभावित होकर महिलाएं हरे रंग के वस्त्र और चूड़ियां पहन कर लोकगीत और झूमर गाती है।

सावन में झूले का होता है महत्व - सावन महीने में बाग में झूला झूलने का भी बहुत महत्व माना जाता है। सावन महीने में पति या प्रेमी अपने पत्नी और प्रेयसी को लुभाने के लिए झूले में बैठाकर झूला झुलाता है जिससे वो प्रसन्न होती है। कई जगहों पर इस अवसर पर झूलनोत्सव का भी आयोजन करने की प्रथा रही है।

सावन महीने में महिलाएं हाथों में मेहंदी भी रचाती है - सावन महीने में महिलाओं और लड़कियों को अपने हाथों में मेहंदी रचाने का बहुत शौक होता है। मेहंदी के रंग को प्यार से तुलना किया जाता है। लोगों का मानना है कि जितनी गहरी मेहंदी के रंग हाथों पर सजती है उतना ही ज्यादा पिया का प्यार सजनी को मिलता है। महिलाएं और युवतियां हाथों में मेहंदी रचा कर झूला झूलते हुए अपने उल्लास को प्रकट करती हैं। सावन महीने में कुंवारी लड़कियां भी हरी चूड़ियां पहनकर अपने भावी जीवनसाथी के प्रेम की कामना करती है। सावन महीने में हरे रंग का वस्त्र और चूड़ियां पहने के रिवाज के पीछे क्या कारण है? इस बात पर आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में हरे रंग के वस्त्र और चूड़ी धारण करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है । साथ ही पति पत्नी के बीच स्नेह बढ़ता है। हरा रंग उर्वरा और खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है। सावन के महीने में प्रकृति में हुए बदलाव से उसका प्रभाव शरीर और मन पर भी पड़ता है जिससे स्त्री पुरुष में काम भावना को बढ़ाता है।

दस्त नियंत्रण पखवाड़ा 11 जुलाई से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। मिशन विकास परिवार नियोजन पखवाड़ा एवं सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में बीएलटीएफ की प्रखंड स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक में रेफरल अस्पताल कुटुंबा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन पखवाड़ा के लिए 11 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के लिए 15 जुलाई से 14 सितंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाना, गर्भनिरोधक विधियों की जानकारी योग्य दंपतियों तक पहुंचाना और जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा देना है। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

धमकियों से नहीं रुकेगा चिराग पासवान का कारवां : विजय कुमार अकेला

हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा सं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ा देने की धमकी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। लोजपा के प्रदेश सचिव एवं रोहतास जिला प्रभारी विजय कुमार अकेला ने कहा कि यह कारवां धमकियों से रुकने वाला नहीं है। हसपुरा प्रखंड के उचित बिगहा गांव में आयोजित लोजपा की प्रखंड इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए श्री अकेला ने कहा कि चिराग पासवान ने सिर्फ बिहार में नहीं, बल्कि पूरे भारत में एक लोकप्रिय नेता के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने पार्टी को राष्ट्रीय स्वरूप देने की दिशा में जो प्रयास शुरू किया है, वह मेघालय से होते हुए झारखंड और अब बिहार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रहा है। यह उनके संघर्ष, समर्पण और कार्यकर्ताओं के उत्साह का परिणाम है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान और उनके करोड़ों समर्थक किसी भी कायरतापूर्ण धमकी से डरने वाले नहीं हैं। यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और युवाओं की आवाज़ पर है। हम इस प्रकार की धमकी की घोर निंदा करते हैं और केंद्र एवं राज्य सरकार से चिराग पासवान की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग करते हैं। बैठक की अध्यक्षता हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष गंगादयाल पासवान ने की। इस मौके पर अयोध्या पासवान, उमा पासवान, राहुल कुमार, अजय गहलौत, अरुण कुमार, नीरज कुमार, अभय पासवान, उमेश पासवान, पंकज कुमार, कुलदीप पासवान समेत कई कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में धमकी की निंदा की और चिराग पासवान के समर्थन में पूरी मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया।

परिवार न्यायालय के 14 वें न्यायाधीश बने सत्य भूषण आर्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के नव नियुक्त प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि व्यवहार न्यायालय के परिवार न्यायालय के 13वें प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य का स्थानांतरण व्यवहार न्यायालय बांका के प्रधान जिला जज के तौर पर हुआ हैं। 30.06.25 से यह कोर्ट रिक्त था। आज़ न्यायधीश अरूण कुमार को परिवार न्यायालय के 14 वें प्रधान न्यायाधीश बनाने पर लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सरकारी अधिवक्ता बृजा प्रसाद, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विधार्थी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही सहित कार्यसमिति सदस्यों ने बधाई दी हैं। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय बेतिया के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अरूण कुमार को पदोन्नति करते हुए व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की जिम्मेदारी सौंपी हैं।

समारोहपूर्वक बीपीएससी शिक्षक को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दाउदनगर के मौलाबाग सूर्य मंदिर के समीप कपिलदेव संगीत महाविद्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया जिसमे विद्यालय के निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार पाण्डेय ने बीपीससी शिक्षक को सम्मानित किया गया। साथ ही शुरुवात में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की है और संस्था के जिन विद्यार्थियों ने टीआई-2 और 3 में सफलता प्राप्त कर संगीत शिक्षक जो बने थे। उन्हें निदेशक के द्वारा सम्मानित किया गया। निदेशक सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सम्मानित करने से छात्र और ऊर्जावान बनेगी। छात्रों को पढ़ाने के प्रति ललक से प्रतिभा निखेरेगी। साथ ही संगीत शिक्षकों के द्वारा भजन गीत संगीत की प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित की गई। एक से एक बढ़कर गीत संगीत से माहौल भक्तिमय हो गया। निदेशक सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि संगीत का हमारे जीवन में काफी महत्व है जिससे मानसिक चिंता और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक होते है। हमे संगीत खुशी और शांति देती है। इस मौके पर कलाकार श्रीजानंद पाण्डेय, कपिलेश्वर विद्यार्थी, अनुराधा कुमारी, सुनील कुमार, बीरबल कुमार, अभय कुमार, बरखा रानी, सुमन कुमारी, वर्षा पाण्डेय, अर्चना कुमारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संस्कृत शिक्षा बोर्ड दूसरे शिक्षा बोर्ड की तरह होगा हाईटेक : मृत्युंजय झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद शहर के वेंकटेश्वर नगर, मचला राजाबाजार स्थित वेंकटेश प्राथमिक सह माध्यमिक संस्कृत विद्यालय में इसके लिए विद्यालय सभागार में समीक्षा बैठक सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा का भव्य स्वागत किया गया। इसी क्रम में संस्कृत शिक्षा से जुड़े लोगों द्वारा डॉ. एस के. सुनील के द्वारा संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय शिक्षकों के अलावा संस्कृत शिक्षा जगत के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा स्थानीय वेंकटेश प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी संस्कृत विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ बोर्ड के अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक करते हुए उनसे संवाद करते हुए संस्कृत शिक्षा के उत्थान के लिए चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि संस्कृत- संस्कृति और संस्कार का आपस में गहरा संबंध है। उन्होंने दोहराया कि किसी राष्ट्र की संस्कृति अगर जीवित है तब तक ही उसका अस्तित्व है। इसलिए राष्ट्र और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संस्कृत को उसके उच्च आयाम पर पहुंचाना होगा। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं बोलने से ज्यादा काम करने में विश्वास रखता हूं यही कारण है कि एक माह के अंदर मैं संस्कृत विद्यालय की हर छोटी-बड़ी समस्या की पहचान करके उसके निदान के दिशा में प्रयासरत हूं। उन्होंने संस्कृत शिक्षा से जुड़े लोगों को बताया कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड का पोर्टल पर सभी सुविधाएं जल्द ही मिलेगी और यह पोर्टल दूसरे बोर्ड के पोर्टल की तुलना में आधुनिक होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा बोर्ड को हाईटेक बनाना उनका मकसद है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्कृत के उत्थान के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों प्रयासरत है। उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि हाल में ही नीतीश कुमार ने संस्कृत शिक्षा बोर्ड के उन्नयन के लिए मुझे हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया है। इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं, इसके लिए सोशल मीडिया का प्लेटफार्म बनाया जाएगा जिसमें हम अपने मॉडल स्कूल को प्रदर्शित करेंगे जिससे संस्कृत विद्यालयों में प्रतिस्पर्धा का सृजन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि हम लोगों से आग्रह करते हैं कि मंदिर बनाने के बजाय विद्या का मंदिर संस्कृत विद्यालय के लिए पहल करें। उन्होंने बताया कि राज्य और देश के बड़े औद्योगिक घरानों से भी उनकी चर्चा हो रही है, जिसमें उन्होंने कई उद्योगपतियों से आग्रह किया है कि सीएसआर फंड से वह संस्कृत के मॉडल स्कूल विकसित करने में अपना सहयोग दें। संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ झा ने कहा कि गुरुकुल परंपरा को फिर से पुनर्जीवित करने का प्रयास भी बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की ओर से किया जा रहा है, इसके लिए बिहार में धार्मिक न्यास बोर्ड के सहयोग से यहां संचालित हो रहे 400 मंदिरों एवं मठों में संस्कृत की पढ़ाई के लिए पहल किया जाएगा। इसके लिए मंदिर एवं मठों के संचालकों से इसके लिए एक करार किया जाएगा, जिससे लगभग बिहार के 40 हजार नए विद्यार्थी संस्कृत शिक्षा से जुड़ पाएंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा के महामंत्री अमरेंद्र कुमार एवं शुभम कुमार मिट्ठू बालकृष्ण उपाध्यक्ष भाजपा के कमलेश शर्मा राधेश्याम शर्मा एवं बृजेश कुमार तथा सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर इंद्रदेव शर्मा सहित अन्य भारी संख्या में समाजसेवी एवं प्रबुद्ध लोगों उपस्थित हुए।

सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराता वायरल युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। सोशल मीडिया पर हाथ में देशी कट्टा लहराते एक युवक की तस्वीर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रफीगंज प्रखंड अंतर्गत नूतन नगर निवासी धर्मेंद्र चौहान के रूप में हुई है।
थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि वायरल तस्वीर की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और सत्यापन के बाद धर्मेंद्र के घर छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह स्वीकार किया कि वायरल फोटो में वही है और इलाके में धौंस जमाने के लिए उसने देशी कट्टा के साथ फोटो खिंचवाई थी।
हालांकि, पुलिस द्वारा की गई गहन तलाशी के बावजूद देशी कट्टा बरामद नहीं हो सका। बावजूद इसके, सोशल मीडिया पर हथियार लहराने और समाज में भय का वातावरण बनाने जैसे गंभीर आरोपों को देखते हुए आरोपी को थाने लाया गया और पीटीसी जन्मेजय कुमार दुबे के बयान पर उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शस्त्र प्रदर्शन कर सोशल मीडिया पर वायरल करना गंभीर अपराध है। आरोपी धर्मेंद्र चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की हरकत से बचे, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सावन की पहली सोमवारी पर वाणावर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र की वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन के पहली सोमवारी के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धेश्वर नाथ को जलाभिषेक किया। बता दें कि सावन महीना प्रारंभ होते ही श्रद्धालु वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचने लगे थे। वहीं रविवार की देर रात से श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी थी। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ि इलाके में बने जलस्रोत से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे जहां पंक्तिबद्ध होकर अर्धा के माध्यम से बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। वही मंदिर की घेराबंदी भी की गई है। जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, मेडिकल सुविधा, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग इत्यादि की सुविधा की गई है।

24 घंटे मंदिर में होगा जलाभिषेक

श्रावणी मेला 2025 में जिला प्रशासन के द्वारा बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक के नियम में बदलाब किया हैं। इस वर्ष पूरे सावन माह में 24 घंटे मंदिर में जलाभिषेक होगा। केवल रात्रि के समय आधे घंटे के लिए आरती एवं श्रृंगार पूजा का समय निर्धारित किया गया है। इस बाबत मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए मौखिक आदेश में कहा गया है। कि मंदिर 24 घंटे खुले रहेंगे केवल आधे घंटे में ही रात्रि के दौरान आरती एवं श्रृंगार पूजा कर लेना होगा। वही मंदिर परिसर में एक माह तक कथा, मुंडन नही होगा, फूल माला एवं ब्राह्मणों को भी हवन संकल्प पूजा अर्चना कराने पर रोक लगा दी गई है।

श्रावणी मेला की विधि-व्यवस्था का जायजा लेने बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे डीएम व एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। वाणावर श्रावणी मेला को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं एसपी विनीत कुमार बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे एवं मेला में तैनात अधिकारी, पदाधिकारी के उपस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने मेला क्षेत्र में संचालित मेडिकल कैंप, मंदिर जाने वाले रास्ते में तैनात पुलिस बल, मजिस्ट्रेट एवं मंदिर पर पहुंचकर तैनात अधिकारियों से विधि व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने कहा कि मेला के दौरान किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी अधिकारी अपने ड्यूटी से गायब मिलेंगे तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि जिलाधिकारी एवं एसपी वाणावर पहाड़ पहुंचकर मेला में विधि व्यवस्था का जायजा लिए। जिसके बाद मौजूद पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल में विशेष चौकसी देखा गया।

रफीगंज की प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह के वित्तीय लेन-देन पर प्रमंडलीय आयुक्त ने लगाई रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। मगध प्रमंडल के लोक प्रहरी-सह-प्रमंडलीय आयुक्त ने रफीगंज की प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह के सभी वित्तीय लेन-देन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह आदेश वाद संख्या-13/2024 (ईश्वर कुमार एवं अन्य बनाम स्नेहा सिंह एवं अन्य) की सुनवाई के उपरांत पारित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयुक्त ने दिनांक 24 मई 2025 को मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। आरोप है कि मजदूरों की मजदूरी और निर्माण सामग्री की आपूर्ति से जुड़ी राशि को पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार के दिशा-निर्देशों की अवहेलना करते हुए योजना अभिकर्ताओं के खाते के बजाय निजी खाते में अंतरित कराया गया।
इसके अतिरिक्त, प्रखंड प्रमुख पर यह भी आरोप है कि उन्होंने बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 46(1) के तहत समय पर पंचायत समिति की बैठक नहीं बुलाई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा लिखित अनुरोध के बावजूद प्रमुख की उदासीनता उनके पदीय दायित्वों के विपरीत मानी गई है।
साक्ष्यों और सुनवाई के आधार पर आयुक्त ने यह निर्देश दिया कि स्नेहा सिंह के सभी वित्तीय लेन-देन तत्काल प्रभाव से स्थगित किए जाएं। साथ ही, मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जुलाई 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। प्रमंडलीय आयुक्त का यह कदम प्रखंड स्तर पर वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दुर्घटना में एक की मौत, सात जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। अनियंत्रित हाइवा ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई जबकि ऑटो सवार सात लोग जख्मी हो गए। घटना सोमवार की शाम कुटुंबा थाना क्षेत्र के शिवाला की हैं। जहां नेशनल हाईवे 139 पर घटना घटित हुई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी हैं। जबकि घायलों की पहचान धनीवार गांव निवासी 45 वर्षीय अनिल तिवारी, हरिहरगंज निवासी सौरभ रिकियासन की पत्नी प्रतीक कुमारी, बरखोरा गांव निवास यमुना राम के पुत्र रंजीत राम, खड़कपुर गांव निवासी अशोक कुमार की 35 वर्षीय पत्नी संगीता देवी, इगुनियाटांड़ गांव निवासी विनय रिकियासन की 35 वर्षीय पत्नी सुनैना देवी और उनकी 15 वर्षीय पुत्री राधा कुमारी एवं 14 वर्षीय पुत्री सीमंती कुमारी शामिल है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचीं पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने कहा कि विभिन्न स्त्रोतों से मृतक की पहचान की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि इन दिनों हाईवा मौत का दूसरा रूप बनकर सड़कों पर दौड़ रही है। हाईवा ने उक्त मार्ग पर विगत कुछ महीनो में अनगिनत परिवार के खुशियों को रौंद डाला है। परंतु प्रशासनिक स्तर पर हाईवा और हाईवा चालकों पर नकेल कसने की कोई कार्यवाही धरातल पर नजर नहीं आती है।

पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के आखिरी दिन 22 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी प्रखंड के भदौरा में पैक्स चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के आखिरी दिन दो उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद और 22 कार्यकारिणी सदस्यों के साथ अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है। नामांकन कार्य में बनाए गए नोडल पदाधिकारी बीएओ अखिलेश्वर प्रसाद सिंह एवं बीसीओ लाल प्रसाद ने नामांकन पर्चा की जांच की। नामांकन पर्चा भरने में भदौरा के वार्ड नंबर 8 के लक्ष्मण पांडे पिता आदित्य नारायण पांडे ने अपने 11 कार्यकारिणी के साथ नामांकन पर्चा दाखिल कराया है वही दूसरा उम्मीदवार नागेश्वर प्रसाद सिंह पिता स्व चंद्रीका सिंह ने भी अपने 11 कार्यकारिणी सदस्यों के साथ नामांकन पर्चा दाखिल किया है।



बहरहाल बता दें कि भदौरा पैक्स चुनाव में दो उम्मीदवारों के बीच आमने सामने की कांटे की टक्कर है। पिछले चुनाव में भी लक्ष्मण पांडे और नागेश्वर प्रसाद सिंह के बिच महज कम वोटो के अंतर में हार जीत का फैसला हुआ था। इस बार भी चुनावी लडाई कांटे की टक्कर के साथ होगा। अब देखना होगा मतदाता अपना नेता किसे चुनते है। पैक्स चुनाव मे मतदाता पंजिकृत किसान होते है। गौरतलब है की संवीक्षा 15.07 2025 से 16.07. 2025 तक सुबह 11:00 बजे 3:00 बजे तक चलेगा, वहीं नाम वापसी और प्रतीक आवंटन 18.07 2025 को सुबह 11:00 से 3:00 तक चलेगी। इसके अलावा मतदान की तिथि 25.7.2025 को सुबह 7:00 से 4:00 तक चलेगा और शाम को 5:00 के बाद मतगणना होगी।

एक नजर

छात्रा पर मनचले ने किया फायर

रफीगंज (नबिटा संवाददाता)। रफीगंज शहर के नसरुल्ल गली के पास छात्रा पर मनचले द्वारा फायर किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में छात्रा द्वारा रफीगंज थाना में आवेदन दिया गया। पुलिस को जानकारी मिलते ही तुरन्त हरकत में आयी और मनचले की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। आवेदन में जिक्र किया गया है कि छात्रा स्कूल गाड़ी से नसरुल्ल मोड़ पर उतरकर उसी गली से होते हुए टीयूशन पढ़ने जा रही थी कि मध्य बिहार बैंक के पास एक मनचला हांथ पकड़ लिया तो मैं हल्ला करने लगी लोग इकठ्ठा हुए इसी बीच गोली चला दिया। दो और लड़कों के साथ फरार मोटरसाइकिल पर सवार हो फरार हो गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि इस मामले छापामारी त्वरित गति से की जा रही है। जल्द आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

पुनपुन पुलिस ने साटा इश्तेहार

मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)। पुनपुन थाना क्षेत्र के बैरपुर में हुई डकैती कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त टल्लू यादव उर्फ टहलू यादव पिता ऑल इंडिया यादव उर्फ दयानंद यादव थाना कराईपरशु राय जिला नालंदा के घर पर विधिवत इस्तेहार का तमिला किया गया पुनपुन थाना कांड संख्या 474/22 दिनांक 13/12/22 धारा 395क्रम्प विधिवत इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना कांड संख्या 474/22 दिनांक 13/12/22 धारा 395क्रम्प के तहत पुनपुन में डकैती कांड में फरार अभियुक्तो के घर पर इश्तेहार साटा गया है और जल्द ही सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। सरेंडर नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल घटनाक्रम के बारे में बताया जाता है कि बरपुर गांव के अनु प्रसाद सिंह उम्र 53 वर्ष पिता स्वर्गीय राघव शरण सिंह के दिए गए आवेदन में बताया गया था कि बिते 13 दिसंबर 2022 को रात्रि 12:00 बजे के बाद वह अपने खलिहान में रखवाली के लिए सोया हुआ था, उस दौरान कुछ चार-पांच अज्ञात लोग आए और पहले मारपीट कर उसे लूंगी गमछी से हथियार के बल पर बंधक बना दिया और उसके खलिहान में रखे 270 बोरा मंसूरी धान पिकअप वैन पर लाद कर ले भागे, इसी घटना में वांछित अपराधियों की घर पर इश्तेहार साटा गया है।

पुनपुन नगर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र निर्वाचित

मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)। पैक्स चुनाव को लेकर चल रहे हैं नामांकन के आखिरी दिन पुनपुन प्रखंड में पुनपुन नगर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। दरअसल प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड नगर पंचायत पुनपुन में पैक्स चुनाव के नॉमिनेशन में लगातार तीन बार से पैक्स अध्यक्ष रहे इस बार राजेंद्र प्रसाद निर्विरोध हो गये है। इसके अलावा ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों में पाँच महिलायें और पुरुष छह सदस्यों का भी निर्विरोध चयन हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी मान्नेद्र कुमार सिंह ने बताया कि नॉमिनेशन के आखिरी दिन सिर्फ राजेंद्र प्रसाद और उनकी 11 कार्यकारिणी ने ही सिर्फ नामांकन कराया है ऐसे में निर्विरोध निर्वाचित कर लिये गए हैं। बहरहाल ब्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश कुमार, बराह पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार, पारथू पैक्स रणजीत कुमार , लखनपार पैक्स अध्यक्ष उदय कुमार ,विनय कुमार, सतीश कुमार ,सतगुरु प्रसाद गुप्ता सहित प्रखंड के सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

लोहिया जनता दल के विस्तार में कई लोग हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। सोमवार को लोहिया जनता दल ने पार्टी का विस्तार करते हुए पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर चंद्रवंशी वार्ड पार्षद को बनाया गया है। इसके साथ ही रतन चंद्रवशी को बाढ़ अनुमंडल का अध्यक्ष एवं सोनू कुमार को बाढ़ अनुमंडल महासचिव पद पर मनोनयन किया साथ ही रंजीत राम को प्रदेश सचिव बनाया गया है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारीयो को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रणवीर कुमार यादव तथा पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने सदस्य रशीद देकर पार्टी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपा धन्यवाद राजू प्रसाद चंद्रवंशी राष्ट्रीय प्रधान महासचिव ने किया। इस मौके पर मिंटू सिंह, गोरेलाल यादव, सुजीत कुमार एड संजय कुमार, पप्पू यादव, सुधीर सिंह आदि लोगो ने बधाई देते हुए ताली बजा कर पार्टी में स्वागत किया।

अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार मेहता की पटना में हुए दिनदहाड़े हत्या के विरोध में सोमवार को मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय के सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से अपने आप को अलग रखा। इसके साथ ही शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में शोक सभा आहूत की

गई। अधिवक्ताओं के साथ हो रही घटित घटनाओं से अधिवक्ताओं के बिच में काफी आक्रोश है। संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आश्रित के परिवार को 50 लाख रुपया नगद और एक परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही अविलंब बिहार में अधिवक्ता प्रोटेक्शन अधिनियम को लागू करने की मांग सरकार से की। अपराधियों को 72 घंटे के अंदर में गिरफ्तार करते हुए पूरे मामले का स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को फांसी दिलवाने की मांग की गई। सोमवार को दिन भर न्यायालय में सन्नाटा पसरा रहा और दुर दराज से आए हुए मुवक्किलों को निराश होकर लौटना पड़ा। आयोजित शोक सभा में शामिल अधिवक्ताओं में सचिव राकेश कुमार, लल्लू प्रसाद यादव, कुंवर सिंह, प्रमोद पासवान, हसन इमाम, सतीश रंजन, कुमुद रंजन राय, भूषण शर्मा, गौतम कुमार, अजीत कुमार, पुण्यदेव पंडित, मंटू यादव, रामानंद बाबू, सच्चितानंद सिंह, शिवकुमार, लोकेश आनंद अरुण केशरी, अरुण कुमार यादव, गौरव शर्मा मुख्य रुप से शामिल थे।

बूथ कमिटी की मजबूती पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सह नोखा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया सोमवार को दाउदनगर पहुंचे और बूथों कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा की और रिक्त बूथों पर जल्द से जल्द बूथ कमिटी बनाने का सुझाव दिया। साथ में उन्होंने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, डॉ दिनेश वर्मा, मुन्ना तिवारी, नीरज पाण्डेय मौजूद थे ।अश्विनी तिवारी ने पूर्व विधायक चौरसिया से कहा कि मैं ओबरा विधानसभा के बूथ शसक्तीकरण के प्रभारी के तौर पर छह मंडल में लगभग लगभग 80 प्रतिशत बूथ कमिटी बनाई जा चुकी हैं। शेष बूथों पर दो से तीन दिन के अंदर इसे पूरा कर लिया जाएगा।

पानी के लिए भटकते रहे रेल यात्री

बाढ़ (नबिटा संवाददाता)। मोटर खराब हो जाने के चलते सोमवारी जैसे पावन मौके पर भी रेल यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकते देखा गया। प्लेटफार्म संख्या एक से लेकर चार तक किसी भी पॉइंट पर पानी की व्यवस्था नहीं रहने के चलते वेंडर दुगने दामों में यात्रियों को पानी का बोतल बेचते देखा गया अभी कुछ दिन पहले मोटर खराब हुई थी जिसे रिपेयर किया गया था लेकिन बार-बार मोटर जल जाने से प्लेटफार्म पर आने जाने वाले यात्रियों को पानी के लिए काफी परेशानी होती है साथ ही प्लेटफार्म संख्या एक के बाहर सरकार द्वारा संचालित सुलभ शौचालय में भी पानी नहीं होने के चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बाबत स्टेशन प्रबंधक में यथाशीघ्र को ठीक करवाने के लिए मोकामा के आई ओ डब्लू पदाधिकारी से बात की लेकिन अभी तक कोई निदान नहीं निकला है।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की एसडीएम ने ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी विधानसभा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का एसडीएम अभिषेक कुमार ने सोमवार को वोटरों के घर जाकर जायजा लिया। एसडीएम अभिषेक कुमार ने सीधे वोटरों से गणना-प्रपत्र वितरण व प्राप्ति के संबंध में पूछताछ की। इस क्रम में एसडीएम पहले खरौना गांव पहूचे जहां मतदाताओं ने बताया कि यहाँ गणना प्रपत्र कर्मियों द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। कुछ फार्म भरकर वापस भी कर दिया गया है।खरौना निवासी शंभू प्रसाद ने बताया कि उन्हें भी गणना प्रपत्र मिल गया है और उसे भरकर पुनः वापस भी कर दिया गया है। उसके बाद बारा गांव मे वहाँ वोटरों से गणना-प्रपत्र के संबंध में जानकारी ली। सभी ने बताया कि उन्हें फार्म मिल गया है तथा उसे भरकर वापस भी कर रहे हैं।जायजा के क्रम में एसडीएम ने गणना प्रपत्र से संबंधित संदेह को स्पष्ट करते हुए कहा कि बीएलओ के द्वारा वितरित किए गए गणना-प्रपत्र जिस पर मतदाता का नाम या बार-कोड अंकित नहीं है, वो भी वैध प्रपत्र है। उसे भी भरकर देने पर उसे सत्यापन की प्रक्रिया में मान्य माना जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों तरह के फार्म वैध है, जिस पर बार कोड अंकित है और जिस पर बार कोड अंकित नहीं है। जिन मतदाताओं का नाम निर्वाचक सूची में दर्ज नहीं है, या त्रुटि पूर्ण है, उसे जोड़ने अथवा त्रुटि निराकरण की प्रक्रिया 1 अगस्त, 2025 से प्रारंभ की जाएगी जो 30 सितम्बर, 2025 तक चलेगी।

शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों मे सुबह से ही जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है। ऐसे में धनरूआ स्थित बुढ़वा महादेव स्थान में छह फीट का शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण बना है। वहीं शहर से लेकर गांव तक के मंदिरों में लोग जलाभिषेक कर रहे हैं। धनरूआ के बुढ़वा महादेव स्थान, मसौढ़ी के रामनाथेश्वर शिवमंदिर से लेकर श्रीरामजानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर समेत सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। लोग लाइन में लग कर बारी बारी से जलाभिषेक किये। वैसे तो पूरे सावन मास में भोले बाबा की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है, पर सावन की पहली सोमवारी भक्तों के लिए खास होती है। भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु छह फीट के बाबा भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए व्याकुल हो उठते हैं। शहर से लेकर गांव तक ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। भोलेनाथ के सभी मंदिरों में हर-हर महादेव व

बम बम भोले के नारे गूंज रहे हैं। बहरहाल धनरूआ बुढवा महादेव स्थान से जुड़ी मान्यता है कि संतान सुख की कामना और शादी विवाह में जिसे बाधा हो रही होती है। उनकी यहां पूजा करने से मनोकामना पूरी होती है और उनकी सारी बाधा दूर हो जाती है. यहां मुराद पूरी करने के लिए एक गाय के बच्चे का कान काटकर छोड़ने की पुरानी प्रथा भी है. इस मंदिर के बारे में लोगों का कहना है कि यह हजारों साल पुराना मंदिर है. इसका इतिहास काफी पुराना है. कहा जाता है कि खुदाई के दौरान यह 5 फीट का शिवलिंग प्राप्त हुआ था. इसमें माता गौरी और भगवान शिव की आकृति है।

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं०–20 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं०–12–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : डीडीयू डिवीजन में सासाराम के 04 यूनिट टाइप–II क्वार्टरों का प्रतिस्थापन। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 7230623.80, **धरोहर राशि :** ₹ 144600.00,

2. निविदा सं०–13–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : गया जंक्शन – कोचिंग डिपो गया के पिट नंबर 2 पर वंदे भारत और अमृत भारत के रखरखाव के लिए बुनियादि ढ़ांचे की सुविधा का निर्माण। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 11380486.92, **धरोहर राशि :** ₹ 206900.00,

ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 31.07.2025 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/577/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/40

मीरचक विद्यालय में शिक्षा समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी के प्राथमिक विद्यालय मीरचक में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन किया गया जहां जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के आदेशानुसार के आलोक मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मसौढ़ी के निर्देशन मे प्राथमिक विद्यालय मिरचक मे शिक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता निरमा देवी ने किया। संकुल व्यवस्थापक उमाशंकर सिह की उपस्थित में छात्रों के अभिभावकों ने आपसी सहमति से सदस्य का चुनाव

किया एवं सभी सदस्यों ने विभा देवी को सचिव चयनित किया। चयन के बाद प्रधानाध्यापक दिपक कुमार ने विद्यालय के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कार्यों के सुचारु संचालन का सुझाव दिया। शिक्षा समिति के सदस्य में पिंकी देवी, विभा देवी, सरस्वती देवी, प्रियंका देवी, सविता देवी एवं प्रियंका देवी जिविका सदस्य के रूप में चयन किया गया। सभी सदस्यों ने आपसी सहमति से विभा देवी को सचिव चयनित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीपक कुमार, सहायक शिक्षका राखी कुमारी, कुमारी प्रतिमा वर्मा, राजकुमार दास, श्यामसुंदर दास एवं अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। वर्ष का सावन महीने में पहली सोमवारी को लेकर बाढ़ के उत्तर वाहिनी गंगा तट अवस्थित उमानाथ गंगा घाट पर सबसे ज्यादा भीड़ भार देखी गई। हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु ने अहले सुबह से ही गंगा स्नान के लिए उमानाथ पहुंचने लगे। भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के

लिए बाढ़ पुलिस ने महिला पुलिस को भी तैनात कर रखा था। वही जगह-जगह सीसीटीवी से निगरानी भी हुई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद बाबा भोले शंकर और पार्वती मां के मंदिर में लाइन में घंटो खड़ा होकर होकर पूजा पाठ किया। पुलिस प्रशासन के द्वारा गंगा घाट पर लोगों को डूबने से बचने के लिए मोटर बोट नौका का भी इंतजाम किया था। वहीं पुलिस लगातार बेरीकेटिंग पर कर गंगा स्नान नहीं करने की नसीहत देते गंगा घाट पर मजिस्ट्रेट के भी तैनाती की गई थी। वहीं बाढ़ के वाराणसी घाट, गौरी शंकर गंगा घाट, अजगैबी नाथ घाट, पोस्ट ऑफिस घाट अलखनाथ गंगा घाट एवं कचहरी के सीढ़ी घाट शनि धाम मंदिर के पास भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/ औरंगाबाद/2025–26

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–798 अनु0 दिनांक–30.04.2025 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/औरंगाबाद/2025–26 जिसका पी0आर0नं0–002552 (BCD) 2025–26 एवं इस कार्यालय के पत्रांक–985 दिनांक–05.06.2025 द्वारा निर्गत शुद्धि पत्र जिसका पी0आर0नं0–005824(BCD) 2025–26 है का अपरिहार्य कारणवश अवधि विस्तार किया जाता है।

कार्य का नाम– औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड–मदनपुर, औरंगाबाद, नबीनगर, हसपुरा, गोह, ओबरा, दाउदनगर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन फर्निचर कार्य सहित)

	विवरण	पूर्व में निर्धारित तिथि	नवसंशोधित तिथि
1	परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय	24.06.2025 से 30.07.2025 तक 3:00 बजे अपराह्न तक	18.07.2025 से 11.08.2025 तक 3:00 बजे अपराह्न तक
2	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर	केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
3	निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय	24.06.2025 से 30.07.2025 तक 3:00 बजे अपराह्न तक	18.07.2025 से 11.08.2025 तक 3:00 बजे अपराह्न तक
4	प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	(i) दिनांक–23.06.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय (ii) दिनांक–21.06.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय	(i) दिनांक–16.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय (ii) दिनांक–15.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय
5	निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड)	दिनांक 31.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक	दिनांक 12.08.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड)	तकनीकी बीड के उपरांत	तकनीकी बीड के उपरांत
7	निविदा प्राप्ति का स्थान	1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। 3. मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का कार्यालय	1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। 3. मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का कार्यालय

नोटः–अभियंता प्रमुख–सह–अपर–आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग बिहार पटना का ज्ञापांक–4533 दिनांक–22.05.2025 के निर्देश के आलोक निविदा के कंडिका 18 में आंशिक संशोधन करते हुए Bank Guarantee मूल में जमा करने की अनिवार्यता समाप्त की जाती है तथा निविदाकार द्वारा E-BG के रूप में EMD जमा किया जा सकता है।
शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।
उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No. 008409 (BCD) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीता

न्यू जर्सी (एजेंसी)। चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने 13 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराया। इससे पहले चेल्सी ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में खेला गया। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2000 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती थी। फाइनल मुकाबले के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी स्टेडियम में मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में तीसरा गोल दागा।चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया गया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल और दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला। फीफा क्लब वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसे फीफा आयोजित करता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य यह तय करना होता है कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम कौन सी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई थी।

किंग्स्टन टेस्ट- दूसरे दिन 15 विकेट गिरे

किंग्स्टन (एजेंसी)।वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। रविवार को दूसरे दिन वेस्टइंडीज की टीम 143 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 99 रन पर ही 6 विकेट गंवा दिए हैं दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने 16/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जॉन कैंप्बेल ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। शाई होप 23, रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने 18-18 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 3 विकेट झटके। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। जबकि ब्यू वेबस्टर और मिचेल स्टार्क को 1-1 विकेट मिला।दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 29 ओवर में 99 रन के ही स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। कैमरन ग्रीन 42 और पैट कमिंस 5 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सैम कोंस्टस और एलेक्स कैरी खाता भी नहीं खोल सके। ट्रैविस हेड ने 16, उस्मान ख्वाजा ने 14, ब्यू वेबस्टर ने 13, और स्टीव स्मिथ ने 5 रन बनाए। वेस्टइंडीज से अल्जारी जोसेफ ने 3 और शमार जोसेफ ने 2 विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स को 1 विकेट मिला।

भारत की मिश्रित टीम निशानेबाजी विश्व कप के पदक दौर में जगह बनाने से चूकी

लोनाटो (एजेंसी)। लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए जिसके साथ भारत का अभियान ट्रूस्स्त्र लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही। एक दिन पहले महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रही नीरू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 75 में से केवल एक ही निशाना चूका जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में लय में नहीं दिखे और छह निशाने चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी की पदक दौर में जगह बनाने की संभावनाओं को झटका लगा। ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन और स्पेन की दोनों टीम 143 अंक के समान स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं।

बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से अलग हुईं

बोलीं- बहुत सोचने के बाद हम दोनों ने फैसला लिया, 7 साल पहले लव मैरिज की थी



नई दिल्ली (एजेंसी)। साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ शादी की थी। उन्होंने एक्स पर शादी की फोटो शेयर की थी।भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है।

साइना ने लिखा, जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद। साइना ने रविवार रात करीब 11 बजे इंस्टाग्राम पर पति से अलग होने की जानकारी दी।

साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे। हालांकि 2005 से एक-दूसरे को जानते थे। अपने करियर के शुरुआती दिनों में दोनों हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी में एक साथ ट्रेनिंग करते थे।

एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान ही दोनों मिले थे। दोनों इस खेल में काफी आगे बढ़े। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में दोनों ने शादी की थी। हालांकि शादी तक दोनों की रिलेशनशिप के बारे में लोगों को भनक भी नहीं थी।

साइना ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

हरियाणा की रहने वाली साइना नेहवाल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलिंपिक-2012 में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वे 2015 में विमेंस सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर?-1 प्लेयर रह चुकी हैं।

साइना बैडमिंटन में वर्ल्ड नंबर-1 रैंक हासिल करने वाली एकमात्र महिला भारतीय खिलाड़ी हैं। वे 3 ओलिंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साइना ने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था।

साइना ने 2008 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतकर सुर्खियां बटोरी थीं। उसी साल उन्होंने पहली बार ओलिंपिक में हिस्सा लिया। वह ओलिंपिक क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

उन्होंने हॉन्गकॉन्ग की तत्कालीन वर्ल्ड नंबर-5 खिलाड़ी वांग चेन को हराया था, लेकिन इंडोनेशिया की मारिया क्रिस्टिन युलियांती से हार गईं। 2009 में, साइना बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। साइना को 2009 में अर्जुन अवॉर्ड और 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कश्यप 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीते

पारुपल्ली कश्यप तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। यह 32 सालों में किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला मेडल था।

कश्यप पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन प्रकाश पादुकोण और पुलेला गोपीचंद, दोनों के स्टूडेंट रहे हैं। वह 2012 में ओलिंपिक के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं।

2013 में कश्यप वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 थे। यह उनके करियर की सबसे ऊंची रैंक थी। हालांकि लगातार चोटों के कारण लंबे समय तक इस पोजिशन पर नहीं टिक सके।

सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा

एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, डकेट को आउट करने के बाद आक्रामक जश्न मनाया

लॉर्ड्स (एजेंसी)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा है। मैच फीस के अलावा उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

सिराज लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन बेन डकेट को आउट करने के बाद एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए थे। यह आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के बराबर है।

डकेट के विकेट पर सिराज का एग्रेसिव सेलिब्रेशन

रविवार को छठे ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में अपना पहला विकेट गंवाया। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। बेन डकेट पुल करने गए, लेकिन बॉल ज्यादा नहीं उछली और वे मिड ऑन पर जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच हो गए।

डकेट का विकेट मिलते ही सिराज एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए। वे दौड़ते हुए डकेट के पास गए और उनसे अपना कंधा टकरा दिया। जिसके बाद फील्ड अंपायर सिराज को समझाने पहुंच गए। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

सिराज ने अपराध स्वीकार किया

सिराज ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता समाप्त हो गई। यह आरोप मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर अहसान रजा और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड द्वारा लगाया गया था।

24 महीने में सिराज को दूसरा डिमेरिट पॉइंट

24 महीनों की अवधि में सिराज का यह दूसरा डिमेरिट पॉइंट था, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई। उनका पिछला डिमेरिट पॉइंट 7 दिसंबर, 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट के दौरान आया था। 24 महीने की अवधि में चार या उससे ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करने वाले खिलाड़ियों पर बैन लगाया जा सकता है।

क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम

आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पॉइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है। लेवल-3 के उल्लंघन करने पर 6 टेस्ट और 12 वनडे का सस्पेंशन मिलता है।

सिराज पर 1 डिमेरिट पॉइंट का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, अगर कोई खिलाड़ी 24 महीने में चार या ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करता है, तो वे सस्पेंशन पॉइंट में बदल जाते हैं, जिसके बाद खिलाड़ी पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 मैचों का बैन लग सकता है। डिमेरिट पॉइंट 24 महीने तक रिकॉर्ड में रहते हैं, इसके बाद वे हटा दिए जाते हैं।

लॉर्ड्स टेस्ट में जोफा आर्चर के सामने भारत पस्त

टीम के 7 बैटर्स पवेलियन लौटे, सुंदर शून्य पर आउट

लॉर्ड्स (एजेंसी)। भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड से हार की कगार पर है। 193 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 95 रन पर 7 विकेट गंवा दिए हैं। रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्?डी क्रीज पर हैं। यहां से भारतीय टीम को 98 रन की जरूरत है। वॉशिंगटन सुंदर शून्य, केएल राहुल 39 और ऋषभ पंत 9 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके हैं।

सोमवार को लॉर्ड्स स्टेडियम में चल रहे मुकाबले का आखिरी दिन है और पहले सेशन का खेल जारी है। आज भारत ने 58/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 192 रन बनाते हुए भारत को 193 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में दोनों टीमों ने एक सामान 387-387 का स्कोर बनाया था। यहां किसी को बढ़त नहीं मिली थी।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्?डी, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

अंडर-19 टेस्ट: रॉकी फ्लिंटॉफ शतक से चूके

लंदन (एजेंसी)। बेकेनहैम में खेले जा रहे अंडर-19 टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज रॉकी फ्लिंटॉफ सिर्फ 7 रन से शतक से चूक गए। उन्हें स्टंप्स से 5 मिनट पहले दीपेश देवेंद्रन ने 93 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। रॉकी फ्लिंटॉफ के साथ कप्तान हमज़ा शेख ने भी 84 रन की अहम पारी खेली।

दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 230 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, और अभी भी वह भारत के 540 रन के स्कोर से 310 रन पीछे है। भारत की तरफ से हेनिल पटेल ने 2 विकेट लिए।

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हेनिल पटेल ने आर्ची वॉन को एलबीडब्ल्यू किया। जेडन डेनली को जीवनदान मिला लेकिन हेनिल ने शानदार गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद रॉकी फ्लिंटॉफ और कप्तान हमजा शेख ने मिलकर 154 रन की साझेदारी की।

शेख ने अनमोलजीत सिंह को लॉन्ग ऑफ पर छक्का भी मारा, लेकिन 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उन्हें मिड-ऑफ पर कैच करा दिया। बेन मेयस 11 रन बनाकर विल्हान मल्होत्रा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए।

डब्ल्यूटीसी फाइनल का शानदार प्रदर्शन आया काम

दुबई (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जून 2025 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। 30 वर्षीय इस खिलाड़ी ने फाइनल में 136 रन बनाकर और दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के 27 साल के सीनियर आईसीसी खिताब के इंतजार को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

इस मौके पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका के इस सलामी बल्लेबाज ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे यादगार प्रदर्शनों में से एक - एक शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। मार्करम ने पुरस्कार जीतने पर कहा, यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

मुंबई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराया, रुशिल उगारकर ने आखिरी ओवर में 12 रन डिफेंड किए

डलास (एजेंसी)। सीजन की शुरुआत में अपने पहले 7 में से 6 मैच हारने वाली मुंबई न्यूयॉर्क ने कमाल की वापसी करते हुए 2025 मेजर लीग क्रिकेट का खिताब जीत लिया।

ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम डलास में खेले गए फाइनल में मुंबई न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। रुशिल उगारकर को उनके 2 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वॉशिंगटन को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे। क्रीज पर ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी बल्लेबाज थे। लेकिन मिनी के 22 वर्षीय गेंदबाज रुशिल उगारकर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी पहली और दूसरी बॉल पर सिर्फ एक-एक रन दिए। तीसरी बॉल पर रुशिल ने मैक्सवेल को बीट कर दिया।

चौथी बॉल पर मैक्सवेल लॉन्ग ऑन पर ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट हुए। पांचवीं बॉल पर नए बल्लेबाज ओबस पीनार चूक गए। इसके बाद आखिरी बॉल पर 10 रन चाहिए थे। इस बॉल पर पीनार ने चौका लगा दिया। इस तरह मिनी ने मुकाबला 5 रन से जीत लिया।

रन चेज में वॉशिंगटन की शुरुआत खराब

वॉशिंगटन फ्रीडम ने 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहद खराब शुरुआत की। पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रिस गाउस को आउट कर दिया।

शुभमन गिल इंग्लैंड की धरती पर नंबर 1 बल्लेबाज बने

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के नए टेस्ट कप्तान और विराट कोहली के टेस्ट में संन्यास के बाद नंबर चार बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड की धरती पर इतिहास रच दिया है। गिल ने एक साथ सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के रिकॉर्ड्स तौड़ दिए। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में भले ही गिल ने 16 और 6 रन की पारियां खेली लेकिन इन 22 रन की बदौलत गिल ने इस सीरीज में 607 रन पूरे किए जिससे उन्होंने एक और ऐतिहासिक कारनामा अपने नाम किया। अब गिल 607 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजो में नंबर एक बल्लेबाज बन गए है।

पहले यह रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम था जिन्होने 2002 में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 602 रन बनाए थे। लेकिन अब गिल के नाम इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली है जिन्होने 2018 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 593 रन बनाए थे। चोथे नंबर पर सुनील गावस्कर है जिन्होने 1979 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए।

द्रविड़-कोहली-गावस्कर सब पिछड़े



इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

1. शुभमन गिल (2025) - 607 रन
2. राहुल द्रविड़ (2002) - 602 रन
3. विराट कोहली (2018) - 593 रन
4. सुनील गावस्कर (1979) - 542 रन
5. राहुल द्रविड़ (2011) - 461 रन
6. सचिन तेंदुलकर (1996) - 428 रन

गौर है कि इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने अब तक तीन शतक लगाए है जिसमें एक डबल सेंचुरी भी शामिल है। एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर मौजूद राहुल द्रविड़ ने 2002 में तीन शतक, विराट कोहली ने 2018 में दो शतक, सुनील गावस्कर ने 1979 में एक डबल सेंचुरी और चार अर्धशतक लगाए है।

20 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा 16 जुलाई से

सिपाही लिखित में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की होगी मैन्युअल जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित होने वाली बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक समाहरणालय के योजना भवन के सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आहूत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा के प्रत्येक चरण–प्रश्नपत्र की प्राप्ति, सुरक्षा, खोलने की प्रक्रिया, उत्तर पुस्तिका संकलन, अभ्यर्थी प्रवेश, अनुशासन, सीसीटीवी निगरानी तथा वीडियोग्राफी को निर्धारित मानकों के अनुसार विधिपूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, गोपनीयता एवं विश्वसनीयता से किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा और यदि कहीं भी लापरवाही या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 16, 20, 23, 27 एवं 30 जुलाई एवं 03 अगस्त को एक पाली में दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश का समय पूर्वाह्न 09:30 बजे से 10:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। औरंगाबाद जिले के 20 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, महिला व पुरुष बल एवं पर्यवेक्षक अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व सक्रिय कर दिया जाएगा, जो परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। परीक्षा की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को वैध प्रवेश पत्र के साथ एक फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस या अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं परीक्षा केंद्र में ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी की तलाशी जी जाएगी, जिसकी निगरानी स्टैटिक दंडाधिकारी द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों को अनुशासित, शांतिपूर्ण एवं तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा देने हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, छाया, प्राथमिक उपचार आदि सुनिश्चित किए गए हैं। साथ ही सभी केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है कि बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं कड़ाई से निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल के अलावा सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

औरंगाबाद में औद्योगिक विकास के लिए 500 एकड़ जमीन चिन्हित

जमीन अधिग्रहण के लिए जल्द शुरू होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में औद्योगिक विकास के लिए 500 एकड़ जमीन को चिन्हित कर लिया गया है और इसके अधिग्रहण की कार्रवाई भी जल्द ही शुरू होगी। इसकी जानकारी जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा इंडस्ट्री के लिए कई बड़े-बड़े कार्य किए जा रहे हैं। उसी के तहत औरंगाबाद में भी 500 एकड़ जमीन को औद्योगिक विकास के लिए भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत चिन्हित किया गया है और इस चिन्हित जमीन के अधिग्रहण की कार्रवाई भी जल्द ही शुरू होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 500 एकड़ जमीन में से 450 एकड़ जमीन औद्योगिक विकास के लिए होगी जबकि 50 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल टाउन के लिए रहेगी। इसके अलावा और भी कई प्रस्ताव आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो के माध्यम से अपना इन्वेस्टमेंट करने या उद्योग लगाने के लिए निवेशकों को सुलभ रास्ता हर तरह की सुविधाओं के साथ मिलेगी। गौरतलब हो कि सरकार युवाओं को रोजगार देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी प्रयास के तहत जगह-जगह उद्योग लगाए जा रहे हैं ताकि बिहार के लोग पलायन न करें और यहीं पर अपना रोजगार कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके। प्रेस वार्ता में प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शी भी मौजूद रहीं।

किसी भी सही मतदाता का नाम न कटेगा न हटेगा : श्रीकांत शास्त्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किसी भी मतदाता का नाम न कटेगा और ना ही हटेगा। जो भी वास्तविक मतदाता होंगे वह आगे भी बने रहेंगे और चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह बातें जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि कई लोगों के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में गलत तरह की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, ऐसे में उस पर विश्वास नहीं करना है। मतदाता अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करें और अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दें। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम बहुत ही सटीक तरीके से किया जा रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो रही है। इस कार्य में जितने भी अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए हैं, वह दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि समय पर कार्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि यह हमलोगों के लिए एक चुनौती पूर्ण कार्य है क्योंकि समय बहुत कम है और बहुत सारे बाहरी मतदाताओं का नाम हटाना है जो गलत तरीके से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा चुके हैं। यह कार्य देश और राष्ट्रहित में है और इसमें सभी को सहयोग भी करना चाहिए। वहीं नगर परिषद सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा की गई। बैठक में नगर परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे। एसडीओ द्वारा उपस्थित सभी पार्षदों से अनुरोध किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके वार्ड क्षेत्र का कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं तथा इस अभियान की प्रगति निरंतर बनी रहे। इसके लिए संबंधित बीएलओ को सहयोग देने एवं क्षेत्रीय नागरिकों को प्रेरित करने का निर्देश भी दिया गया।

नहर में डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौगढ़ गांव के पास नहर में डूबने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के लपुरा गांव निवासी महेंद्र ठाकुर के पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है। घटना रविवार दोपहर की है, लेकिन सोमवार की सुबह घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर लपुरा गांव स्थित नहर से उसका शव बरामद किया गया है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रविवार की दोपहर संजय अपने घर से स्नान के लिए नौगढ़ गांव स्थित बड़की नहर फॉल के समीप गया हुआ था। वह तैरना नहीं जानता था और गहरे पानी में जाने से डूब गया और पानी की तेज बहाव में लापता हो गया। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को भी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन शुरू की। पूरी रात खोजबीन करने के बाद भी शव नहीं मिला। सोमवार की सुबह संजय का शव उसके गांव के ही समीप नहर में उपलते हुए दिखाई दिया। ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में बड़ा था, उसके पिता मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि नहर में डूबने से एक युवक की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

धावादलों ने आठ बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। समाहरणालय स्थित सभागार में श्रम विभाग, जिला नियोजनालय एवं डीआरसीसी की संयुक्त समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, श्रमिक कल्याण, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार सृजन एवं बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में की जा रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा करना था। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में बाल श्रम के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया है। इसके तहत कुल 7 धावादलों का गठन कर 34 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 8 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। दोषी नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर तीन नियोजकों द्वारा 5 बाल श्रमिकों के पुनर्वास हेतु प्रति श्रमिक 20 हजार रूपये की दर से एक लाख रूपये की राशि जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कोष में जमा कराई गई है। जिलाधिकारी ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए जिले को बाल श्रम से पूर्णतः मुक्त करने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने तथा जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की भी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम केवल एक अपराध नहीं बल्कि समाज की चेतना पर कलंक है और इससे मुक्ति के लिए सतत एवं संवेदनशील प्रयास किए जाने चाहिए। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को जिले में संचालित निर्माण कार्यों पर विशेष निगरानी रखते हुए निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों का व्यापक स्तर पर निबंधन कराने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों को निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की सभी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, आवास, मातृत्व सहायता, पेंशन एवं स्वास्थ्य बीमा इत्यादि का समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उन प्रशिक्षण केंद्रों पर नाराजगी जताई जहां प्रशिक्षणार्थियों की उत्तीर्णता का प्रतिशत 70 प्रतिशत से कम पाया गया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से ही युवाओं को सक्षम एवं रोजगारोन्मुख बनाया जा सकता है और जिन केंद्रों में लगातार खराब प्रदर्शन हो रहा है, उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीआरसीसी के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने डीआरसीसी प्रबंधक को स्वयं सहायता भत्ता से संबंधित अधिक से अधिक आवेदन सृजित करने तथा युवाओं को स्वरोजगार की योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि युवा जिले की ऊर्जा हैं, और उन्हें सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण तथा अवसर उपलब्ध कराने के लिए डीआरसीसी को हर संभव प्रयास करना चाहिए। बैठक में टास्क फोर्स से जुड़े पदाधिकारियों के साथ-साथ श्रम विभाग, नियोजनालय और डीआरसीसी से संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वर्षा कम होने से औरंगाबाद में धान की रोपनी प्रभावित

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में इस वर्ष वर्षा कम होने के कारण धान की रोपनी प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि जिले में अब तक 8% ही रोपनी हो सकी है जबकि 20% तक रोपनी हो जानी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि जून माह में सामान्य वर्षापात 136.1 मिलीमीटर के विरुद्ध 189.07 हुई थी जबकि जुलाई माह में सामान्य वर्षापात 323.4 के विरुद्ध 14 जुलाई तक मात्र 56.02 मिलीमीटर ही हुआ है जो सामान्य वर्षापात से 61.52% कम है। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 अगस्त तक विभाग द्वारा धान की रोपनी पर नजर रखी जाती है। ऐसे में जिले के सोन कैनाल नहर से किसानों के खेत तक पानी अच्छी तरह से पहुंचे, इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। हालांकि उत्तर कोयल नहर का कार्य पूरा नहीं होने के कारण इससे पानी अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिल पा रही है। इसके लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है ताकि धान की रोशनी का प्रतिशत अधिक से अधिक जिले में हो। श्री शास्त्री ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में सभी प्रकार के उर्वरक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यदि किसी किसान को उर्वरक लेने में कोई परेशानी हो रही है तो वह अपने प्रखंड कृषि पदाधिकारी या जिला स्तर पर उर्वरक कंट्रोल रूम के फोन नंबर 06186-469430 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि वह उर्वरक की कमी की स्थिति के संबंध में किसी प्रकार की अफवाह को नजरअंदाज करेंगे। सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं पंचायत स्तर पर कृषि समन्वयक को अपने निगरानी में उर्वरक वितरण करने का निदेश दिया गया है। प्रेस वार्ता में प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शी भी मौजूद रहीं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com